हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 12

www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 25 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 121, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

टी20 विश्वकप में सैमसन को शायद ही अवसर..

# निर्माणाधीन गोदाम ढहा

## 3 की मौत, 60 अब भी दबे, 14 का रेस्क्यू; सेना भी बचाव में जुटी

### सीएम शुभेंदु अधिकारी ने जताया दुख

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार को एक निर्माणाधीन गोदाम की छत ढह गई है। इस हादसे के दौरान गोदाम में कई मजदूर काम कर रहे थे। ऐसे में अभी वहां मलबे के नीचे 60 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हादसे में अभी तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों और राहत एवं बचाव के लिए पहुंची टीम ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार करीब 11 लोगों को मलबे से निकाला लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मौके पर भारतीय सेना भी पहुंच चुकी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह घटना करीब दोपहर 12 बजे के करीब हुई थी। इस दौरान पास में ही पूजा भी चल रही थी। तभी जोरदार आवाज के साथ यह गोदाम ढह गया। लोगों ने बताया कि इस



निर्माणाधीन गोदाम में घटना के वक्त कंक्रीट ढलाई का काम चल रहा था। इसी वजह से जब हादसा हुआ, तो वहां पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इन्हीं लोगों के ऊपर गोदाम की छत का भारी भरकम लोहा गिर पड़ा। इसे हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई है और बाकी हिस्सों को गैस कटर के जरिए काटकर अलग किया जा रहा है। मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत कई बचाव दल मौजूद हैं। कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे की जानकारी सामने आते ही टीम वहां पहुंच गई थी। अभी तक मलबे के अंदर से करीब 11 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा, ''तारातला इलाके में ब्रेस पुल के निकट ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर सुबह में इस गोदाम की छत गिर गई। हमारे अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इस घटना के समय कुछ लोग वहां काम कर रहे थे। हमें आशंका है कि मलबे के नीचे कई लोग दबे हो सकते हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता पुलिस, आपदा प्रबंधन समूह, नागरिक सुरक्षा और फायर एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स की टीम घटनास्थल पर बचाव कार्य में जुटी हुई है। सेना के अधिकारी भी बचाव कार्य में मदद करते दिखे, जबकि गिर चुके लोहे के बीम को हटाने के लिए क्रेन और मशीनों को लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल तेजी के साथ राहत और बचाव का काम किया जा रहा है।

### मलबे में फंसे मजदूर बोला- मेरा पैर काट लो लेकिन मुझे बचा लो

हादसे के बाद बचाव कार्य के दौरान एक युवक अंकित सिंह ने मलबे में फंसे एक मजदूर को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। उसने घायल मजदूर का पैर पकड़कर बचाव दल को उसकी सही जगह तक पहुंचाने में मदद की, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया। मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- 'मैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अग्निमित्रा पॉल और कौशिक चौधरी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। राज्य सरकार ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070, 8697981070 और 033-22143526/22535185 जारी किए हैं।

### एलन मस्क को एक दिन में 11 लाख करोड़ का झटका



**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे धनी शख्स एलन मस्क अब खरबपति (ट्रिलियनेयर) नहीं रहे हैं। अमेरिकी शेयर बाजार में आई भारी गिरावट ने मस्क की संपत्ति को एक ही दिन में 118 अरब डॉलर, यानी लगभग 11 लाख करोड़ रुपये कम कर दिया है। इस गिरावट के साथ उनकी कुल नेटवर्थ 957 अरब डॉलर पर आ गई है, जो उन्हें खरबपति की श्रेणी से बाहर कर देती है। हालांकि, इतनी बड़ी राशि गंवाने के बाद भी एलन मस्क अभी भी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। उनकी संपत्ति दूसरे नंबर के रईस लैरी पेज से अभी भी 660 अरब डॉलर अधिक है। यह फासला इतना बड़ा है कि इसमें जेफ बेजोस जैसे दो और अमीर समा सकते हैं, जो मस्क की बची हुई संपत्ति के विशालकाय आकार को दर्शाता है।

एलन मस्क की इस संपत्ति में गिरावट का मुख्य कारण उनकी सबसे कीमती कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में लगातार हो रही बिकवाली है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में स्पेसएक्स के शेयर लगभग 23 फीसदी तक गिर चुके हैं, जिससे कंपनी के मार्केट कैप में करीब 600 अरब डॉलर की भारी कमी आई है। स्पेसएक्स के शेयरों में इसी जबरदस्त गिरावट ने एलन मस्क से खरबपति का प्रतिष्ठित ताज छीन लिया है।

# रिश्ते तभी चलेंगे जब दोनों देश एक दूसरे को इज्जत देंगे

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

### एनएसए अजीत डोभाल का चीन को सीधा संदेश



दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की हाई-प्रोफाइल बैठक में जब दुनिया के कई बड़े देश एकजुट हुए, तो सबकी निगाहें भारत और चीन पर टिकी थीं। इसी महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन के विदेश मंत्री वांग यी दिल्ली पहुंचे थे। बातचीत की मेज पर बैठते ही भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ड्रैगन की आंखों में आंखें डालकर बिल्कुल दो टूक शब्दों में यह स्पष्ट कर दिया कि ताली हमेशा दोनों हाथों से बजती है। डोभाल ने यह साफ कर दिया कि भारत और चीन के रिश्ते तभी सुधर सकते हैं जब दोनों तरफ से बराबर की इज्जत होगी, क्योंकि एकतरफा तानाशाही का दौर अब पुराना हो चुका है और भारत अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा। यह संदेश 2020 में पूर्वी लद्दाख की बर्फीली चोटियों पर हुए हिंसक सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच जमी बर्फ को पिघलाने के प्रयासों के बीच आया है। चीनी विदेश मंत्री की इस भारत यात्रा और डोभाल के साथ हुई इस गुप्त बैठक का सच खुद भारतीय विदेश मंत्रालय ने दुनिया के सामने रखा है। ब्रिक्स मीटिंग के दौरान हुई इस चर्चा पर जब मीडिया ने सवाल पूछा, तो विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बैठक की इनसाइड स्टोरी साझा की। जायसवाल के मुताबिक, अजीत डोभाल ने वांग यी के सामने जोर देकर कहा, अगर भारत और चीन के बीच रिश्ते स्थिर, भरोसेमंद और रचनात्मक रहेंगे, तभी दोनों पक्षों के बीच आपसी विश्वास बढ़ेगा और एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ पैदा होगी। डोभाल ने यह भी साफ किया कि दोनों महाशक्तियों को लगातार एक-दूसरे के मुख्य और संवेदनशील मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से कहा कि सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करने से सीमा पर शांति बहाल नहीं की जा सकती, इसके लिए जमीन पर ठोस कदम उठाने होंगे। भारत और चीन के बीच के रिश्ते साल 2020 में उस वक्त सबसे खराब दौर में पहुंच गए थे, जब पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के सैनिक शहीद हुए थे। तब से लेकर अब तक दोनों तरफ से रिश्ते पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पाए हैं और सीमा पर तनाव बना हुआ है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस बार डोभाल और वांग यी की बातचीत काफी 'रचनात्मक और भविष्य की तरफ बढ़ने वाली' रही, जिसमें दोनों पक्षों ने यह माना कि रिश्तों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की दिशा में कुछ प्रगति जरूर हुई है। हालांकि, भारत का स्टैंड हमेशा से स्पष्ट रहा है कि जब तक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूरी तरह से शांति बहाल नहीं हो जाती और चीनी सेना अपने पूर्व स्थानों पर पीछे नहीं हट जाती, तब तक बाकी मोर्चों पर रिश्ते पहले जैसे सामान्य नहीं हो सकते। भारत ने लगातार चीन पर सीमा पर यथास्थिति बदलने की कोशिशों का आरोप लगाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में डॉक्टरों की बहुत जरूरत; निजी मेडिकल कॉलेजों की बेतहाशा फीस को लेकर आई याचिका

**नई दिल्ली।** इस याचिका में राजस्थान हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देते हुए राजस्थान के



निजी मेडिकल कॉलेजों में बहुत ज्यादा फीस होने का आरोप लगाया गया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई यह नहीं कह सकता कि निजी मेडिकल कॉलेजों को सरकारी संस्थानों के बराबर ही फीस लेनी चाहिए। राजस्थान के निजी मेडिकल कॉलेजों में वसूली जा रही बेतहाशा फीस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका आई, जिस पर सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया। एक मेडिकल स्टूडेंट की तरफ से दायर इस याचिका में राजस्थान हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी गई थी, और राज्य के निजी मेडिकल कॉलेजों में बहुत ज्यादा फीस वसूलने का आरोप लगाया गया था। लेकिन इस मामले में दखल देने से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया और कहा कि 'हमें इस देश में डॉक्टर्स की सख्त जरूरत है'। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच के सामने इस मामले की सुनवाई हुई। याचिका में मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि राजस्थान के निजी मेडिकल कॉलेजों में छात्र-छात्राओं से सालाना 18.90 लाख से लेकर 25 लाख रुपए के बीच ट्यूशन फीस वसूली जा रही है, जो कि EWS यानी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए तय 8 लाख रुपए की सीमा से कहीं ज्यादा है।

### मनोहरपुर-दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जियो की सबसे तेज डाउनलोड स्पीड, बीएसएनएल का प्रदर्शन सबसे कमजोर : ट्राई




**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने राजस्थान के मनोहरपुर से दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-148) पर मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता के स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, डेटा डाउनलोड स्पीड के मामले में रिलायंस जियो सबसे आगे रही, जबकि बीएसएनएल का प्रदर्शन सबसे कमजोर पाया गया। ट्राई ने बताया कि यह ड्राइव टेस्ट 2 मई को राजस्थान लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) में मनोहरपुर से दौसा के बीच 62.2 किलोमीटर लंबे मार्ग पर किया गया। परीक्षण का उद्देश्य विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वॉयस और डेटा सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। रिपोर्ट के अनुसार, औसत डेटा डाउनलोड स्पीड रिलायंस जियो के लिए 247.01 एमबीपीएस दर्ज की गई, जबकि एयरटेल की 102.80 एमबीपीएस, वोडाफोन आइडिया (वीआई) की 35.97 एमबीपीएस और बीएसएनएल की मात्र 3.99 एमबीपीएस रही। डेटा अपलोड स्पीड में एयरटेल 20.93 एमबीपीएस के साथ सबसे आगे रही। जियो की अपलोड स्पीड 19.14 एमबीपीएस, वीआई की 17.25 एमबीपीएस और बीएसएनएल की 1.88 एमबीपीएस दर्ज की गई। कवरेज गैप के मामले में बीएसएनएल का प्रदर्शन सबसे कमजोर पाया गया।

# मॉनसून ने पकड़ी रफ्तार! 15 से अधिक राज्यों में भारी बारिश

**नई दिल्ली।** अब वो वक्त जल्द आने वाला है जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। मतलब भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से मॉनसून राहत दिलाने वाला है। वजह ये है कि राहत की बूंदें गिराने के लिए मॉनसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। और देश 15 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, मॉनसून ने महाराष्ट्र (मुंबई सहित), तेलंगाना और ओडिशा के शेष हिस्सों को पूरी तरह से कवर कर लिया है। इसके साथ ही, मॉनसून के बादल छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कई नए इलाकों में भी पहुंच चुके हैं। मौसम विभाग का स्पष्ट पूर्वानुमान है कि अगले 2-3 दिनों में मॉनसून गुजरात, महाराष्ट्र के बचे हुए हिस्सों और मध्य प्रदेश में दस्तक दे देगा।



वहीं, इसके ठीक 3-4 दिन बाद उत्तर प्रदेश और बिहार के बाकी हिस्सों में झमाझम बारिश शुरू होने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हो गई हैं। हालांकि, मौसम का मिजाज अभी डबल फेस दिखा रहा है एक तरफ जहां पश्चिमी तट, पूर्वोत्तर भारत और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में इस पूरे हफ्ते भारी से बहुत भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 4-5 दिन और दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश व विदर्भ में अगले 2-3 दिन लू का सितम अभी भी झेलना पड़ेगा।

# नशा मुक्त भारत के रोडमैप पर मंथन, अमित शाह 26 जून को एनसीओआरडी की शीर्षस्तरीय बैठक की करेंगे अध्यक्षता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार, 26 जून को यहां विज्ञान भवन में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित इस बैठक में देश को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि बैठक में अमित शाह 'मादक पदार्थ नियंत्रण पर विजन डॉक्यूमेंट (2026-2029)' तथा एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट-2025 जारी करेंगे। व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया यह विजन दस्तावेज मादक पदार्थों की मांग में कमी, आपूर्ति पर नियंत्रण तथा नशे से होने वाली हानि को कम करने के लिए अगले तीन वर्षों का साझा रोडमैप प्रस्तुत करेगा। दस्तावेज में सिंथेटिक ड्रग्स, डार्कनेट के माध्यम से होने वाली तस्करी, युवाओं को नशे से दूर रखने, उपचार एवं पुनर्वास केंद्रों के विस्तार तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार का कहना है कि यह दस्तावेज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नशा मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए मार्गदर्शक ढांचे का कार्य करेगा। गृहमंत्री इस अवसर पर ऑनलाइन ड्रग डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन का भी शुभारंभ करेंगे। इस विशेष अभियान के तहत देशभर में विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों द्वारा लगभग 2,09,500 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा, जिनकी अनुमानित कीमत 6,000 करोड़ रुपये है। इसके अलावा अमित शाह जम्मू और गुवाहाटी में नव-निर्मित एनसीबी जोनल कार्यालयों का भी उद्घाटन करेंगे। बैठक में 44 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ राज्यों की सरकारों और मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधि प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। बैठक में आगामी तीन वर्षों के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी और नशे की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### तेजस एमके 1ए की मारक क्षमता चीन के जे-10सी जेट पर भारी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सैन्य शक्ति का एक बड़ा हिस्सा चीन के हथियारों पर निर्भर करता है, जहां उसकी 85प्रतिशत रक्षा आवश्यकताएं चीनी आयात से पूरी होती हैं। हालांकि, इन चीनी हथियारों की विश्वसनीयता और युद्धक क्षमता को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं, जैसा कि बीते साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखा गया था, जब भारतीय हमलों से निपटने के लिए पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल की गई चीनी मिसाइलें और डिफेंस सिस्टम पूरी तरह नाकाम साबित हुए थे। अब, भारत के स्वदेशी चौथी पीढ़ी के फाइटर जेट तेजस एमके1ए ने चीन के जे-10सी जेट, जिस पर पाकिस्तान अपनी वायुसेना की शक्ति का बड़ा आधार मानता है, को कई महत्वपूर्ण मामलों में पछाड़ दिया है। जे-10सी, जिसे बांग्लादेश जैसे देश भी खरीदने पर विचार कर रहे हैं, की तुलना में तेजस एमके1ए की हालिया रिपोर्ट ने चीनी जेट की क्षमताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेजस एमके1ए की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका रडार क्रॉस सेक्शन (आरसीएस) है, जो दुश्मन के रडार पर किसी विमान की दृश्यता को निर्धारित करता है। तेजस एमके1ए का आरसीएस मात्र 0.5 वर्ग मीटर है, जबकि चीनी जे-10सी और जेएफ-17 जैसे फाइटर जेट्स का आरसीएस 1 से 1.5 वर्ग मीटर के बीच है।

# स्मार्ट सिटी प्यास से बेहाल: डेटा सेंटर ठंडे, जनता गर्म!

**नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु।** देश के दो सबसे आधुनिक, संपन्न और स्मार्ट शहर इन दिनों एक ऐसी समस्या से जूझ रहे हैं, जिसे कभी गांवों और सूखाग्रस्त इलाकों की परेशानी माना जाता था। मुंबई में जलाशयों का जलस्तर घटने के बाद बीएमसी ने पानी कटौती की घोषणा कर दी है, जबकि बेंगलुरु पहले से ही भूजल संकट और टैंकरों पर बढ़ती निर्भरता से जूझ रहा है। सवाल यह है कि आखिर अरबों रुपये की अर्थव्यवस्था चलाने वाले शहरों को पानी के लिए तरसना क्यों पड़ रहा है? विशेषज्ञ अल नीनो, कम वर्षा और जलवायु परिवर्तन को इसकी वजह बता रहे हैं, लेकिन कहानी केवल इतनी नहीं है।

### मुंबई और बेंगलुरु में पानी का संकट गहराया



असल समस्या उस विकास मॉडल में छिपी दिखाई देती है जिसमें कंक्रीट के जंगल तो तेजी से उग आए, लेकिन तालाब, झीलें, वेटलैंड और प्राकृतिक जलस्रोत धीरे-धीरे नक्शों से गायब होते चले गए। मुंबई में हालात ऐसे हैं कि शहर को पानी उपलब्ध कराने वाले जलाशयों में मात्र कुछ सप्ताह का स्टॉक बचा है।

# आपकी दुआएं, प्यार, संदेश और अटूट समर्थन हर कदम पर मेरे साथ रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। संगीत की दुनिया में अहम योगदान देने के लिए सिंगर अलका याग्निक को पद्म भूषण से नवाजा गया। पद्म भूषण लेने के बाद सिंगर अलका ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने फैन्स को अपनी हेल्थ के बारे में बताया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को अलका याग्निक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान लेने पहुंचीं। 60 साल की गायिका अलका को एक शख्स की मदद से मंच पर चढ़ते देखा गया। उनका वीडियो जैसे ही फैन्स की नजरों के सामने आया सब



उन्हें लेकर चिंतित हो गए। अब उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी हेल्थ के बारे में जानकारी दी है। अलका का कहना है कि वह पिछले दो साल से स्पॉटलाइट से दूर हैं, क्योंकि वो हेल्थ संबंधी परेशानियों से जूझ रही हैं। उन्होंने लिखा कि सार्वजनिक मौजूदगियों और अपनी यात्रा साझा करने से दूर रही हूं। आप में से कई लोग जानते हैं कि मैं कठिन स्वास्थ्य दौर से गुजर रही थी और इस सब के बीच आपका प्यार, दुआएं, संदेश और अटूट समर्थन हर कदम पर मेरे साथ रहा। आज जब मैं देश के एक सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण लेने के लिए आई, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ था। ये सम्मान मुझे बहुत विनम्रता से मिला। इस पर भले ही मेरा नाम है, लेकिन ये उतना ही उन हर श्रोता का भी है जिन्होंने अपनी जिंदगी में मेरी आवाज को जगह दी। मेरे गानों को पीढ़ियों तक पहुंचाया और उतार-चढ़ाव दोनों में मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि ये पल मेरे लिए बहुत मायने रखता है। ये सिर्फ मेरे काम की मान्यता नहीं है, बल्कि प्यार, उम्मीद और हिम्मत से मिलने वाली ताकत की याद दिलाने वाला भी है।

# अमेरिका-ईरान में समझौता, क्या कम होंगे पेट्रोल डीजल के दाम, महंगाई पर लगेगी लगाम?

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

अमेरिका और ईरान के बीच आखिरकार समझौता हो गया है। दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते के बाद मिडिल-ईस्ट का सबसे अहम समुद्री रास्ता हॉर्मुज दोबारा खुल गया है। इससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की किल्लत खत्म होने जा रही है और जल्द ही मार्केट में भारी ऑयल सरप्लस देखने को मिल सकता है। सरप्लस मतलब, डिमांड से ज्यादा सप्लाई होगी। जब सप्लाई ज्यादा होती है तो तेल की कीमतें कम होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि अपनी जरूरत का 85 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल बाहर से मंगाने वाले भारत में क्या अब पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी कम होंगी? क्या महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत मिलेगी। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अगले दो साल में दुनिया में तेल की

### रिपोर्ट: अगले दो साल में दुनिया में तेल की सप्लाई मांग के मुकाबले बहुत तेजी से बढ़ेगी



सप्लाई मांग के मुकाबले बहुत तेजी से बढ़ेगी, जिससे 2027 तक बाजार में भारी ऑयल सरप्लस की स्थिति बन जाएगी। मिडिल-ईस्ट में तनाव की वजह से रोजाना करीब 1.4 करोड़ बैरल तेल की सप्लाई रुकी हुई थी, जो अब बहाल होने जा रही है। इस स्थिति पर क्रिस्टल एनर्जी के ग्लोबल एडवाइजर क्रिस्टोफ रूहल का कहना है कि साल 2027 में वैश्विक स्तर पर तेल की सप्लाई मांग से रोजाना 10 लाख बैरल से ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतें गिरकर 60 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ सकती हैं। सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें पिछले तीन महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गईं हैं। भारतीय उपभोक्ताओं को तुरंत राहत मिलेगी या नहीं, इस पर एक्सपर्ट्स की राय अलग है।

इनवेस्टमेंट और कनेक्टिविटी के सीनियर फेलो अमित भंडारी का कहना है कि भारत में फ्यूल की कीमतों में तुरंत कोई कटौती नहीं होने जा रही है। तेल का यह सरप्लस भारत की मदद जरूर करेगा, लेकिन घरेलू बाजार में कीमतों में सुधार होने में कम से कम 5 से 6 महीने का समय लगेगा। उन्होंने देश की तेल पर निर्भरता को लेकर सचेत करते हुए कहा कि भारत की तेल पर निर्भरता खत्म नहीं होने वाली है क्योंकि रिन्यूएबल एनर्जी और एथेनॉल जैसे विकल्प अभी पूरी तरह से व्यावहारिक नहीं हैं। हम आगे भी तेल का आयात जारी रखेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल हुआ बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) में बांग्लादेश भी सदस्य के रूप में शामिल हो गया। बुधवार को आईबीसीए ने बांग्लादेश को नए सदस्य देश के रूप में स्वागत किया। एक्स अकाउंट पर अपने संदेश में अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस ने बांग्लादेश की सरकार का अपने नवीनतम सदस्य देश के रूप में हार्दिक स्वागत किया। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि बिग कैट प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत बनाएगी। आईबीसीए ने कहा कि बांग्लादेश के इस गठबंधन में शामिल होने से वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा और पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को नई गति मिलेगी। यह कदम भविष्य की पीढ़ियों के लिए बाघों सहित अन्य प्रजातियों और उनके आवासों को सुरक्षित रखने की साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस ने विश्वास व्यक्त किया कि सदस्य देशों के बीच बढ़ता सहयोग बिग कैट संरक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### तेजी से बढ़ी एआई से जुड़ी विशेषज्ञता रखने वाले पेशेवरों की मांग

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी विशेषज्ञता रखने वाले पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। एक ताजा रिपोर्ट की माने तो मशीन लर्निंग, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और अन्य उन्नत एआई कौशल वाले उम्मीदवारों को न केवल अधिक रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। इससे एआई युवाओं के लिए सबसे आकर्षक करियर विकल्पों में शामिल होता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार उन क्षेत्रों में सबसे अधिक भर्ती हो रही है, जहां एआई का उपयोग मानव कार्यक्षमता को बढ़ाने और निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। रेडियोलॉजी, भर्ती प्रबंधन और हवाई यातायात नियंत्रण जैसे पेशों में एआई आधारित समाधान तेजी से अपनाए जा रहे हैं। इसके विपरीत, जिन क्षेत्रों में एआई केवल नियमित कार्यों को सरल बनाने तक सीमित है, वहां रोजगार वृद्धि की गति अपेक्षाकृत धीमी देखी गई है। एआई उद्योग में मशीन लर्निंग और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसी विशेषज्ञताओं की मांग में लगभग 69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनियां ऐसे पेशेवरों को प्राथमिकता दे रही हैं जो एआई टूल्स और मॉडल्स का प्रभावी उपयोग कर नई तकनीकी संभावनाएं विकसित कर सकें और व्यावसायिक चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### 35 प्रतिशत आरक्षण और सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना ने बदली बिहार की सामाजिक तस्वीर - अंजुम आरा

**पटना।**जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा के अंतिम परिणाम में 745 महिला अभ्यर्थियों के चयन पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर महिलाओं की यह सफलता, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा दिया गया 35 प्रतिशत आरक्षण और सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। बिहार में महिलाओं को समाज और प्रशासन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए पूर्व की माननीय श्री नीतीश कुमार की सरकार ने जो वातावरण तैयार किया, उसी का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रही हैं और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में अपनी जगह बना रही हैं। सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल महिला अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है। इस वर्ष 1914 महिला अभ्यर्थियों को यह सहायता प्रदान की गई थी, जिनमें से 148 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन हुआ है। यह इस बात का प्रमाण है कि आर्थिक सहयोग और संस्थागत समर्थन मिलने पर महिलाओं की प्रतिभा नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती है। माननीय श्री नीतीश कुमार ने हमेशा महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने को प्राथमिकता दी है। पंचायती राज और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण, सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण, जीविका समूहों के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल और पोशाक योजनाएं, तथा महिला सुरक्षा और सम्मान को केंद्र में रखकर बनाई गई अनेक योजनाएं आज सामाजिक परिवर्तन की मिसाल बन चुकी हैं। इसी सोच का विस्तार मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना भी है, जो महिलाओं को प्रशासनिक सेवाओं जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है। बिहार में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी दिलाने के लिए माननीय नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों का सकारात्मक प्रभाव आज हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 745 महिला अभ्यर्थियों की सफलता इसी परिवर्तनकारी सोच का बेहतरीन उदाहरण है।

### शिक्षकों के तबादले के लिए बनेगी नई नियमावली,पूरी तरह ऑनलाइन होगी स्थानांतरण की प्रक्रिया

» शिक्षा मंत्री बोले - शिक्षकों के हित और कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**पटना।** शिक्षा विभाग ने राज्य के प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के स्थानांतरण को व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए 'बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026' बनाने का फैसला किया है। नियमावली लागू होने के बाद शिक्षकों का स्थानांतरण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बिहार सरकार शिक्षकों के हितों और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नई नियमावली के माध्यम से स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और संवेदनशील बनाया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, दिव्यांगता, पति-पत्नी के एक ही स्थान पर पदस्थापन तथा अन्य पारिवारिक परिस्थितियों जैसे मानवीय पहलुओं को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक संतुष्ट और सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी वे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत महिला शिक्षकों को उनकी गृह पंचायत को छोड़कर उसी प्रखंड की निकटवर्ती पंचायत में पदस्थापन का अवसर मिलेगा। वहीं पुरुष शिक्षकों को गृह प्रखंड से अलग जिले के भीतर किसी निकटवर्ती प्रखंड में पदस्थापित किया जा सकेगा। साथ ही जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां आवश्यकता के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जाएगी, ताकि शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात बेहतर हो सके और पढ़ाई का स्तर मजबूत बने। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बिहार सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षकों के संतुलित और न्यायसंगत वितरण से राज्य के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह नियमावली शिक्षकों के हित, विद्यार्थियों की जरूरत और विद्यालयों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करेगी तथा स्थानांतरण प्रक्रिया को एक मजबूत नीतिगत आधार प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि नियमावली अधिसूचित होने के बाद स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित होगी। शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं और व्यक्तिगत परिस्थितियों पर विचार करने के बाद ही स्थानांतरण संबंधी निर्णय लिए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### राज्यपाल ने "ऑपरेशन सिंदूर" विषयक नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम में भाग लिया

**पटना।**माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बापू सभागार, पटना में 'गुलमोहर मैत्री' द्वारा आयोजित ''ऑपरेशन सिंदूर'' विषयक नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को सही परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व एक नए दौर से गुजर रहा है तथा दुनिया के अनेक क्षेत्रों में संघर्ष और युद्ध की स्थितियाँ बनी हुई हैं। ऐसे समय में बदलते वैश्विक परिदृश्य और आधुनिक युद्ध की प्रकृति को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं था, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण संदेश भी था। इस अभियान ने यह प्रदर्शित किया कि भारत परमाणु वातावरण में भी सतत सैन्य कार्रवाई करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल नई तकनीकों को तेजी से अपना रहे हैं तथा आधुनिक और नवोन्मेषी तरीकों से युद्ध लड़ने की क्षमता रखते हैं। भारत किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है, बल्कि आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध और सोशल मीडिया के इस युग में सूचना तथा नैरेटिव की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। सही तथ्यों और दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना भी युद्ध का एक महत्वपूर्ण आयाम है। इस विषय में व्यापक जन-जागरूकता विकसित करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि आम जनता को ऑपरेशन सिंदूर के वास्तविक स्वरूप और महत्व की सही समझ होनी चाहिए। उन्होंने नाट्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने दक्षिण भारत क्षेत्र के पूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल एम॰ इंद्रबालन (सेवानिवृत्त) सहित अन्य विशिष्ट महानुभावों को सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम को मेजर जनरल एम॰ इंद्रबालन (सेवानिवृत्त) तथा बिहार एवं झारखंड सब एरिया के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग ब्रिगेडियर अमित बेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सैन्य अधिकारीगण, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य महानुभावगण, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधिगण, एनसीसी कैडेट्स तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## समस्तीपुर के '24 अवतार धाम' में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड स्थित चकोटी मठ के प्रसिद्ध '24 अवतार धाम' पहुंचे, जहां उन्होंने भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव-सह-विष्णु महायज्ञ एवं संत महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री महाविष्णु के 24 अवतारों तथा अन्य विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चकोटी मठ परिसर में स्थापित श्री महाविष्णु जी के '24 अवतार धाम' का शिलापट्ट अनावरण कर उसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित संत-महात्माओं, धार्मिक गुरुओं एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि चकोटी मठ का यह '24 अवतार धाम' आनेवाले समय में देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सामाजिक समरसता, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण को मजबूत बनाते हैं। चकोटी मठ पहुंचने पर मुख्यमंत्री का श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम सेवक दास शास्त्री जी महाराज ने फूलों की विशाल माला एवं पाग पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मठ के सेवादारों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मखाना माला, अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया।

## सम्राट चौधरी विकास के लक्ष्य तय कर समयसीमा में पूरा करें : डॉ. अशोक वर्मा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए स्पष्ट विकास लक्ष्य तय कर निर्धारित समयसीमा में उन्हें हासिल करने की अपील की है। बुधवार को जारी बयान में डॉ. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कंधों पर 14 करोड़ बिहारवासियों की उम्मीदें हैं। उन्होंने नीति आयोग, आरबीआई और एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बिहार अभी भी प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और औद्योगिक विकास के कई मानकों पर राष्ट्रीय औसत से पीछे है। उन्होंने सुझाव दिया कि वर्ष 2030 तक प्रति व्यक्ति आय 1.5 लाख रुपये, साक्षरता दर 100 प्रतिशत, बेरोजगारी दर 8 प्रतिशत तथा औद्योगिक योगदान 30 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित कर ठोस रोडमैप तैयार किया जाए। डॉ. वर्मा ने कहा कि बिहार की जनता को मुख्यमंत्री से बड़ी अपेक्षाएं हैं और उन उम्मीदों पर खरा उतरना सरकार की जिम्मेदारी है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पटना नगर निगम की महापौर ने की शिष्टाचार भेंट

नई सोच एक्सप्रेस




» शहरी विकास परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

**पटना।**नगर निगम की महापौर सीता साहू ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राजधानी पटना के समग्र शहरी विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान महापौर श्रीमती साहू ने पटना नगर निगम द्वारा प्रस्तावित म्युनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से संसाधन जुटाने की पहल, आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉल एवं अन्य वाणिज्यिक भवनों के निर्माण, राजस्व सुदृढ़ीकरण, शहरी आधारभूत संरचना के विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार से संबंधित योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम द्वारा स्वच्छता, जनसुविधाओं के उन्नयन, राजस्व वृद्धि तथा प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों से भी उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना नगर निगम की विकासोन्मुखी पहलों की सराहना करते हुए राज्य सरकार की ओर से सभी आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने नगर निगम द्वारा संचालित जनकल्याण एवं विकासपरक परियोजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार राजधानी पटना को एक आधुनिक एवं विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्धहै।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 दिग्विजय सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बांका के पूर्व सांसद स्व॰ दिग्विजय सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्व॰ दिग्विजय सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जमुई जिले के नयागांव स्थित नागी-नकटी-कटहरा नदी तट पर बने समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने स्व॰ दिग्विजय सिंह के जनसेवा, विकास कार्यों और समाज के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर स्व॰ दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद पुतुल कुमारी तथा उनकी सुपुत्री एवं उद्योग तथा खेल मंत्री श्रेयसी सिंह भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, जमुई के सांसद अरुण भारती, पूर्व मंत्री सुमित कुमार सिंह सहित कई विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-कोडरमा रेलखंड का किया गया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



» गझंडी-गुरपा घाट सेक्शन के डाउन लाइन में कोयला लोडेड बीओबीआर रेक का फुटप्लेट निरीक्षण किया गया

**पटना।**पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना-बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-बंधुआ-कोडरमा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोडरमा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नए स्टेशन भवन एवं विकसित की जा रही यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की । इसके उपरांत गझंडी-गुरपा रेलखंड के मध्य स्थित तीनों सुरंगों (टनलों) से कोयला से लदे बीओबीआरएन रेक का सफलतापूर्वक परिचालन कराया गया । इस महत्वपूर्ण परिचालन के दौरान महाप्रबंधक महोदय स्वयं इंजन में उपस्थित रहे तथा संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया । इस फूट प्लेट निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंदु रानी दुबे एवं धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है । पिछले महीने ही महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था । चुनौतीपूर्ण गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक से परिचालन प्रारंभ हो जाने से बाढ़ एवं बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा तथा रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा । निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक गया जं. पहुंचे जहां उन्होंने गया जं. पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा ।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 दिग्विजय सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बांका के पूर्व सांसद स्व॰ दिग्विजय सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्व॰ दिग्विजय सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जमुई जिले के नयागांव स्थित नागी-नकटी-कटहरा नदी तट पर बने समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने स्व॰ दिग्विजय सिंह के जनसेवा, विकास कार्यों और समाज के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर स्व॰ दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद पुतुल कुमारी तथा उनकी सुपुत्री एवं उद्योग तथा खेल मंत्री श्रेयसी सिंह भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, जमुई के सांसद अरुण भारती, पूर्व मंत्री सुमित कुमार सिंह सहित कई विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## मंत्री ने बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के नवीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने नियोजन भवन स्थित बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के नवीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार, उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह तथा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक भविष्य पर सीधा आघात है। राज्य सरकार बाल श्रम उन्मूलन के साथ-साथ मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तीन माह में राज्य के सभी जिलों की तीन-तीन पंचायतों को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, श्रम विभाग, पुलिस और बाल संरक्षण इकाइयों के सहयोग से गठित विशेष धावा दल होटल, ढाबों, गैराज, कार्यशालाओं, ईंट-भट्ठों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चला रहे हैं। चिन्हित बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर उनके पुनर्वास एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां बाल श्रम से मुक्त कराए गए किशोर श्रमिकों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। साथ ही उनका विद्यालयों में नामांकन एवं कौशल विकास सुनिश्चित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 1130 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है, 846 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, 284 बच्चों के खातों में 25 हजार रुपये की एफडी कराई गई है तथा 398 बच्चों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मंत्री ने निर्माण श्रमिकों से कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने और सभी नागरिकों से बाल श्रम उन्मूलन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर विभाग एवं आयोग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नागालैंड के राज्यपाल से मिले अधिवक्ता ओम कुमार सिंह, दी बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना/सोनपुर।**सोनपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता ओम कुमार सिंह ने नंद किशोर यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नंद किशोर यादव को नागालैंड के राज्यपाल पद की जिम्मेदारी संभालने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा सामाजिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। ओम कुमार सिंह ने कहा कि नंद किशोर यादव का लंबा राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक दक्षता नागालैंड के विकास में नई दिशा देने का कार्य करेगी। राज्यपाल नंद किशोर यादव ने भी ओम कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने बिहार के लोगों से मिले स्नेह और समर्थन को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बताया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी नंद किशोर यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सोनपुर क्षेत्र में इस मुलाकात को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल माननीय कॉमर्स एवं उद्योग मंत्री से मिला

**पटना।** आज अपराह्न में बिहार चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष पी० के० अग्रवाल के नेतृत्व में माननीय कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में उनके कार्यालय कक्ष में मिला। चैम्बर अध्यक्ष पी० के० अग्रवाल ने बताया कि माननीय मंत्री से प्रतिनिधिमंडल के साथ बिहार के उद्योग एवं व्यापार के सम्बन्ध में विस्तृत विचार-विमर्श किया। माननीय मंत्री ने बताया कि भारत सरकार भव्य (भारत औद्योगिक विकास योजना) नाम से 33.660 करोड़ कि योजना लायी है जिसका मकसद घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने के लिए पूरे भारत में निवेश के लिए तैयार, "प्लग-एंड-प्ले" वाले 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करना है। यह योजना राज्यों और प्राइवेट डेवलपर्स की साझेदारी में वित्त वर्ष 2026-27 से 2031-32 तक लागू की जा रही है। इस योजना के माध्यम से जगह-जगह इंडस्ट्रियल पार्क नेशनल कोरिडोर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से भी बनाया जायेगा। अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर माननीय मंत्री से चैम्बर का चल रहा शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह किया गया जिसपर माननीय मंत्री ने चैम्बर के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए माह सितम्बर में पटना आने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पी० के० अग्रवाल के अतिरिक्त कार्यकारणी सदस्य अरुण कुमार एवं सुमित कुमार थे।

### आपदा पीड़ितों का सरकारी संसाधनों पर प्रथम अधिकार - रत्नेश सदा

**पटना।** बुधवार को जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के माननीय आपदा प्रबंधन मंत्री श्री रत्नेश सदा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित मामलों के विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए श्री रत्नेश सदा ने कहा कि संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की परिस्थितियों से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों का सरकारी संसाधनों पर प्रथम अधिकार है और सरकार हर परिस्थिति में उनके हितों की रक्षा एवं सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

### पेड़ काटने से मना करने पर धारदार हथियार से पति पत्नी को किया जख्मी

**दानापुर।** घर के पास पेड़ काटने से मना करने पर सेना की वर्दी पहने भाई ने अपने बड़े भाई और भाभी के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पति पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस संबंध में गांव ताल गांधीनगर निवासी अजय कुमार ने अपने भाई नवल किशोर कुमार के खिलाफ स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में जख्मी अजय कुमार ने बताया कि उनका भाई चांदमारी दानापुर में रहता है सेना की वर्दी पहन कर हाथ में खुखरी लिए वह उनके घर आया और वहां मौजूद पेड़ को कटवाने लगा मना करने करने पर वह खुखरी से उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में वह जख्मी हो गए। वहीं बचाने आई उनकी पत्नी के ऊपर भी जानलेवा हमला किया जिससे वह भी जख्मी हो गई। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मगर सेना की वर्दी होने की वजह से कोई हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई में करने में जुट गई है।

### रेफर करने से पहले अस्पताल में बेड की जानकारी लेना अनिवार्य : स्वास्थ्य मंत्री

**फतुहा।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया है कि किसी भी मरीज को दूसरे अस्पताल भेजने से पहले संबंधित अस्पताल में बेड की उपलब्धता की जानकारी लेना अनिवार्य होगा। हाल ही में पीएमसीएच के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त "रेफर संस्कृति" पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बिना आवश्यकता मरीजों को बड़े अस्पतालों में भेजने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना जरूरी है, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और बड़े अस्पतालों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पीएमसीएच के प्राचार्य के अनुपस्थित मिलने और फोन नहीं उठाने के मामले को भी मंत्री ने गंभीरता से लिया। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्यवस्था के लागू होने से जिला और अनुमंडलीय अस्पतालों की जिम्मेदारी बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर अधिक मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा। साथ ही बड़े अस्पतालों में भीड़ कम होगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेड उपलब्ध हो सकेंगे। मंत्री के इस निर्देश को बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब इसकी प्रभावशीलता इसके सख्ती से क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

### सभी संवर्ग के शिक्षकों को मिले कैशलेस इलाज की सुविधाः राजेश राठौड़

» नियोजित शिक्षकों को भी सरकार दें कैशलेस इलाज की सुविधाः राजेश राठौड़

**पटना।** राज्य की वर्तमान एनडीए सरकार ने 'बिहार राज्य स्वास्थ्य योजना' के तहत नियमित शिक्षकों और पेंशनर्स के लिए 5 लाख तक के कैशलेस इलाज की मंजूरी दी है लेकिन इसमें नियोजित और अन्य संवर्ग के शिक्षकों को यह सुविधा नहीं दिए जाने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ सरकार के फैसले पर बिफर पड़े। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि सरकार को यह सुविधा सभी संवर्ग के शिक्षकों को मुहैया कराना चाहिए। सरकार ने यह सुविधा वैकल्पिक योजना के तहत दी है और इस योजना का लाभ उठाने वाले शिक्षकों का मासिक चिकित्सा भत्ता जो वर्तमान में 1000 रुपए है से घटाकर 100 रुपए कर दिया जाएगा और 900 रुपए बीमा कंपनी के द्वारा काट लिया जाएगा। राज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों, पेंशनभोगी और नियमित शिक्षकों को ही यह सुविधा प्राप्त होगी जो अनुबंध पर नौकरी कर रहे कर्मचारियों और शिक्षकों को सुविधा से वंचित रखती है। वर्तमान में राज्य कर्मियों को 1000 रुपए प्रति माह चिकित्सा भत्ता मिलता है। कैशलेस सुविधा चुनने पर 900 रुपए प्रति माह की कटौती होगी और भत्ता घटकर 100 रुपए हो जाएगा। पेंशनभोगियों को इसके लिए अपनी एक महीने की पेंशन जमा करनी होगी। उन्होंने सरकार से यह मांग रखी कि नियोजित और कॉन्ट्रैक्चुअल शिक्षकों को भी इस सुविधा का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्था राज्य की सरकार को करना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की है कि बीमा कंपनियों के द्वारा कुछ ही अस्पतालों का चयन इस नियम के तहत किया गया है तो कई ऐसे लाभुक इससे वंचित हो सकते हैं जो इमरजेंसी में किसी अन्य हॉस्पिटल में जांच या इलाज कराने को मजबूर होंगे। इसलिए सरकार उनके लिए भी इस नीति को सुविधाजनक बनाएं। साथ ही स्थानीय अस्पतालों में भी उन्हें सुविधा प्रदान करें जिससे सभी संवर्ग के शिक्षकों को लाभ मिलें।

# सोनपुर - मुजफ्फरपुर रेलखंड का डीआरएम ने निरीक्षण किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा रेलवे की परिचालन एवं संरक्षा व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ सराय, भगवानपुर एवं रामदयालु नगर स्टेशन तथा सोनपुर - मुजफ्फरपुर रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सराय स्टेशन परिसर स्थित गुड्स लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। माल ढुलाई गतिविधियों, व्यापारियों के आवागमन हेतु उपलब्ध सुविधाओं, मर्चेंट रूम, स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा संरक्षा मानकों की समीक्षा किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को माल ढुलाई कार्यों के सुचारु संचालन एवं रेलवे परिसंपत्तियों के बेहतर रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत भगवानपुर स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां स्टेशन परिसर की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं, एबीएसएस (ABSS) व्यवस्था एवं स्टेशन मास्टर पैनल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध सुविधाओं एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में रामदयालु नगर स्टेशन परिसर, स्टेशन मास्टर पैनल एवं अन्य परिचालन व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सोनपुर– रामदयालु नगर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेल पथ, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, संरक्षा मानकों तथा परिचालन दक्षता का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने निरीक्षण के दौरान संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, स्टेशन परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने, यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करने तथा रेलवे के सुरक्षित एवं समयबद्ध संचालन को सुनिश्चित करने पर बल दिये। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने तथा रेलवे की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना सिटी।** मां गंगा को साफ रखेंगे, धरती को हरा रखेंगे" के संकल्प के साथ प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने आज हाजीगंज, पटना स्थित गंगा तट पर वृहद सफाई अभियान चलाया। फाउंडेशन के 30 अधिक स्वयंसेवको ने मिलकर 2 क्विंटल से ज्यादा प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन और नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरा नदी से अलग किया। इस अभियान में स्वयंसेवक मास्क और ग्लव्स पहनकर कचरा उठाया। खास बात ये रही कि कचरा उठाने के लिए सीमेंट के खाली बोरे का इस्तेमाल किया गया। स्वयंसेवक अमन ने कहा गंगा मैया को हम पूजते हैं, फिर कचरा क्यों फेंकते हैं? आज हमने प्रण लिया कि नदी में कुछ नहीं फेंकेंगे और दूसरों को भी रोकेंगे। पॉलिथीन 1000 साल तक नहीं गलता और गंगा की डॉल्फिन, मछलियों की जान लेता है। स्वयंसेवक ने बताया कि यहां रोज पूजा के बाद फूल-पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां फेंक दी जाती हैं। आज हमने 50 मीटर का तट साफ किया। अब हर हफ्ते यहां टीम आएगी। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा ने बताया कि गंगा किनारे के गाँव मे गंगा दूत बनाया जा रहा है ये नियमित रूप से गंगा की सफाई एवं लोगो को जागरूक करेंगे। सुलेखा ने लोगो से अपील किया कि गंगा में पूजन सामग्री, मानव या पशु का शव प्रवाहित न करे। मौके पर दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## पूर्व उपाध्यक्ष कुमार अविनाश पिंटू की पोती समायरा यादव उर्फ लाडू रानी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल/मनेर।** नगर परिषद खगौल के पूर्व उपाध्यक्ष कुमार अविनाश पिंटू की पोती समायरा यादव उर्फ लाडू रानी के जन्मदिन के अवसर पर मनेर प्रखंड के बलुआ स्थित आवास पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जन्मदिन समारोह में परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक तथा गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बच्चों के लिए विशेष मनोरंजन की व्यवस्था की गई थी। केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तथा उपस्थित लोगों ने समायरा को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पूरे आत्मीयता के साथ किया गया। खगौल से भी बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े लोग बलुआ पहुंचकर समारोह में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने लाडू रानी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की। गौरतलब है कि निकट भविष्य में नगर परिषद खगौल का चुनाव प्रस्तावित है। ऐसे में पूर्व उपाध्यक्ष कुमार अविनाश पिंटू अध्यक्ष पद के संभावित दावेदार के रूप में अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। जन्मदिन समारोह में पहुंचे अनेक लोगों ने उन्हें भी आगामी चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं और नगर परिषद अध्यक्ष पद पर सफलता की कामना की। समारोह के दौरान सामाजिक सौहार्द, आपसी मेल-मिलाप और पारिवारिक खुशियों का अनूठा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम देर रात तक उत्साहपूर्ण वातावरण में चलता रहा, जहां अतिथियों ने परिवार के साथ खुशी के इस अवसर को यादगार बनाया।

## फुलवारीशरीफ के फहद रईस बने एसडीएम, सम्मान समारोह में दी गई बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ निवासी मोहम्मद रईस के पुत्र फहद रईस के एसडीएम (उप समाहर्ता) पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस उपलब्धि पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पटना जिला अध्यक्ष सलाउद्दीन मंसूरी के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व विधायक अनवर आलम, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद खालिद, पूर्व वार्ड पार्षद हिना परवीन, आमिर हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने फहद रईस को फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि फहद रईस ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह सफलता हासिल की है, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे फुलवारीशरीफ और पटना जिले का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करेगी। सलाउद्दीन मंसूरी ने इसे समाज के लिए गर्व का विषय बताया, वहीं पूर्व विधायक अनवर आलम ने कहा कि फहद रईस ने अपने समर्पण और अथक प्रयास से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी, संवेदनशीलता और जनहित के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## भारत का बदलता रोड इंफ्रास्ट्रक्चर मोटर इंश्योरेंस की संपूर्ण सुरक्षा की जरूरत को बढ़ा रहा हैः एसबीआई जनरल इंश्योरेंस

नई सोच एक्सप्रेस

SBI general INSURANCE
RAKSHA AUR BHAROSA DONO

**पटना।** बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों में 20 बेसिस पॉइंट्स (0.20 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद बैंक 2 साल से लेकर 3 साल से कम की अवधि वाली फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.95 प्रतिशत तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को सबसे अधिक 7.95 प्रतिशत की ब्याज दर दे रहा है, जबकि इसी अवधि की फिक्स्ड डिपॉजिट पर अन्य ग्राहकों को 7.45 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। गाड़ियों की बढ़ती संख्या के चलते भारत के मोटर सेक्टर में लगातार मजबूत बढ़त देखने को मिल रही है। वाहन पोर्टल के रजिस्ट्रेशन आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में जून 2026 में करीब 20% की ग्रोथ देखी गई है। बदलती जरूरतों और गाड़ी की पूरी सुरक्षा पर बढ़ते ध्यान के साथ, सही मोटर इंश्योरेंस कवरेज का होना अब एक जिम्मेदार गाड़ी मालिक बनने का जरूरी हिस्सा बन गया है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के मोटर इंश्योरेंस सॉल्यूशंस एक्सीडेंट, गाड़ी को नुकसान, चोरी और प्राकृतिक आपदाओं जैसी अप्रत्याशित घटनाओं के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करते हैं। 8,400 से अधिक नेटवर्क गैरेज के विशाल नेटवर्क के साथ, ग्राहक बिना किसी परेशानी के रिपेयरिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं और इमरजेंसी के समय भी पूरी सुविधा का अनुभव कर सकते हैं। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के मोटर इंश्योरेंस प्लान इस तरह तैयार किए गए हैं ताकि ग्राहक अपनी जरूरतों के हिसाब से अपने कवरेज को कस्टमाइज कर सकें। इसमें लगभग 20 ऐड-ऑन कवर्स के विकल्प मिलते हैं, जिनमें बेहतर रोडसाइड असिस्टेंस, इंजन प्रोटेक्शन, जीरो डेप्रिसिएशन, टायर एंड रिम सिक्योर और गाड़ी से जुड़े अन्य खास जोखिमों से सुरक्षा शामिल है। यह पॉलिसी किसी थर्ड-पार्टी की चोट/मृत्यु और उनकी संपत्ति को हुए नुकसान के लिए 'थर्ड-पार्टी डैमेज कवर' भी देती है। इसके साथ ही, इसमें वाहन मालिक और यात्रियों के लिए पर्सनल एक्सीडेंट कवर भी मिलता है। संपूर्ण कवरेज के विकल्पों, समय पर गाड़ी के रखरखाव और जिम्मेदारी से गाड़ी चलाने की आदतों के साथ, ग्राहक अपनी गाड़ी के सफर के दौरान बेहतर सुरक्षा और पूरे भरोसे का अनुभव कर सकते हैं।

## पुनपुन केवड़ा ओपी पुलिस का शराब के खिलाफ अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन।** पुनपुन केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोठही रामपुर मुसहरी गांव में पुलिस द्वारा शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे लगभग 1000 लीटर अर्धनिर्मित जावा महुआ को बरामद कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बनाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर केवड़ा ओपी पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में जावा महुआ बरामद हुआ, जिसे नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। शराब कारोबार से जुड़े लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या तस्करी की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## विटिलिगो को लेकर जागरूकता की नई पहल, बिहार की पहली विटिलिगो एक्टिविस्ट निशा भगत की मुहिम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** विटिलिगो (सफेद दाग) को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से बिहार की पहली विटिलिगो एक्टिविस्ट निशा भगत पिछले कई वर्षों से जागरूकता अभियान चला रही हैं। स्वयं विटिलिगो से प्रभावित निशा आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीते हुए यह संदेश दे रही हैं कि सफेद दाग किसी व्यक्ति की पहचान, सुंदरता या क्षमता को कम नहीं करता। विटिलिगो एक त्वचा संबंधी स्थिति है, जिसमें मेलेनिन की कमी के कारण त्वचा पर सफेद धब्बे दिखाई देते हैं। यह कोई संक्रामक बीमारी नहीं है और न ही छूने, साथ रहने या खाने-पीने से फैलती है। इस अभियान में संध्या और सौजने सिंह भी सक्रिय रूप से जुड़ी हैं। संध्या का कहना है कि असली खूबसूरती आत्मविश्वास और स्वयं को स्वीकार करने में है, जबकि सौजने सिंह ने लोगों से विटिलिगो को अभिशाप नहीं, बल्कि एक सामान्य चिकित्सीय स्थिति के रूप में समझने की अपील की। निशा भगत की यह पहल विटिलिगो के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में समानता, सम्मान और स्वीकार्यता का संदेश दे रही है। उनका कहना है, "सफेद दाग किसी की पहचान नहीं छीनता, इंसान की असली खूबसूरती उसके आत्मविश्वास, सोच और व्यक्तित्व में होती है।"

## खेल मैदानों को सक्रिय करने और जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में खेल विभाग की पहल

नई सोच एक्सप्रेस

» अक्टूबर से राज्यभर में होगा व्यापक खेल आयोजन, जुलाई से शुरू होगी तैयारियों की समीक्षा प्रक्रिया

**पटना।** विकास भवन स्थित खेल विभाग में निदेशक, खेल विभाग श्री आरिफ अहसन ने आज सभी जिलों के जिला खेल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में खेल गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, उपलब्ध खेल संरचनाओं के बेहतर उपयोग, पंचायत स्तर तक खेलों की पहुंच बढ़ाने और जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निदेशक, खेल विभाग ने कहा कि राज्य में खेलों के विकास के लिए केवल खेल संरचनाओं का निर्माण और रखरखाव ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इन संरचनाओं को नियमित खेल गतिविधियों से जोड़ना और सक्रिय बनाना भी अत्यंत आवश्यक है। विभाग का मुख्य फोकस अब उपलब्ध खेल मैदानों, आउटडोर स्टेडियमों एवं अन्य खेल सुविधाओं को अधिकतम उपयोग में लाने और उन्हें खेल गतिविधियों का केंद्र बनाने पर है। सभी जिला खेल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने जिलों में नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें और पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर उपलब्ध खेल मैदानों तथा खेल सुविधाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी लें। जहां भी स्थानीय स्तर पर किसी खेल गतिविधि का संचालन हो रहा है, वहां खिलाड़ियों और स्थानीय युवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। संबंधित खेल के अनुसार आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने, प्रशिक्षण एवं अवसरों से जोड़ने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य किया जाए। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि गांव, पंचायत और प्रखंड स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान तभी संभव है जब स्थानीय समुदाय, युवा और खिलाड़ी स्वयं खेल गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़ें। खेल मैदान केवल संरचना नहीं बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों के अभ्यास, प्रतियोगिता और प्रतिभा विकास का केंद्र बनें, इसके लिए जिला खेल पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। **स्पोर्ट्स क्लब पोर्टल पुनः खुलेगा, जमीनी स्तर पर खेल क्लबों को मिलेगा बढ़ावाः** खेल गतिविधियों को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से *स्पोर्ट्स क्लब पोर्टल को 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक पुनः खोला जाएगा।* इसके माध्यम से ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक लोग खेल क्लबों के गठन के लिए आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में स्पोर्ट्स क्लब के लिए 21,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे और इस वर्ष की शुरुआत में चुनाव प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई थी। अब पोर्टल को दोबारा खोलने का उद्देश्य उन क्षेत्रों और खिलाड़ियों को भी अवसर प्रदान करना है जो पहले चरण में इससे जुड़ नहीं पाए थे। इसके माध्यम से पंचायत स्तर पर खेल क्लबों का विस्तार होगा और अधिक से अधिक युवा खेल गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। **2 अक्टूबर से दिसंबर तक राज्यभर में होगा विशाल खेल आयोजनः** बैठक में राज्य में व्यापक स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना पर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि 2 अक्टूबर 2026 से दिसंबर 2026 तक राज्यभर में बड़े पैमाने पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पंचायत स्तर से शुरू होकर चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। सबसे पहले ग्राम पंचायत स्तर के खेल क्लबों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, इसके बाद प्रखंड स्तर, जिला स्तर और अंत में राज्य स्तर पर खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं कराना नहीं, बल्कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में खेल वातावरण तैयार करना, स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान देना और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। जिला खेल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इस आयोजन की तैयारियां तत्काल शुरू कर दी जाएं। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए मैदानों की उपलब्धता, खिलाड़ियों की भागीदारी, खेल सामग्री, आयोजन व्यवस्था और स्थानीय स्तर पर समन्वय की विस्तृत योजना तैयार की जाए। तैयारियों की प्रगति की समीक्षा जुलाई के मध्य में की जाएगी, ताकि अक्टूबर से शुरू होने वाले इस व्यापक खेल अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सके। खेल विभाग का लक्ष्य है कि राज्य में खेल केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचे और हर स्तर के खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़वा-रक्सौल NH पर भीषण सड़क हादसाः तेज रफ्तार ट्रक ने ली मां-बेटी की जान, तीन घायल

**मोतिहारी।**रामगढ़वा-रक्सौल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फ्लाईओवर पर आज दोपहर एक बेहद भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार, आमोदेई स्थित रिपु राज मिल से चावल लदा हुआ एक ट्रक अत्यंत तेज गति से जा रहा था। फ्लाईओवर से गुजरते समय चालक अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके परिणामस्वरूप ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को बेरहमी से रौंद दिया।इस दर्दनाक हादसे में सिंहोरवा निवासी मुन्नी देवी (पत्नी यदोलाल पटेल, उम्र 55 वर्ष) और उनकी बेटी सीमांतर देवी (पत्नी शशि पटेल, उम्र 36 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया है, जहाँ डॉक्टरों ने उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बताई है।हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया और तेज रफ्तार व लापरवाही के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और हाईवे को पूरी तरह से जाम कर दिया। आक्रोशित भीड़ ने ट्रक को घेर लिया और मौके पर ही नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी इस हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रक चालक पर सख्त कानूनी कार्रवाई और मृतक के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग की है, ताकि वे स्वयं इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ रही दुर्घटनाओं और सुरक्षा मानकों की कमी का संज्ञान ले सकें। सड़क जाम होने के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम आक्रोशित भीड़ को समझाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस स्थिति को सामान्य करने में जुटी हुई थी।

### नई दिशा एजुकेशनल सोसाइटी कार्यालय का फीता काटकर हुआ उदघाटन

**बेतिया।**मझौलिया के पुराना पेट्रौल पंप के पास नई दिशा एजुकेशनल सोसाइटी कार्यालय का उदघाटन संस्था के सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह और कांग्रेस नेता रवि भूषण ने फीता काट कर किया।उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए सचिव श्री सिंह ने कहा कि नई दिशा आपके स्वास्थ्य के लिये हर कदम साथ निभायेंगे।महज 50 रुपये की लागत पर सेहत कार्ड का निर्माण होगा ।सेहत कार्ड से यह लाभ होगा कि निबंधित चिकित्सकों का फीस आधा लगेगा, साथ ही पैथोलॉजी का खर्च भी आधा लगेगा। मौके लगभग 55 लोगो का सेहत कार्ड बनाया गया।श्री सिंह ने बताया कि एक ही कार्ड से परिवार के सभी सदस्यों का उचित ईलाज होगा।उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी यह होगा कि ईलाज सरल और किफायती होगा।उन्होंने बताया कि राजगुरु चौक स्थित लाल बाजार में इसका एक प्रधान कार्यालय है।उदघाटन समारोह में मुरलीधर तिवारी, उपेंद्र कुमार तिवारी, रूपेश कुमार पांडेय, पत्रकार मुश्लिम जमाल शास्त्री, अनिल कुमार शर्मा,रवि पांडेय, एस पी श्रीवास्तव,शम्भू पांडेय लक्षित, शिवम आदि के नाम उल्लेखनीय है।धन्यबाद ज्ञापन ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रवीण कुमार तिवारी ने किया।

### मधुबनी को मिली 19.73 करोड़ की लागत से अटल कला भवन की सौगात

» 620 दर्शक क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम से सांस्कृतिक गतिविधियो को मिलेगा नया मंच

**मधुबनी/बिहार।**जिले को सांस्कृतिक विकास की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग ने जिला मुख्यालय में अत्याधुनिक अटल कला भवन के निर्माण हेतु 19 करोड़ 73 लाख 26 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। भवन में 620 दर्शक क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम सहित कई सांस्कृतिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।इस परियोजना में आधुनिक सभागार, आर्ट गैलरी, प्रदर्शनी स्थल, अभ्यास कक्ष एवं सम्मेलन कक्ष का निर्माण होगा। इससे मिथिला पेंटिंग, लोक संगीत, लोक नृत्य, नाट्य कला तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियो को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय कलाकारो को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलेगा जिलाधिकारी आनंद शर्मा के सतत प्रयास एवं अनुश्रवण से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को स्वीकृति मिली है। उन्होने कहा कि अटल कला भवन मधुबनी की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती देगा तथा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बनेगा निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया से कराया जाएगा। अटल कला भवन के निर्माण से मधुबनी को एक आधुनिक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

### जेपीयू : स्पेशल परीक्षा परिणाम में देरी पर छात्रों में आक्रोश, आंदोलन की तैयारी

**छपरा।**आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सारण जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ छात्र नेता शेख नौशाद ने बुधवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति परमेंद्र वाजपेई को दो सूत्री मांग पत्र सौंपकर स्नातक स्पेशल पार्ट-टू एवं पार्ट-थर्ड का रिजल्ट 30 जून से पूर्व प्रकाशित करने की मांग की। मांग पत्र में छात्रों के त्रुटिपूर्ण अंक पत्रों में सुधार कर उन्हें शीघ्र संबंधित महाविद्यालयों को भेजने की भी मांग की गई है। शेख नौशाद ने कहा कि कुलपति परमेंद्र वाजपेई तथा परीक्षा नियंत्रक अशोक मिश्रा लगातार छात्रों को शीघ्र रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा संपन्न हुए छह माह से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद हजारों छात्र-छात्राएं परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रिजल्ट में हो रही देरी के कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, नामांकन और प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शेख नौशाद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 जून तक स्पेशल पार्ट-टू एवं पार्ट-थर्ड का परिणाम घोषित नहीं किया गया तो 1 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का घेराव कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

### अवैध शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल जब्त



**मधुबनी/बिहार।**जिले के बिस्फी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 267.615 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भरण टोल क्षेत्र में शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ एवं उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। इस दौरान गनौर सहनी और शंभू साह को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में बलवीर कुमार उर्फ मणीशंकर, रंजन कुमार, गनौर सहनी तथा शंभू साह शामिल हैं। पुलिस ने 267.615 लीटर शराब, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।बिस्फी थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## जहानाबाद में कोचिंग संस्थानों पर अग्निशमन विभाग की बड़ी कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** जिले में छात्रों की सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला अग्निशमन पदाधिकारी स्नेही सोनल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में विशेष अग्नि सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 20 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया, जहां अधिकांश संस्थानों में अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित आवश्यक उपकरण, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का अभाव पाया गया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने पाया कि कई संस्थानों में फायर एक्सटिंग्विशर नहीं लगे थे, आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) की व्यवस्था नहीं थी तथा विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा था। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित संस्थानों को 24 घंटे के भीतर सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। अभियान की निगरानी कर रहे अग्निशमन विभाग के अधिकारी मंटू कुमार ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर संस्थान सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे संस्थानों को सील भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में गर्मी के साथ-साथ शॉर्ट सर्किट, खराब वायरिंग और विद्युत उपकरणों की खराबी जैसी घटनाएं आग लगने का प्रमुख कारण बन रही हैं। इसलिए सभी कोचिंग संचालकों को अपने संस्थान की विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच कराने तथा सुरक्षा उपकरणों को क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया है।अधिकारियों ने कहा कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत 112 और 101 पर सूचना दें। आग लगने की स्थिति में सूझबूझ और संयम से काम लेना चाहिए ताकि जान-माल की क्षति को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान विभाग ने संस्थानों को कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। इनमें प्रत्येक भवन में स्पष्ट रूप से चिन्हित इमरजेंसी एग्जिट, कम से कम दो निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र, सुरक्षा संकेतक बोर्ड तथा आपदा के समय छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।लखनऊ हादसे से सबक लेने की जरूरतअग्निशमन अधिकारियों ने हाल ही में लखनऊ में हुई आगजनी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी कभी-कभी बड़े हादसों का कारण बन जाती है। ऐसे हादसों में कुछ ही मिनटों की लापरवाही कई लोगों की जान जोखिम में डाल सकती है। इसलिए सभी शिक्षण संस्थानों को सुरक्षा नियमों का अक्षरशः पालन करना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि कोचिंग संस्थानों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। ऐसे में संस्थान संचालकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे भवन सुरक्षा, अग्निशमन उपकरण, विद्युत सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिला अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर कैंडल मार्च



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली।**चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार की देर शाम को राजापाकर प्रखंड क्षेत्र में ब्राह्मण एकता मंच के नवयुवकों ने कैंडल मार्च निकालकर घटना के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। कैंडल मार्च के दौरान युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर "भरत तिवारी अमर रहे", "गरीबों के मसीहा भरत तिवारी को न्याय दो" सहित अन्य नारे लगाए। मार्च में शामिल लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रहे गुलशन मिश्रा ने कहा कि भोजपुर जिले के भरत भूषण तिवारी के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे मामले में पुलिस की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होती हैं। उन्होंने बताया कि राजापाकर प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों लोग बुधवार को भरत भूषण तिवारी के पैतृक गांव पहुंचेंगे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देने के साथ हरसंभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करेंगे।कैंडल मार्च में गुलशन मिश्रा, विवेक कुमार, सत्यम झा, सूरज कुमार, टुल्लू झा, टिंकू कुमार, आर्यन सिंह, देवराज, मुकुल कुमार,शानू झा,गोलू झा समेत बड़ी संख्या में युवा शामिल थे।

## अदाणी पावर के कर्मियों ने किया 151 यूनिट रक्तदान, गौतम अदाणी के 64वें जन्मदिन पर दिया जीवन बचाने का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**पीरपैंती, भागलपुर।**अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 64वें जन्मदिन के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा देशभर में अदाणी समूह की विभिन्न इकाइयों में आयोजित रक्तदान अभियान के तहत भागलपुर जिले के पीरपैंती स्थित निर्माणाधीन अदाणी पावर प्लांट परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कंपनी और सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 151 यूनिट रक्तदान किया और समाज को जीवन बचाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कहलगांव अनुमंडल के एसडीएम कृष्ण चन्द्र गुप्ता, एसडीपीओ-2 श्रीमति गरिमा तथा प्लांट हेड ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपस्थित अधिकारियों ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने की अपील की। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम भाई अदाणी के जन्मदिवस पर हर वर्ष यह विशेष अभियान प्रीति अदाणी के नेतृत्व में आयोजित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संग्रहित रक्त को जरूरतमंद मरीजों तक समय पर उपलब्ध कराना है। रक्तदान शिविर में अदाणी पावर लिमिटेड के कर्मचारियों के साथ-साथ सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में निकला कैंडल मार्च, न्यायिक जांच की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस




**छपरा।**भोजपुर जिले के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत के मामले को लेकर मंगलवार की देर शाम छपरा शहर में युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच कराने की मांग की। कैंडल मार्च में शामिल युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां और भरत तिवारी की तस्वीरें लेकर शांतिपूर्ण ढंग से मार्च किया। इस दौरान "भरत तिवारी अमर रहे", "युवा शक्ति जिंदाबाद" और "निष्पक्ष जांच हो" जैसे नारे लगाए गए। मार्च की शुरुआत नगर पालिका चौक से हुई। इसके बाद यह सारण संग्रहालय होते हुए थाना चौक तक पहुंचा। वहां से वापस लौटते हुए सभी युवा पुनः नगर पालिका चौक पहुंचे, जहां एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए कुमार भार्गव ने कहा कि कानून व्यवस्था के मामलों में सभी के साथ समान और पारदर्शी व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी प्रकरण में उठ रहे सवालों के मद्देनजर निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यदि किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई कानून के दायरे में होनी चाहिए। यदि किसी घटना को लेकर विवाद या संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। युवाओं ने पूरे मामले की न्यायिक जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की, ताकि आम लोगों का विश्वास न्याय व्यवस्था में बना रहे।

## मिथिला की विरासत को मिलेगा वैश्विक मंच, मधुबनी में स्थापित होगा मिथिला हाट

नई सोच एक्सप्रेस




» विधायक माधव आनंद की पहल पर पर्यटन विभाग सक्रिय, कलाकारो, शिल्पकारो और स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा स्थायी बाजार

**मधुबनी/बिहार।**मिथिला की कला संस्कृति और पारंपरिक उत्पादो को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है मधुबनी मुख्यालय में प्रस्तावित मिथिला हाट की स्थापना को लेकर राज्य सरकार ने पहल तेज कर दी है। बुधवार को पटना में पर्यटन मंत्री के साथ हुई बैठक में इस महत्वाकांक्षीपरियोजना पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसके बाद विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।मधुबनी विधायक 36 माधव आनंद ने पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता से मुलाकात कर कहा कि मिथिला क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक विरासत, विश्वप्रसिद्ध मधुबनी पेंटिंग लोककला और हस्तशिल्प के लिए देश-विदेश में जाना जाता है, लेकिन स्थानीय कलाकारो और शिल्पकारों को अपने उत्पादो के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए समुचित मंच उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मिथिला हाट की स्थापना न केवल कलाकारों को बाजार उपलब्ध कराएगी, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देगी।बैठक में पर्यटन मंत्री ने प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को इसकीव्यवहारिकता और क्रियान्वयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर परियोजना को पीपीपी मॉडल के तहत विकसित करने पर भी सहमति जताई गई। जानकारो का मानना है कि यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है तो मधुबनी पेंटिंग, मिथिला हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, स्थानीय खाद्य उत्पाद और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार सामग्री को एक स्थायी बाजार मिलेगा। इससे पर्यटन गतिविधियो को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवाओ और महिलाओ के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।विधायक माधव आनंद ने कहा कि मिथिला हाट केवल खरीद-बिक्री का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह मिथिला की कला, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रदर्शन स्थल बनेगा। उन्होने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार के सहयोग से यह परियोजना शीघ्र मूर्त रूप लेगी और मधुबनी को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी।

## ऋण माफी योजना के तहत शिविर लगे




नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली।**जाफरपट्टी पंचायत के मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह के आवासीय परिसर में सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया गाजीपुर शाखा द्वारा कृषक ऋण मोचन योजना के तहत एनपीए कृषि लोन के निपटारे हेतु शिविर का लगे। मौके पर बैंक के ऋण प्राप्त करने वाले अनेक महिला पुरुष किसान उपस्थित हुए।इस संबंध में जानकारी देते हुए बैंक के शाखा प्रबंधक डॉ विवेक कुमार सिंह ने कहा कि कृषक ऋण मोचन योजना के तहत किसानों के लिए पुराने कर्ज से मुक्ति पाने का सुनहरा अवसर लेकर बैंक आपके द्वार आया है। हरपुर हरदास शाखा में संपर्क कर ऋण मुक्ति से निजात पा सकते हैं।आकर्षक छूट का लाभ उठाकर कर्ज से निपटारा पा सकते हैं।मौके पर बैंक के शाखा प्रबंधक डॉक्टर विवेक कुमार सिंह ,रीजनल कार्यालय से मृणाल चमन, सुपरवाइजर विरेश कुमार ,बीसी रवि कुमार राय, मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, संजय सिंह, अजय सिंह, श सहित अनेक महिला पुरुष किसान उपस्थित हुए।

## 628 वां सदगुरु कबीर प्रकाटय महोत्सव की तैयारी हेतु बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली।**कबीर मठ आश्रम राजापाकर के परिसर में बुधवार को स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों कबीरपंथियो की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कबीर मठ आश्रम के महंत ज्ञान प्रकाश शास्त्री ने की व संचालन कबीर पंथी तपसी प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर कबीर के मतों को मानने वाले अनेक ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत ज्ञान प्रकाश शास्त्री ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी आगामी 29 जून को कबीर मठ आश्रम के परिसर में सदगुरु कबीर साहेब की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। जिसमें आप सभी के सहयोग की जरूरत है। कार्यक्रम में हंसीलाल राय, रामप्रवेश सिंह, बिंदा सिंह , मुख्तार सिंह, अनिल कुमार, राम ललित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** काको थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। मृतका की पहचान काको थाना क्षेत्र के फिरालेचक प्रेरित चक्की गांव निवासी संध्या कुमारी (32) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संध्या कुमारी अपने पति के साथ पटना से गांव लौट रही थी। परिवार में चाचा के निधन के बाद दोनों घर जा रहे थे। इसी दौरान हाजीपुर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि पति-पत्नी दोनों सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में संध्या कुमारी को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनके पति को मामूली चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद संध्या कुमारी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने दोषी चालक की गिरफ्तारी और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य सड़कों पर ओवरस्पीडिंग लगातार बढ़ रही है। तेज रफ्तार वाहन बाइक सवारों और छोटे वाहनों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, जिससे आए दिन दर्दनाक हादसे हो रहे हैं।सदर अस्पताल में तैनात डॉक्टर अरविंद कुमार नंदा ने घायल व्यक्ति की जांच के बाद महिला को मृत घोषित किया। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद काको थाना पुलिस जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और फरार स्कॉर्पियो चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक माधव आनंद की सक्रियता से सड़क निर्माण योजना ने पकड़ी रफ्तार

» आधारभूत संरचना मजबूत करने की दिशा में बढ़ा महत्वपूर्ण कदम

**मधुबनी/बिहार**।मधुबनी शहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से लंबित मांग मानी जाने वाली कोतवाली चौक से एनएच-57 के पेठघाट तक सड़क निर्माण योजना को लेकर एक बार फिर उम्मीद जगी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए विभागीय स्तर पर कवायद तेज कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित सड़क परियोजना को ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) से पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे परियोजना के स्वीकृति मार्ग प्रशस्त होने की संभावना बढ़ गई है। मधुबनी विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल के नेता माधव आनंद ने बताया कि सड़क निर्माण योजना को लेकर उनकी ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों और पथ निर्माण विभाग के उच्च पदाधिकारियो से लगातार संपर्क बनाए रखा गया है।बताया जाता है कि कोतवाली चौक से पेठघाट तक सड़क निर्माण होने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। इसके अलावा व्यापारिक गतिविधियो, शैक्षणिक संस्थानो तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी अधिक सुगम हो सकेगी। स्थानीय लोगो द्वारा लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जाती रही है।विधायक ने उम्मीद जताई कि विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद परियोजना को जल्द स्वीकृति मिल सकती है। उन्होने कहा कि मधुबनी के विकास और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक प्रयास लगातार जारी है।क्षेत्र के लोगो की नजर अब इस महत्वपूर्ण परियोजना पर टिकी हुई है, जिससे आने वाले दिनो में हजारो लोगो को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### इंटरियो बाई गोदरेज का वित्त वर्ष 2025-26 में 4,000 करोड़ का राजस्व

**पटना**।गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रमुख फर्नीचर ब्रांड इंटरियो बाई गोदरेज ने वित्त वर्ष 2025-26 में 4,000 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान कंपनी ने 100 नए शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाई, जबकि नए उत्पादों का कुल कारोबार में 22 प्रतिशत योगदान रहा। इस प्रदर्शन और भविष्य के नजरिए पर बात करते हुए इंटरियो बाई गोदरेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, स्वप्नील नगरकर ने कहा, भारतीय फर्नीचर उद्योग बदलाव के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां ग्राहकों की उम्मीदें केवल उपयोगिता से बढ़कर डिजाइन, लचीलेपन (फ्लेक्सिबिलिटी), टेक्नोलॉजी और ओवरऑल लिविंग एक्सपीरियंस (रहने के अनुभव) की तरफ बढ़ रही हैं। भारतीय फर्नीचर बाजार 2031 तक बढ़कर 45.52 अरब अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है। आज के आधुनिक भारतीय घर अधिक अनुकूल, बहुउद्देशीय (मल्टीफंक्शनल) और निजी जीवनशैली को दर्शाने वाले बन रहे हैं। यह बात ग्राहकों द्वारा फर्नीचर के लुक, उपयोगिता, मजबूती और सुविधा को परखने के तरीके को प्रभावित कर रही है।

### पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत संपत्तियों के वार्षिक किराया मूल्य में 15 फीसदी की वृद्धि

» वर्ष 1995 के बाद पहली बार विभागीय अनुमोदनोपरान्त वार्षिक किराया मूल्य (ARV) में की गई बढ़ोतरी

**पटना**। नगर निगम क्षेत्र में संपत्ति कर निर्धारण के लिए प्रयुक्त वार्षिक किराया मूल्य (Annual Rental Value-ARV) में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक-2298 दिनांक 22-06.2026 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके आलोक में पटना नगर निगम द्वारा किराया मूल्य में वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। नई दरें दिनांक 24 जून 2026 से प्रभावी होंगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1995 के बाद पहली बार वार्षिक किराया मूल्य (ARV) में यह वृद्धि की गई है। बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 127 के अनुसार विभिन्न श्रेणियों की होल्डिंग्स के लिए प्रति वर्ग फुट निर्मित क्षेत्र (Built-up Area) का किराया मूल्य प्रत्येक पांच वर्ष में न्यूनतम 15 प्रतिशत बढ़ाया जाना अनिवार्य है। साथ ही, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर नगर निकाय पांच वर्ष की अवधि के दौरान किसी भी समय किराया मूल्य एवं दरों में संशोधन कर सकता है। सशक्त स्थायी समिति एवं निगम पार्षद द्वारा वर्ष 2021 में ही 15 प्रतिशत की वृद्धि की सहमति प्रदान की गयी थी। इसी वैधानिक प्रावधान के आलोक में पटना नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित सभी श्रेणियों की संपत्तियों के वार्षिक किराया मूल्य (ARV) में 15 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया गया है। यह संशोधन बिहार नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है तथा इससे नगर निगम की राजस्व क्षमता में वृद्धि होगी। प्राप्त अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग शहरी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने, स्वच्छता, सड़क, जलनिकासी, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं उन्नयन के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 30 जून तक वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु संपत्ति कर की राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर पटना नगर निगम द्वारा पांच फीसदी की रियात दी जा रही है।

### खाद्यान्न वितरण में लापरवाही एवं अनियमितता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी:सचिव,खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

**पटना**। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक शामिल हुए। बैठक में खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड निर्माण के लंबित आवेदनों, संदिग्ध राशन कार्डों की जांच, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की रिक्तियों तथा अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव ने सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की देरी, लापरवाही अथवा अनियमितता की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सभी पात्र लाभुकों को समय पर, निर्धारित मात्रा में एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता एवं जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर जन वितरण प्रणाली दुकानों का सघन निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, कम तौल, अनियमित वितरण, अथवा अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया वहीं संदिग्ध राशन कार्डों की जांच में तेजी लाकर अपात्र लाभुकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्तियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर भरने एवं जन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# स्वर्णा लेडिज सैलून एंड स्पा का एमएलसी ने किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस




**खगौल**। बुधवार को खगौल के गांधी स्कूल रोड स्थित मां मालती निवास में स्वर्णा लेडिज सैलून एंड स्पा का भव्य उद्घाटन भाजपा नेत्री एवं बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अनामिका सिंह पटेल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि महिलाओं के सौंदर्य, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निखारने में आधुनिक ब्यूटी सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अधिकांश ब्यूटी पार्लरों की सेवाएं काफी महंगी हो गई हैं, जिससे आम और मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं के लिए इनका लाभ उठाना कठिन हो जाता है। ऐसे में खगौल में स्वर्णा लेडिज सैलून एंड स्पा का कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने सैलून की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सैलून की संचालक प्रियंका, गुड़िया और संजू, प्रतिमा ने बताया कि यहां महिलाओं के लिए आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से हेयर कट, हेयर स्पा, फेशियल, मेकअप, स्किन केयर, ब्राइडल मेकअप सहित कई तरह की ब्यूटी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उद्घाटन के अवसर पर विशेष ऑफर की घोषणा करते हुए संचालकों ने बताया कि 30 जुलाई तक सैलून की सभी सेवाओं पर महिलाओं को 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। इस घोषणा का उपस्थित महिलाओं ने स्वागत किया और बड़ी संख्या में सैलून की सेवाओं का लाभ उठाने में रुचि दिखाई।उद्घाटन समारोह में स्थानीय महिलाओं, गणमान्य लोगों एवं सैलून से जुड़े सदस्य शामिल थे।

» 30 जुलाई तक सभी सेवाओं पर 25 प्रतिशत की छूट

# दहेज हत्या मामले में पति गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।मझौलिया थाना क्षेत्र के रुलही पंचायत में नवविवाहिता पुष्पा देवी की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पति श्याम कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के बाद से ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, मृतका के पिता एवं योगापट्टी थाना क्षेत्र के चौमुखा गांव निवासी किशोर यादव ने मझौलिया थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री की मौत के लिए ससुराल पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर उनकी पुत्री को प्रताड़ित किया गया और अंततः उसकी हत्या कर दी गई।आवेदन में मृतका के पिता ने दामाद सहित परिवार के छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि 17 जून को उनकी पुत्री की हत्या कर साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव का अंतिम संस्कार सरेह में किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को अवगत कराया।सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस ने मौके से अधजले शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिहैस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी श्याम कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मामले की जांच कर रही है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार आईपीएल में शान के अर्द्धशतक हिमांशु - युवराज की जादुई गेंदबाजी से गया टाइटंस सेमीफाइनल में, पटना किंग्स की रोमांचक जीत

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राजधानी पटना के जगजीवन स्टेडियम दानापुर में सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च के तत्वावधान में आयोजित बिहार इंस्टीट्यूट प्रीमियर लीग ( बिहार आईपीएल ) सीजन - 01 में अंडर - 17 आयु वर्ग के खेले गए पूल - ( बी ) के रोमांचक मुकाबला में किंग्स इलेवन पटना ने कटिहार नाइट राइडर्स को 2 विकेट से पराजित किया। जबकि दूसरा मुकाबला पूल-(ए) में गया टाइटंस और दरभंगा कैपिटल के बीच खेला गया जिसमें शान के शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत गया टाइटंस ने 6 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कल दिनांक 25 जून 2026 को लीग मुकाबला के अंतिम दिन पूल- (बी) ग्रुप में चंपारण सुपर किंग बनाम कटिहार नाइट राइडर के बीच सुबह 8:30 बजे से खेली जाएगी। जबकि पूल- (ए) ग्रुप में किंग्स इलेवन पटना बनाम राजगीर रॉयल्स के बीच 12:30 बजे से खेली जाएगी। पूल (ए) में खेले जाने वाली अंतिम लीग मुकाबला किंग्स इलेवन पटना और राजगीर रॉयल्स के लिए करो या मरो की स्थिति होगी इस ग्रुप में दोनों टीम एक-एक मैच जीतकर आमने-सामने भिड़ेगी । कल जो भी टीम जीत हासिल करेगी वो सीधे अपने पूल- ए में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला कांटे की टक्कर की होगी। आज खेले गए किंग्स इलेवन पटना और कटिहार नाइट राइडर्स के बीच पहले मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन के 40 रन की उपयोगी पारी के सहारे 129 रन पर किंग्स इलेवन पटना के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। किंग्स के गेंदबाज गोलू, सरवन, राजीव और कप्तान उत्कर्ष ने तीन गेंद में केवल दो रन खर्च कर दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स इलेवन पटना ने 17.4 ओवरों में 8 विकेट खोकर राजीव कुमार के 39 रन, प्रत्युष और विशेष के 21-21 रनों की उपयोगी पारी के सहारे इस रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने की उम्मीद को कायम रखा। केकेआर के गेंदबाज हार्दिक कात्यायन ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जबकि कप्तान अमनदीप सिंह ने दो विकेट , देव और अमन ने एक-एक बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। वहीं आज खेले गए दूसरे मुकाबला में गया टाइटंस के गेंदबाज हिमांशु शेखर और युवराज ने दरभंगा कैपिटल के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी जाल में फंसाया और आपस में 3-3 विकेट बांटें जबकि शान ने दो विकेट और अंकुश ने एक बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर पूरी टीम को 19 ओवर में 108 रन पर ढेर कर दिया। दरभंगा कैपिटल के बल्लेबाज अभिनव राज ने 37 रनों की और आशीष ने 19 रनों का योगदान दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया टाइटंस के सलामी बल्लेबाज और हरफनमौला खिलाड़ी शान कुमार ने 6 चौका और 3 गगनचुंबी छक्के जड़ते हुए नाबाद 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि सलामी बल्लेबाज क्रिस ने 29 रन बनाकर पेवेलियन लौटें और ओम साहिल ने तीन चौके के सहारे 15 रनों की नाबाद पारी खेलकर 12.01 ओवर में टीम को 6 विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। दरभंगा कैपिटल के गेंदबाज मोहम्मद अली ने सर्वाधिक तीन बल्लेबाजों को अपने फिरकी जाल में फसाया जबकि मानव को एक सफलता हाथ लगी। इस जीत के साथ गया टाइटंस की टीम पूल-(ए) ग्रुप से रॉयल चैलेंजर बेगूसराय के बाद अब गया टाइटंस ने भी लगातार दो जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। गया टाइटंस के सलामी बल्लेबाज और हरफनमौला खिलाड़ी शान कुमार को नाबाद अर्धशतकीय प्रहार और दो विकेट हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। **अंडर -13 आयु वर्ग का सेमीफाइनल 26 जून को:-** अंडर -13 आयु वर्ग में पहला सेमीफाइनल मुकाबला प्रातः 8:30 बजे से पूल- (ए) में गया टाइटंस और राजगीर रॉयल्स के बीच खेली जाएगी। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दोपहर 12:30 बजे से पूल- (बी) में कटिहार नाइट राइडर्स और मुंगेर इंडियंस के बीच खेली जाएगी।

» अंडर -13 आयु वर्ग का सेमीफाइनल 26 जून को

## मखाना की उन्नत खेती व उद्यमिता पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**मधुबनी / बिहार**।क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र आरआर एस झंझारपुर द्वारा भगवतीपुर गांव में "मखाना उत्पादन एवं उद्यमिता विकास" विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 50 से अधिक किसानो ने भाग लिया।प्रशिक्षण में वैज्ञानिको ने किसानो को मखाना की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, कीट एवं रोग प्रबंधन, उत्पादन वृद्धि तथा मूल्य संवर्धन की जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार मंडल ने कीट-रोग नियंत्रण के उपाय बताए, जबकि तकनीकी पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने खेत व जलाशय प्रबंधन पर जानकारी दी। सूचना पदाधिकारी आशिष राय ने प्रसंस्करण, पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आय बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान मुरारी झा, भगवती मुखिया, परमेश्वर मुखिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। किसानो ने विशेषज्ञों से खेती संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण किसानो की आय बढ़ाने और मखाना उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में उपयोगी साबित हुआ।

## बंधन बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर बढ़ाई ब्याज दरें, अब मिलेगा 7.95 प्रतिशत तक का फायदा

नई सोच एक्सप्रेस

Bandhan Bank

**पटना**।बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर ब्याज दरों में 20 बेसिस पॉइंट्स (0.20 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद बैंक 2 साल से लेकर 3 साल से कम की अवधि वाली फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7.95 प्रतिशत तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को सबसे अधिक 7.95 प्रतिशत की ब्याज दर दे रहा है, जबकि इसी अवधि की फिक्स्ड डिपॉजिट पर अन्य ग्राहकों को 7.45 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 5 साल से कम की लंबी अवधि वाली एफडी पर भी 7.75 प्रतिशत की आकर्षक ब्याज दर दे रहा है। इसी अवधि के लिए अन्य ग्राहकों को 7.25% ब्याज मिलेगा, जो कि बैंकिंग इंडस्ट्री में सबसे बेहतरीन एफडी ब्याज दरों में से एक है। इसके अलावा, बंधन बैंक 5 लाख से अधिक और 10 लाख तक के सेविंग्स अकाउंट (बचत खाते) बैलेंस पर 6.5 प्रतिशत की ब्याज दर भी दे रहा है। बंधन बैंक के ग्राहक अपने घर या कार्यालय से ही रिटेल इंटरनेट बैंकिंग अथवा एमबंधन मोबाइल ऐप के माध्यम से एफडी बुक या निवेश कर सकते हैं। इस ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए ग्राहक कुछ ही मिनटों में तेज, आसान और बिना किसी परेशानी के एफडी बुक कर सकते हैं।

## पुलिस टीम पर हमले के मामले में दो गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



नई सोच एक्सप्रेस

**मधुबनी/ बिहार**।नगर थाना पुलिस पर हमला एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पुरानी बस स्टैंड निवासी अर्जुन मंडल एवं किशन राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर 22 जून की रात छापेमारी के दौरान दोनों आरोपितों एवं उनके परिजनों ने पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की, जिसमें नगर थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जांच के दौरान दोनों के शराब सेवन की भी पुष्टि हुई। नगर थाना में सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस टीम पर हमला तथा मद्य निषेध अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# जहानाबाद पुलिस ने 01 व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। मखदुमपुर थाना को सूचना मिली कि अक्षय कुमार जो अपने दोस्तों के साथ चोरी करता है मखदुमपुर रेलवे फाटक के पास किराये के मकान में हथियार रखे हुए है और अपने दोस्तों के साथ मिलकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु मखदुमपुर रेलवे फाटक के पास पहुँचा तो पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति घर से निकलकर भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम अक्षय कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता-मनोज प्रसाद, सा०-मकरपुर, थाना-मखदुमपुर,जिला-जहानाबाद बताया। भागने के संबंध में पूछे जाने पर स्पष्ट बात नहीं बताया। इसके कमरे की विधिवत् तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में दीवान पलंग के अंदर 01 पिस्टल, 01 मैगजीन, 06 जिंदा कारतुस, 01 विवो कंपनी का स्मार्ट मोबाईल एवं 13500.00 रूपया बरामद किया गया। जिसे विधिवत जब्त एवं गिरफ्तार किया गया। बरामद हथियार के संबंध में पूछताछ करने पर इनके द्वारा स्पष्ट बात नहीं बताया गया। पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर इनके सागर कुमार और मंटू कुमार उर्फ मंटू राज को भी छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। ये दोनों मखदुमपुर थाना कांड सं0-514/26, दिनांक-22.06.26 धारा-303(2) बी.एन.एस. के अभियुक्त है। उल्लेखनीय है कि तीनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर बंद घर में, चोरी की मोटरसाईकिल एवं बैटरी और चोरी के कई घटनाओं का अपराध स्वीकार किया है। इस संबंध में मखदुमपुर मामला दर्ज किया गया है। गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# इंस्पायर अवॉर्ड–मानक 2025 में देश में प्रथम आने पर मुजफ्फरपुर में सम्मान समारोह

नई सोच एक्सप्रेस




**मुजफ्फरपुर**।इंस्पायर अवॉर्ड–मानक 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि पर बुधवार को डायट रामबाग में सम्मान समारोह सह डिब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए एवं ईई) सुजीत कुमार दास और डायट की प्रभारी प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर इंस्पायर अवॉर्ड कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों, तकनीकी टीम के सदस्यों और सहयोगी कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा विभाग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। डिब्रीफिंग सत्र में कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए रणनीतियों पर चर्चा हुई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुजीत कुमार दास ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करना पूरे मुजफ्फरपुर और बिहार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों को दिया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रखंड स्तरीय नोडल शिक्षक, तकनीकी टीम के सदस्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



# आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बना इंडिया गठबंधन आज उद्देश्यहीन नजर आता है। आपसी समझ, समन्वय, और साझापन की भावना गहराने के बजाय उसमें आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना बढ़ी है। इंडिया एलायंस की बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे ने पूछा कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) जैसी ऑनलाइन परिघटना क्यों लोगों का ध्यान खींचने में सफल रही, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं कर पाया है? क्या इसलिए कि क्या लोगों का "हम में" भरोसा नहीं रहा? इक_I हुए 23 विपक्षी दलों के नेता इस सवाल पर गंभीरता से आत्म-निरीक्षण करते, तो लंबे अंतराल के बाद हुई गठबंधन की बैठक किसी अधिक सार्थक नतीजे पर पहुंच पाती। हकीकत यही है कि सर्व-सत्तावान होती गई भाजपा का मुकाबला करने के लिए तीन साल पहले बना ये गठबंधन आज उद्देश्यहीन हो गया नजर आता है। गुजरे वक्त के साथ आपसी समझ, समन्वय, और साझापन की भावना गहरी होने के बजाय गठबंधन में आपसी कड़वाहट और अविश्वास की भावना ज्यादा फैली हुई है। क्षेत्रीय दलों में कांग्रेस के व्यवहार को लेकर नाराजगी बढ़ी है और उसकी मंशा पर संदेह गहराया है। सोमवार की बैठक से ठीक पहले सीपीएम महासचिव एम.ए. बेबी ने सभी घटक दलों को पत्र लिखकर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ राहुल गांधी की आक्रामक भाषा पर अपनी नाराजगी जताई। उसके पहले तमिलनाडु में कांग्रेस के 'विश्वासघातÓ से 'आहतÓ डीएमके बैठक के बहिष्कार का एलान कर चुका था। उससे भी पहले कांग्रेस से नाराजगी के कारण आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से हटने का फैसला ले चुकी थी। सीजेपी परिघटना पर कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया हैंडल्स ने जिस तरह आक्रमण किया, उससे भी कई विपक्षी दल हैरत में पड़े। बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी दलों को सिविल सोसायटी के आंदोलनों की आलोचना करने के बजाय उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। जाहिरा तौर पर इस टिप्पणी का उपरोक्त संदर्भ ही था। तीन साल पहले गठबंधन की एक कमी यह बताई गई थी कि उसके पास ठोस नीति एवं कार्यक्रम एवं कार्यक्रम का अभाव है। अब जबकि दलों के बीच का मन-मुटाव जग-जाहिर है, तो वो मुद्दा पृष्ठभूमि में चला गया है। उनका आपसी अविश्वास मुख्य मुद्दा बन गया है। इस माहौल के कारण ही गठबंधन ने जो पांच सूत्री फैसले लिए, उन्हें महज खानापूरी समझा गया है।

# लखनऊ का 'लाक्षागृह': हादसा नहीं, व्यवस्था की विफलता का दहकता प्रमाण



आरती कुमारी

"आग केवल इमारतों को नहीं जलाती, वह व्यवस्थाओं की परतें भी खोल देती है।" लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग, जिसमें 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, केवल एक दुर्घटना नहीं है। यह उस प्रशासनिक उदासीनता, भ्रष्ट तंत्र और जवाबदेही के अभाव का परिणाम है, जो वर्षों से हमारे शहरों की नसों में जहर की तरह फैलता जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत के अधिकांश शहरों में विकास की चमक के पीछे सुरक्षा मानकों की अनदेखी का अंधेरा कितना गहरा है। आचार्य चाणक्य ने कहा था कि दूरदर्शी शासक वही होता है जो संकट आने से पहले उसकी आशंका को समझकर उपाय कर ले। लेकिन हमारे प्रशासनिक तंत्र की विडंबना यह है कि वह अक्सर हादसे के बाद जागता है। लखनऊ की यह घटना भी उसी प्रवृत्ति का परिणाम है। जिस इमारत में आग लगी, वह मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत थी, लेकिन समय के साथ उसे व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र में बदल दिया गया। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यह परिवर्तन प्रशासन की नजरों से कैसे बचा रहा?

**अवैध निर्माण और मिलीभगत का जाल**

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2014 में इस भवन का नक्शा आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत हुआ था। वर्ष 2016 में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई का आदेश भी दिया था, लेकिन कुछ ही समय बाद वह आदेश निरस्त कर दिया गया। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि व्यवस्था के भीतर गहरे बैठे भ्रष्टाचार और प्रभावशाली संरक्षण की ओर संकेत करता है। पिछले एक दशक में अनेक अधिकारी और इंजीनियर उस क्षेत्र में तैनात रहे, लेकिन किसी ने भी भवन के उपयोग में हुए बदलाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की। यह स्थिति बताती है कि अवैध निर्माण केवल बिल्डरों या भवन मालिकों की वजह से नहीं पनपते, बल्कि उन्हें प्रशासनिक संरक्षण भी प्राप्त होता है। यदि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता, तो शायद आज 15 परिवार अपने प्रियजनों को खोने के दर्द से नहीं गुजर रहे होते।

**हादसे के बाद सक्रियताः पुरानी कहानी**

भारत में लगभग हर बड़ी दुर्घटना के बाद एक परिचित दृश्य सामने आता है। प्रशासन अचानक सक्रिय हो जाता है, जांच समितियां गठित होती हैं, अधिकारियों को निलंबित किया जाता है और अवैध प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई शुरू हो जाती है। लखनऊ हादसे के बाद भी यही हुआ। विभिन्न शहरों में कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक भवनों की जांच शुरू हुई, कई संस्थानों को सील किया गया और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई। लेकिन सवाल यह है कि यह सतर्कता पहले क्यों नहीं दिखाई गई? यदि नियमित निरीक्षण और पारदर्शी निगरानी व्यवस्था पहले से लागू होती, तो शायद यह त्रासदी टाली जा सकती थी। एडमंड बर्क का कथन आज भी प्रासंगिक है कि "समय पर की गई सावधानी बाद के पश्चाताप से कहीं बेहतर होती है।" दुर्भाग्य से हमारी व्यवस्था अभी भी रोकथाम की बजाय प्रतिक्रिया आधारित कार्यप्रणाली पर निर्भर है।

**सुरक्षा मानकों की अनदेखी**

घटना के बाद सामने आए तथ्यों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बताया जा रहा है कि भवन में पर्याप्त आपातकालीन निकास नहीं था, अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था अपर्याप्त थी और सुरक्षा संबंधी कई आवश्यक मानकों का पालन नहीं किया गया था। यदि यह सच है, तो यह केवल भवन मालिक की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि उन सभी विभागों की विफलता है जिन्हें ऐसे संस्थानों की निगरानी करनी चाहिए थी। आज देश के अनेक शहरों में बेसमेंट में कोचिंग सेंटर, अस्पताल, गोदाम और दुकानें संचालित हो रही हैं। पार्किंग स्थलों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है और संकरी गलियों में बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। यह स्थिति केवल शहरी अव्यवस्था का संकेत नहीं, बल्कि भविष्य की संभावित त्रासदियों का आधार भी है।

**जवाबदेही का संकट**

इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न जवाबदेही का है। अक्सर दुर्घटनाओं के बाद छोटे कर्मचारियों या निचले स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई कर दी जाती है, जबकि निर्णय लेने वाले और निरीक्षण की जिम्मेदारी निभाने वाले वरिष्ठ अधिकारी जांच की परिधि से बाहर रह जाते हैं।

यदि किसी भवन को बिना सुरक्षा मानकों के संचालित होने दिया गया, तो इसकी जिम्मेदारी केवल भवन मालिक की नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री द्वारा फायर सेफ्टी ऑडिट के निर्देश स्वागतयोग्य हैं, लेकिन उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह प्रक्रिया कितनी पारदर्शी और निष्पक्ष होती है। यदि ऑडिट केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गया, तो इसका परिणाम भी पूर्व की तरह निराशाजनक ही होगा।

**राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़ने की जरूरत**

घटना के बाद राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। सत्ता पक्ष इसे पिछली सरकारों की नीतियों का परिणाम बता रहा है, जबकि विपक्ष वर्तमान प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है। लेकिन वास्तविकता यह है कि मृतकों के परिवारों के लिए राजनीतिक बहसों का कोई महत्व नहीं है। उनके लिए सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि उनके प्रियजन ऐसी व्यवस्था की भेंट क्यों चढ़े, जिसे उन्हें सुरक्षा देनी थी। दुर्घटनाएं राजनीति का विषय नहीं, बल्कि नीति और प्रशासन की परीक्षा होती हैं। यदि हर घटना को राजनीतिक लाभ-हानि के चश्मे से देखा जाएगा, तो सुधार की संभावनाएं कमजोर पड़ जाएंगी।

**अब क्या होना चाहिए?**

लखनऊ की यह त्रासदी केवल शोक व्यक्त करने का अवसर नहीं है, बल्कि व्यापक सुधार की मांग करती है। सबसे पहले, सभी कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, मॉल और व्यावसायिक भवनों का स्वतंत्र एवं तकनीकी फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाना चाहिए। दूसरा, भवन उपयोग में परिवर्तन की प्रत्येक प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सार्वजनिक बनाया जाना चाहिए ताकि नागरिक भी निगरानी कर सकें। तीसरा, अवैध निर्माणों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जानी चाहिए। साथ ही, ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए जिसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हुई मृत्यु को केवल प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि गंभीर दंडनीय अपराध माना जाए। जब तक जिम्मेदार अधिकारियों और भवन संचालकों को कठोर दंड का भय नहीं होगा, तब तक सुधार अधूरा रहेगा। लखनऊ की आग केवल एक भवन में नहीं लगी, उसने हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, शहरी नियोजन और जवाबदेही की पूरी संरचना को कटघरे में खड़ा कर दिया है। यह घटना हमें चेतावनी देती है कि यदि अवैध निर्माण, भ्रष्टाचार और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर अब भी कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो ऐसी त्रासदियां बार-बार दोहराई जाएंगी। समय आ गया है कि हम संवेदनाओं से आगे बढ़कर संरचनात्मक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठाएं। क्योंकि किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसकी ऊंची इमारतों से नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता से होती है। लखनऊ की यह त्रासदी इतिहास में केवल एक हादसे के रूप में नहीं, बल्कि व्यवस्था को जगाने वाली चेतावनी के रूप में दर्ज होनी चाहिए।

# शब्दों की मर्यादा ही नेतृत्व की है असली पहच




जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

मनुष्य को अन्य प्राणियों से अलग करने वाली सबसे बड़ी शक्ति उसकी वाणी है। शब्द केवल विचारों की अभिव्यक्ति नहीं होते हैं, बल्कि वे व्यक्तित्व का दर्पण, संस्कारों का परिचायक और समाज में व्यक्ति की विश्वसनीयता का आधार भी होते हैं। इतिहास गवाह है कि शब्दों ने युद्ध भी कराए हैं और शांति भी स्थापित की है। एक भाषण ने राष्ट्रों को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया है तो एक उकसावे भरे वक्तव्य ने लाखों लोगों को विनाश की आग में झोंक दिया है। कहा जाता है कि तलवार का घाव भर सकता है, लेकिन शब्दों का घाव अक्सर जीवन भर नहीं भरता। यही कारण है कि जिम्मेदार नेतृत्व की पहली शर्त जिम्मेदार भाषा मानी जाती है। विशेष रूप से जब कोई व्यक्ति किसी महाशक्ति का नेतृत्व कर रहा हो, तब उसके शब्द केवल व्यक्तिगत राय नहीं रह जाते, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति, कूटनीति और वैश्विक स्थिरता को प्रभावित करने वाले कारक बन जाते हैं। आज विश्व जिस उथल-पुथल, अविश्वास और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है, उसमें कई राजनीतिक नेताओं की भूमिका पर चर्चा होती है। इनमें सबसे चर्चित नाम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का है। उनके समर्थक उन्हें स्पष्टवादी और निर्भीक नेता बताते हैं, जबकि आलोचक उन्हें गैर-जिम्मेदार, अतिशयोक्तिपूर्ण और अक्सर तथ्यों से परे बयान देने वाला राजनेता मानते हैं। नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्त कर लेने का नाम नहीं है। नेतृत्व का अर्थ है विश्वास अर्जित करना। यह विश्वास व्यक्ति की नीतियों से जितना बनता है, उससे कहीं अधिक उसकी वाणी और व्यवहार से निर्मित होता है। जब कोई नेता बार-बार अपने ही कथनों से पलटता दिखाई देता है, जब उसके वक्तव्यों और वास्तविकताओं में बड़ा अंतर दिखाई देता है, तब उसकी विश्वसनीयता कमजोर होने लगती है। यही कारण है कि विश्व राजनीति में शब्दों का महत्व अत्यंत अधिक माना जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण लें। उनके भाषणों में दृढ़ता भी होती थी और मर्यादा भी। विरोधी भी उनकी भाषा की गरिमा का सम्मान करते थे। इसी प्रकार नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी और अब्राहम लिंकन जैसे नेताओं ने अपने शब्दों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य किया। इसके विपरीत जब भाषा में अहंकार, अतिशयोक्ति, असत्य या उकसावे का तत्व बढ़ जाता है, तब वह नेतृत्व को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। बड़बोलापन केवल एक व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है। जब यह किसी प्रभावशाली व्यक्ति में दिखाई देता है, तब यह सामाजिक और राजनीतिक संकट का कारण बन सकता है। बड़बोले व्यक्ति की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह हर विषय पर अंतिम सत्य बोलने का दावा करता है। उसे लगता है कि उसकी हर बात सही है और उसे किसी तथ्य, प्रमाण या विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है। राजनीति में यह प्रवृत्ति और भी खतरनाक हो जाती है क्योंकि लाखों लोग उस व्यक्ति की बातों को गंभीरता से लेते हैं। डोनाल्ड ट्रंप पर उनके आलोचक यही आरोप लगाते रहे हैं कि वे कई बार तथ्यों से अधिक भावनाओं और सनसनी को प्राथमिकता देते हैं। चुनावी सभाओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक उनके कई बयान विवाद का कारण बने हैं। समस्या केवल बयान देने की नहीं है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब उन बयानों के कारण देशों के बीच अविश्वास बढ़ने लगता है। आधुनिक राजनीति में प्रचार का महत्व बढ़ गया है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। अब एक बयान कुछ ही मिनटों में पूरी दुनिया तक पहुंच जाता है। लेकिन जब प्रचार सत्य से बड़ा हो जाए, तब लोकतंत्र के सामने संकट खड़ा हो जाता है। अमेरिका सहित कई देशों में यह बहस लंबे समय से चल रही है कि क्या राजनीतिक लाभ के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। ट्रंप के कार्यकाल में यह चर्चा विशेष रूप से तेज हुई थी। आलोचकों का कहना है कि जब कोई नेता बार-बार ऐसी बातें कहता है जिनकी पुष्टि नहीं हो पाती, तब धीरे-धीरे समाज में सत्य और असत्य का अंतर धुंधला होने लगता है। यह स्थिति केवल राजनीति के लिए नहीं बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक है। दुनिया में अमेरिका केवल एक देश नहीं है बल्कि एक महाशक्ति है। उसकी आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक शक्ति का प्रभाव लगभग हर महाद्वीप पर दिखाई देता है। इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति के शब्दों का महत्व किसी सामान्य राजनीतिक नेता से कहीं अधिक होता है।

जब अमेरिका का राष्ट्रपति किसी देश के बारे में टिप्पणी करता है, किसी युद्ध के बारे में बयान देता है या किसी समझौते को लेकर अपनी राय व्यक्त करता है, तो उसके परिणाम वैश्विक स्तर पर दिखाई देते हैं। यही कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपतियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शब्दों का चयन अत्यंत सावधानी से करें। मध्य पूर्व लंबे समय से वैश्विक राजनीति का सबसे संवेदनशील क्षेत्र रहा है। यहां किसी भी प्रकार की राजनीतिक या सैन्य हलचल का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव कोई नया विषय नहीं है। लेकिन जब दोनों पक्षों के नेताओं के बयान तीखे हो जाते हैं, तब स्थिति और जटिल हो जाती है। ईरान के नेताओं ने कई बार अमेरिकी नीतियों और धमकियों की आलोचना की है। दूसरी ओर अमेरिका भी ईरान पर विभिन्न आरोप लगाता रहा है। ऐसे माहौल में यदि कोई नेता उत्तेजक भाषा का प्रयोग करता है, तो कूटनीतिक समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। युद्ध अक्सर हथियारों से नहीं, शब्दों से शुरू होते हैं। अंतरराष्ट्रीय विवादों का समाधान युद्ध नहीं बल्कि संवाद है। यही कारण है कि जेनेवा, वियना और न्यूयॉर्क जैसे शहर वैश्विक कूटनीति के महत्वपूर्ण केंद्र माने जाते हैं। जब दो विरोधी पक्ष बातचीत की मेज पर बैठते हैं, तो दुनिया को उम्मीद होती है कि संघर्ष कम होगा और समाधान निकलेगा। लेकिन यदि किसी पक्ष की बयानबाजी ऐसी हो जो दूसरे पक्ष को अपमानजनक लगे, तो वार्ता प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। कूटनीति का मूल सिद्धांत यही है कि शब्दों का प्रयोग पुल बनाने के लिए किया जाए, दीवारें खड़ी करने के लिए नहीं। आम तौर पर माना जाता है कि बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति अधिक परिपक्व, संतुलित और धैर्यवान होता है। राजनीतिक जीवन में भी अनुभव को एक बड़ी पूंजी माना जाता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी देखने को मिलता है कि लंबे अनुभव के बावजूद व्यक्ति की भाषा में संयम नहीं आता है। यहीं से आलोचना शुरू होती है। जनता नेताओं से केवल निर्णय क्षमता की अपेक्षा नहीं करती है बल्कि नैतिक उदाहरण प्रस्तुत करने की भी अपेक्षा करती है।

# 25 जून पर ग्रहण, सत्ता का अहंकार और जनता का ऐतिहासिक प्रतिकार



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 केवल एक तिथि नहीं है, बल्कि वह एक ऐसी राजनीतिक घटना है जिसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या लोकतांत्रिक जनादेश प्राप्त कर लेने के बाद कोई सरकार स्वयं लोकतंत्र की मूल आत्मा को भी सीमित कर सकती है? क्या संविधान की रक्षा की शपथ लेने वाली सत्ता स्वयं संविधान की भावना के विरुद्ध जा सकती है? क्या जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनता की स्वतंत्रता को नियंत्रित कर सकती है? इन प्रश्नों का उत्तर खोजने के लिए भारतीय इतिहास को उस दौर में लौटना पड़ता है जब स्वतंत्र भारत ने लोकतंत्र की सबसे कठिन परीक्षा देखी थी। आपातकाल के आलोचक इसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हैं। उनके अनुसार यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि सत्ता को बचाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अभूतपूर्व नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास था। यही कारण है कि आज भी अनेक राजनीतिक दल, लोकतंत्र समर्थक चिंतक और नागरिक समाज के लोग 25 जून 1975 को "लोकतंत्र पर ग्रहण" तथा "लोकतंत्र की हत्या" के रूप में याद करते हैं। इस कहानी की शुरुआत अचानक नहीं हुई थी। इसके बीज कई वर्ष पहले बोए जा चुके थे। 1969 में कांग्रेस का विभाजन हुआ और उसके बाद सत्ता का केंद्रीकरण तेज़ी से बढ़ने लगा। धीरे-धीरे कांग्रेस संगठन की सामूहिक नेतृत्व व्यवस्था कमजोर होती गई और निर्णय लेने की शक्ति एक सीमित दायरे में केंद्रित होने लगी। 1971 के लोकसभा चुनाव में "गरीबी हटाओ" के नारे ने श्रीमती इंदिरा गांधी को अभूतपूर्व बहुमत दिलाया। 1971 के युद्ध और बांग्लादेश निर्माण के बाद उनकी लोकप्रियता चरम पर पहुँच गई। देश में ऐसा वातावरण बन गया कि विपक्ष लगभग अप्रासंगिक दिखाई देने लगा। लेकिन लोकतंत्र में लोकप्रियता स्थायी नहीं होती। 1973 और 1974 तक आते-आते आर्थिक संकट गहराने लगा। महंगाई बढ़ रही थी, बेरोजगारी बढ़ रही थी, भ्रष्टाचार के आरोप बढ़ रहे थे और जनता में असंतोष भी बढ़ रहा था। गुजरात में नव निर्माण आंदोलन हुआ। बिहार में छात्र आंदोलन शुरू हुआ। यही छात्र आंदोलन आगे चलकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" में बदल गया। जयप्रकाश नारायण भारतीय राजनीति का वह नाम थे जिनकी व्यक्तिगत ईमानदारी और नैतिक प्रतिष्ठा पर शायद ही कोई प्रश्न उठाता था। उन्होंने युवाओं को भ्रष्टाचार, कुशासन और राजनीतिक पतन के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया। बिहार आंदोलन धीरे-धीरे राष्ट्रीय आंदोलन बन गया। लाखों लोग सड़कों पर उतरने लगे। विपक्ष एक मंच पर आने लगा। सरकार पर दबाव बढ़ने लगा। इसी बीच 12 जून 1975 को भारतीय राजनीति में एक भूचाल आ गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने रायबरेली लोकसभा चुनाव मामले में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। न्यायालय ने चुनावी अनियमितताओं के आधार पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को निरस्त कर दिया। साथ ही उन्हें कुछ समय तक चुनाव लड़ने के अयोग्य भी घोषित किया गया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार था जब किसी सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री के चुनाव को न्यायालय ने रद्द कर दिया था। लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुसार अपेक्षा की जा रही थी कि प्रधानमंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ देंगी और अंतिम न्यायिक निर्णय की प्रतीक्षा करेंगी। लेकिन घटनाक्रम दूसरी दिशा में आगे बढ़ा। सर्वोच्च न्यायालय से उन्हें सीमित अंतरिम राहत मिली, परंतु राजनीतिक संकट समाप्त नहीं हुआ। विपक्ष ने इस्तीफे की मांग और तेज कर दी। जयप्रकाश नारायण ने दिल्ली की ऐतिहासिक रैली में जनता से लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। यहीं से भारतीय लोकतंत्र का सबसे विवादास्पद अध्याय शुरू हुआ। 25 जून 1975 की रात देश में आंतरिक आपातकाल घोषित कर दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 352 का उपयोग करते हुए यह कहा गया कि देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में है। आधी रात को राष्ट्रपति की स्वीकृति के साथ आपातकाल लागू हुआ और अगले ही कुछ घंटों में पूरे देश में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर लिया गया। मोरारजी देसाई गिरफ्तार हुए। अटल बिहारी वाजपेयी गिरफ्तार हुए। लालकृष्ण आडवाणी गिरफ्तार हुए। जॉर्ज फर्नांडिस गिरफ्तार हुए। चरण सिंह, नानाजी देशमुख तथा हजारों विपक्षी नेता और कार्यकर्ता जेल भेज दिए गए। मीसा (MISA) और डीआईआर (DIR) जैसे कानूनों का व्यापक उपयोग किया गया। मीसा अर्थात "मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट" सरकार को असाधारण शक्तियाँ देता था। इसके अंतर्गत किसी व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए लंबे समय तक हिरासत में रखा जा सकता था। हजारों लोग केवल इसलिए जेल भेज दिए गए क्योंकि वे सरकार के विरोधी माने जाते थे। लोकतंत्र में असहमति सामान्य होती है, लेकिन आपातकाल के दौरान असहमति को खतरे के रूप में देखा गया।

**इसके बाद प्रेस की बारी आई।** भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाने वाला प्रेस पहली बार इतने व्यापक नियंत्रण के अधीन आया। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू कर दी गई। किसी समाचार को प्रकाशित करने से पहले सरकारी अनुमति आवश्यक हो गई। सरकार की आलोचना लगभग असंभव बना दी गई। अनेक समाचार पत्रों के संपादकीय रोके गए। पत्रकारों को चेतावनी दी गई। कुछ समाचार पत्रों ने विरोध में अपने संपादकीय कॉलम खाली छोड़ दिए। आज की पीढ़ी शायद कल्पना भी न कर सके कि एक समय ऐसा था जब भारत में अखबारों को यह बताना पड़ता था कि वे क्या छापने वाले हैं और क्या नहीं। लेकिन केवल प्रेस ही निशाने पर नहीं था। नागरिक स्वतंत्रताएँ भी प्रभावित हुईं। मौलिक अधिकारों को प्रभावी रूप से स्थगित कर दिया गया। नागरिकों के लिए न्यायालय का दरवाजा भी सीमित हो गया। इसी संदर्भ में एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला मामला अत्यंत चर्चित हुआ। प्रश्न यह था कि यदि किसी व्यक्ति को अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया है तो क्या वह न्यायालय में चुनौती दे सकता है? उस समय सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत ने सरकार के पक्ष में निर्णय दिया। बाद के वर्षों में इस निर्णय की व्यापक आलोचना हुई और इसे भारतीय न्यायिक इतिहास की सबसे विवादास्पद घटनाओं में गिना गया। न्यायपालिका और कार्यपालिका के संबंधों को लेकर विवाद इससे पहले भी शुरू हो चुका था। 1973 में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीशों को दरकिनार कर न्यायमूर्ति ए.एन. रे को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वरिष्ठता की परंपरा तोड़ने को अनेक संवैधानिक विशेषज्ञों ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए चिंताजनक बताया। आलोचकों का आरोप था कि सरकार एक "अनुकूल न्यायपालिका" चाहती थी। आपातकाल के दौरान सत्ता के केंद्रीकरण का सिलसिला और आगे बढ़ा। 42वाँ संविधान संशोधन लाया गया, जिसे कई विशेषज्ञ "मिनी संविधान" भी कहते हैं। इस संशोधन के माध्यम से संसद और केंद्र सरकार की शक्तियों का विस्तार किया गया। आलोचकों ने इसे संविधान की मूल भावना को कमजोर करने वाला कदम बताया। यही नहीं, लोकसभा का कार्यकाल पाँच वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया गया। लोकतंत्र में जनता नियमित अंतराल पर सरकार का मूल्यांकन करती है। इसलिए कार्यकाल बढ़ाने के निर्णय को विपक्ष ने जनता से दूरी बनाने का प्रयास बताया। इस पूरे दौर में संजय गांधी का नाम भी प्रमुखता से सामने आया। यद्यपि वे सरकार में औपचारिक रूप से कोई बड़ा संवैधानिक पद नहीं रखते थे, फिर भी उनके प्रभाव की चर्चा व्यापक थी। उनका पाँच सूत्रीय कार्यक्रम और विशेष रूप से नसबंदी अभियान भारी विवाद का विषय बना। जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर अनेक स्थानों पर प्रशासनिक दबाव डाले जाने के आरोप लगे। ग्रामीण क्षेत्रों में भय का वातावरण बना। कई स्थानों पर लोगों ने प्रशासन से बचने के लिए गाँव छोड़ दिए। यह मुद्दा आम जनता के बीच गहरे असंतोष का कारण बना। आपातकाल के समर्थक तर्क देते रहे कि उस अवधि में प्रशासनिक अनुशासन बढ़ा, हड़तालें कम हुईं, सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता आई और विकास योजनाओं को गति मिली। लेकिन आलोचकों का प्रश्न था कि यदि अनुशासन की कीमत स्वतंत्रता हो, तो क्या वह स्वीकार्य है? यदि विकास की कीमत लोकतांत्रिक अधिकार हों, तो क्या वह स्थायी विकास कहा जा सकता है? लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ केवल व्यवस्था बनाए रखना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है नागरिक की गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सरकार की आलोचना का अधिकार और सत्ता पर जननियंत्रण। जब ये तत्व कमजोर होते हैं तो लोकतंत्र का बाहरी ढाँचा भले बना रहे, उसकी आत्मा आहत हो जाती है।

**लेकिन भारतीय लोकतंत्र की शक्ति उसकी जनता है।** जनवरी 1977 में अचानक चुनाव की घोषणा हुई। शायद यह विश्वास था कि सत्ता की पकड़ अब भी मजबूत है। लेकिन लोकतंत्र का अंतिम निर्णायक जनता होती है।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज किसी विशेष काम के प्रति आपकी बहुत अधिक मेहनत होगी तथा उसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। अगर प्रॉपर्टी से जुड़ा काम रुका है, तो उससे संबंधित फैसले लेने का उचित समय है। धार्मिक यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज अधिकारियों से वार्तालाप करते समय अपनी मान प्रतिष्ठा का विशेष ध्यान रखें। शुभ अंक- 1

**वृष राशि**: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज वित्तीय योजनाओं से जुड़े कामों पर ध्यान देंगे। आज आपको किसी काम में विशेष फायदा होने वाला है। आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। छात्रों को अपने किसी प्रतियोगिता संबंधी समस्या का आज समाधान मिलने से रिलैक्स फील होगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेगी। शुभ अंक- 7

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से किसी कार्य को लेकर चल रही योजनाएं कामयाब होगी। आज आपकी लगन और मेहनत आपको उचित परिणाम हासिल करवाएगी। आज आपका सहयोग परिवारजनों का हिम्मत और हौसला बढ़ाएगा। मोबाइल व ई-मेल द्वारा आज आपको शुभ समाचार मिलने की संभावना है। शुभ अंक- 6

**कर्क राशि**: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में जरूरत पड़ने पर भाइयों या नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा, उनकी सलाह से परेशानियों से निजात मिलेगी। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति से उलझने से बचना चाहिए। आज ऑफिस के माहौल में राजनीति जैसी स्थिति रहेगी। आपकी परेशानियों को हल करने में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। शुभ अंक- 3

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन भर कुछ ना कुछ नया करने के बारे सोचेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या के समय परिवार का सहयोग आपके लिए मददगार साबित होगा। आज किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती हैं। किसानों के लिए ये समय अनुकूल रहेगा, अच्छा धन लाभ होगा। **शुभ अंक- 8**

**कन्या राशि**: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप आत्मविश्वास और ऊर्जा द्वारा अपने अन्य कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। आज कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। साझेदारी के कार्यों में पारदर्शिता बनाकर रखना जरूरी है। ऑफिशियल डाक्यूमेंट्स संभालकर रखें। शुभ रंग- लाल

**तुला राशि**: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज अचानक किसी खास मित्र के साथ मुलाकात होगी, तथा किसी विशेष मुद्दे पर लाभदायक विचार-विमर्श होंगे। धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में भी कुछ समय लगाने से मानसिक ऊर्जा बनी रहेगी। आज घर परिवार के मामलों में अपनी उपस्थिति और सहयोग देना जरूरी है। आज किसी से वादा करने से पहले अपने सामर्थ्य का भी ध्यान रखें। शुभ अंक- 6

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में खुशखबरी मिलने से पूरा दिन खुशनुमा बीतेगा। प्रभावशाली तथा अनुभवी व्यक्ति के सानिध्य में समय बिताने का मौका मिलेगा। आज आपके व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। विशेष काम में चल रही समस्याएं आज दूर होंगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करने से बचें, अन्यथा आपका विरोध कर सकता है, बेहतर होगा कि अपने काम से ही मतलब रखें। शुभ अंक- 8

**धनु राशि**: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज घर में बदलाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो उस पर काम करने के लिए अच्छा समय है। कोशिश करने पर मनचाहा काम पूरा हो सकता है। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलने की पूरी संभावना है। अध्ययनरत युवाओं को पढ़ाई में उचित सफलता मिलेगी। आज व्यापार संबंधी फैसला जल्दबाजी में न लें। शुभ अंक- 9

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवरटाइम भी करना पड़ेगा। विवाहित जीवन मधुरता से परिपूर्ण रहेगा। घर के बड़े बुजुर्गों के अनुशासन व देखरेख से घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे। शुभ अंक- 2

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कोशिश और मेहनत से अच्छे नतीजे मिलने के योग हैं। आज किसी प्रशासनिक कार्य में राजनीतिक व्यक्ति की मदद भी मिल सकती हैं। व्यवसाय में आज आप कुछ नया करने का मन बनायेंगे। अगर आज अपने नए काम संबंधी योजनाएं बनाई है, तो उस पर काम करने के लिए समय अच्छा है। विरोधी आपके धैर्य को देखकर हार मानेंगे। शुभ अंक- 7

**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद सभी कार्य सहज रूप से पूरे हो जाएंगे। घर में आए मेहमानों के उचित आवभगत भी करेंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में भी आपकी रुचि बढ़ेगी। परिवार के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। शुभ अंक- 5

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गुलफाम मुजीबी के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

**रांची**।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गुलफाम मुजीबी के असामयिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे कांग्रेस परिवार और झारखंड की सामाजिक-राजनीतिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. मुजीबी जीवनभर कांग्रेस की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों, विशेषकर अल्पसंख्यक समाज की आवाज को बुलंद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. मुजीबी का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण था। वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बेहद लोकप्रिय थे और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान देने में विश्वास रखते थे। प्रदेश प्रभारी के. राजू ने भी डॉ. मुजीबी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, राजेश ठाकुर, डॉ. प्रदीप बलमुचू, डॉ. रामेश्वर उरांव, बंधु तिर्की, आलमगीर आलम, प्रदीप यादव सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### पीवीटीजी मतदाताओं को एसआईआर में नहीं होगी परेशानी

**पाकुड़**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान पीवीटीजी वर्ग के मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित पदाधिकारी पहले से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। संथाल परगना के दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन बुधवार को पाकुड़ जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के निर्माण, नोटिस जारी करने एवं सुनवाई से संबंधित कार्यों में ईआरओ और एईआरओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं को जोड़ने का भी प्रावधान है। ऐसे पात्र नागरिक, जो अभी तक मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं और 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे 30 जून से 29 जुलाई तक चलने वाले इन्यूमरेशन फेज तथा 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावे एवं आपत्ति अवधि के दौरान आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-6 जमा कर सकते हैं। बैठक में गोड्डा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा, पाकुड़ की जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज, साहिबगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी दीपक कुमार दुबे समेत तीनों जिलों के ईआरओ, एईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटना, यूपी के चालक व उपचालक घायल

**चौपारण (हजारीबाग)**। चोरदाहा-दनुआ घाटी के समीप सुबह करीब तीन बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी चालक तालीम खान और उपचालक मो. कैफ (दोनों के पिता सफीक अहमद) घायल हो गए। दुर्घटना उस वक्त हुई जब वाहन पटना की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौपारण भेजा गया। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, दनुआ घाटी के खतरनाक घुमाव और तेज रफ्तार के कारण यहाँ अक्सर हादसे होते रहते हैं। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कराया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से घाटी क्षेत्र में अतिरिक्त सड़क सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

### नशामुक्ति जागरूकता को लेकर स्कूली छात्रों ने निकाली रैली

**चौपारण (हजारीबाग)**।मानगढ़ स्थित अमोली अपूर्वा उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक मदन कुमार साव के नेतृत्व में नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। रैली में शामिल बच्चे "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" और "नशामुक्त समाज, स्वस्थ समाज" जैसे नारे लगाते हुए विभिन्न ग्रामीण मार्गों से गुजरे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मदन कुमार साव ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों को खोखला करता है, इसके खिलाफ बच्चों की यह पहल सराहनीय है। कार्यक्रम में मानगढ़ मुखिया सह विद्यालय अध्यक्ष अर्जुन पाण्डेय, शिक्षक कामदेव राणा, सचिंद्र पाण्डेय, सुबोध कुमार, राधे कुमार, और नवनीत कुमार सहित कई ग्रामीण व विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में सभी ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

### लंबित सड़क योजनाओं की निविदाओं के शीघ्र निस्तारण की मांग, सचिव ने 15 दिनों में कार्रवाई का दिया आश्वासन



**चतरा**।मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों से लंबित सड़क निर्माण योजनाओं की निविदाओं के शीघ्र निस्तारण को लेकर सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर आवश्यक चर्चा की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग एवं गिद्धौर प्रखंड की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति एवं कार्यान्वयन की मांग की गई।बैठक में बताया गया कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा स्थानीय लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। जिन प्रमुख सड़कों की चर्चा हुई उनमें लमटा से शिवराजपुर, परमातु कस्तूरबा विद्यालय से कटिया रोड, परमातु करमतर से टेढ़ीमहुवा, ओरी से कोच्ची तथा गिद्धौर प्रखंड में एनएच-चतरा मुख्य सड़क से बारिसाखी तक सड़क निर्माण योजनाएं शामिल हैं।ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लंबित निविदाओं के निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित निविदाओं का निष्पादन अगले 15 दिनों के भीतर करने का प्रयास किया जाएगा। इस आश्वासन से क्षेत्र के ग्रामीणों में सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद जगी है।

# मुख्यमंत्री ने 262 नव-चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में 262 नव-चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 151 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 29 वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक तथा 26 वित्त प्रबंधक शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास को गति देने और सभी क्षेत्रों में मानवबल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर नियुक्तियां कर रही है। उन्होंने नव-नियुक्त अधिकारियों से निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आम जनता को बेहतर सेवाएं देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना सरकार की प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना महामारी ने मजबूत स्वास्थ्य तंत्र, नवाचार और त्वरित निर्णय क्षमता की आवश्यकता को उजागर किया है। उन्होंने आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया, ताकि आपात स्थितियों में भी लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, विशेष सचिव नेहा अरोड़ा, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उप डाकघर इटखोरी में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से उठे सवाल, महिला ने लगाया 3.25 लाख जमा करने का आरोप

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी (चतरा)**।इटखोरी उप डाकघर में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था नहीं होने के कारण एक बड़ा विवाद सामने आया है। मयूरहंड प्रखंड के गोरिया गांव निवासी मधु देवी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने बचत की राशि 3 लाख 25 हजार रुपये फिक्स डिपॉजिट (एफडी) कराने के लिए उप डाकघर इटखोरी में जमा की थी, लेकिन डाकघर के कर्मियों द्वारा यह कहा जा रहा है कि उनके द्वारा केवल 2 लाख 25 हजार रुपये ही जमा किए गए थे। भुक्तभोगी मधु देवी ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ मेहनत से बचाई गई रकम को सुरक्षित निवेश करने के उद्देश्य से इटखोरी उप डाकघर पहुंची थीं। उनका कहना है कि उन्होंने पोस्ट ऑफिस कर्मियों को कुल 3 लाख 25 हजार रुपये दिए थे, लेकिन बाद में जमा राशि में एक लाख रुपये की कमी दिखाए जाने से वह हैरान और परेशान हैं। मधु देवी ने अपना बयान देते हुए कहा कि यदि उप डाकघर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगा होता तो पूरी घटना की सच्चाई सामने आ जाती। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं, उप डाकघर के संबंधित कर्मियों का कहना है कि उनके रिकॉर्ड के अनुसार मधु देवी द्वारा केवल 2 लाख 25 हजार रुपये ही जमा किए गए थे। ऐसे में दोनों पक्षों के दावों के बीच एक लाख रुपये के अंतर को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों, विशेषकर बैंक और डाकघरों में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में साक्ष्य उपलब्ध हो सके और आम लोगों का विश्वास बना रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर चतरा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा**।अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा जिले के विभिन्न क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में खेल प्रतियोगिताओं और भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को ओलंपिक मूल्यों, खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखंड (रांची) के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को ओलंपिक आंदोलन के गौरवशाली इतिहास, इसके आदर्शों और खेलों के सामाजिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने खिलाड़ियों को बताया कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी इनकी अहम भूमिका है।

**फुटबॉल और एथलेटिक्स में दिखाया दमः** ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष रूप से फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें जिले के उभरते खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और शॉल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जिले के उन स्थापित खिलाड़ियों का सम्मान रहा, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चतरा का नाम रोशन किया है। उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विभाग द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सम्मानित सीनियर खिलाड़ियों ने युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, कड़े अनुशासन और पूर्ण समर्पण से ही हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।समारोह को संबोधित करते हुए जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का संचार करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना को आत्मसात करने और आने वाले समय में जिले व राज्य का नाम वैश्विक पटल पर चमकाने का आह्वान किया। इस अवसर पर खेल विभाग के कई पदाधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय मेला संयोजक सचिंद्र वरियार ने बाबा मंदिर में की पूजा -अर्चना, एवं मंच की विशेष बैठक की गई



नई सोच एक्सप्रेस

**देवघर**।स्वदेशी स्वावलंबन को गति प्रदान करने हेतु स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय मेला संयोजक सचिंद्र वरियार एवं प्रांत संयोजक राजेश उपाध्याय का देवघर आगमन हुआ ।देवघर आगमन पर उन्होंने बाबा मंदिर जाकर बाबा बैधनाथ की पूजा -अर्चना की। ,तत्पश्चात मंच के जिला संयोजक संजय सिंह के आवास पर एक विशेष बैठक रखी गई ,बैठक में मंच में नए दायित्व देने, स्वदेशी संगठन का विस्तार करने एवं एवं स्वदेशी अभियान को गति प्रदान करने हेतु चर्चा की गई। सभी पदाधिकारीयों एवं मंच सदस्यों को दोपहर का भोजन कराया गया। मौके पर, श्री सचिंद्र बरियार ,राजेश उपाध्याय ,मंच प्रांत समन्वयक मनोज सिंह, जिला संयोजक संजय सिंह ,श्री प्रभाष गुप्ता ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक गौरी शंकर शर्मा, मधुसूदन मंडल, ममता गुप्ता, अमर सिंहा ,आशा झा , गिरीश सिंह ,माया केसरी ,महेश दुबे , मिथिलेश बाजपेई, संजीव सिंह, आर०के ०सिंह (जवाहर सिंह) बबलू मित्रा ,सौरभ बरियार ,दीप्ति बरियार ,रवि श्रीवास्तव, इत्यादि अनेको लोग मौजूद थे।

## भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त, युवाओं का भविष्य संकट में : विजय शंकर नायक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा है कि देश की शिक्षा और भर्ती व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक, भर्ती घोटालों और बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। विजय शंकर नायक ने बुधवार को जारी एक लेख में कहा कि वर्ष 2014 से अब तक देश में अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि नीट, नेट, रेलवे, पुलिस भर्ती और अन्य परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों से युवाओं का भरोसा व्यवस्था से उठ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर घोटाले के बाद पहले इनकार करती है और बाद में सीमित कार्रवाई का दिखावा करती है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक को संगठित अपराध की श्रेणी में लाकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि यूपीए सरकार ने शिक्षा को अधिकार बनाते हुए शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई), सर्व शिक्षा अभियान और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया था। वहीं वर्तमान सरकार के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण बढ़ा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच कठिन होती जा रही है। नायक ने मांग की कि पेपर लीक और भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच सर्वोच्च न्यायिक निगरानी में कराई जाए, शिक्षा पर सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर जीडीपी का छह प्रतिशत किया जाए तथा सभी रिक्त सरकारी पदों पर समयबद्ध नियुक्तियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि देश का युवा केवल निष्पक्ष अवसर और अपनी मेहनत का सम्मान चाहता है तथा सरकार को युवाओं के भविष्य की रक्षा के प्रति जवाबदेह होना होगा।

## GIS आधारित शहरी प्रबंधन प्रणाली की प्रगति की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत जुडको (JUIDCO) द्वारा संचालित GIS आधारित शहरी प्रबंधन प्रणाली परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि पायलट परियोजना के तहत रांची, धनबाद और गिरिडीह नगर निगमों का चयन किया गया है। इन क्षेत्रों में हवाई LiDAR सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि डिजिटल मैपिंग, GIS लेयर निर्माण और डेटा प्रोसेसिंग का कार्य जारी है। परियोजना के तहत जियो-टैगिंग आधारित संपत्ति सर्वेक्षण, शहरी परिसंपत्तियों की मैपिंग, जल निकायों की निगरानी तथा आधुनिक GIS डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल शहरी नियोजन को वैज्ञानिक आधार प्रदान करेगी तथा नगर निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगी। उन्होंने राजस्व सुदृढ़ीकरण, परिसंपत्ति प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए GIS प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पायलट परियोजना से प्राप्त अनुभवों का विश्लेषण कर राज्य के अन्य शहरी निकायों में भी इस प्रणाली के चरणबद्ध विस्तार की कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार, सूडा के निदेशक सूरज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# मुहर्रम को लेकर हजारीबाग डीसी एसपी ने किया जुलूस मार्ग मेला स्थल का निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह रेस है। बुधवार को उपायुक्त हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में मुहर्रम जुलूस मार्ग, कर्बला स्थल और मेला क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया। जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न संवेदनशील और प्रमुख रूटों का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें शामिल हैं । झंडा चौक, खिरगांव चौक और लोहसिंघना। मंडई कर्बला और पेलावल। छड़वा डैम स्थित मेला स्थल। तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश निरीक्षण के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुहर्रम के दौरान आम जनता की सुविधा के लिए निम्नलिखित व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं: **स्वास्थ्य व स्वच्छता**: आयोजन स्थलों पर मेडिकल कैंप, अस्थायी शौचालय और पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की व्यवस्था। तय किए गए ट्रैफिक रूट प्लान के अनुसार ही वाहनों का संचालन हो, ताकि जाम की स्थिति न बने। **सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील**: अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने आम नागरिकों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही, लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, डीएसपी सीसीआर, संबंधित थानों के थाना प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

## प्रेम प्रसंग में एक व्यक्ति की हत्या का आरोप, पीट-पीटकर मारने की आशंका

नई सोच एक्सप्रेस



**लावालौंग**।थाना क्षेत्र के बघमरी गांव में प्रेम प्रसंग से जुड़े एक सनसनीखेज मामले में 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय गंझु के रूप में हुई है। परिजनों ने बेलाटांड़ टोला के कुछ लोगों पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अजय गंझु रविवार रात अपने ही गांव के बेलाटांड़ टोला स्थित एक महिला के घर उससे मिलने गया था। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावरों ने उसे मृत समझकर बघमरी गांव की सीमा में फेंक दिया। बताया जाता है कि अजय किसी तरह वहां से उठकर अपने घर पहुंचा और अपनी पत्नी को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसने पानी पिया और घर में सो गया। सोमवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा तो परिजनों ने जाकर देखा, जहां वह मृत पाया गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बेलाटांड़ के कुछ लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अभी तक गांव की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। हालांकि पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्ध, बीमार और दिव्यांग कलाकारों को मिलेगी 4,000 मासिक पेंशन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर झारखंड सरकार ने राज्य के वृद्ध, गंभीर रूप से बीमार एवं स्थायी दिव्यांग कलाकारों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के लिए "मासिक निवृत्तिका (कलाकार पेंशन) योजना" को मंजूरी दी है। योजना के तहत पात्र कलाकारों को 4,000 प्रतिमाह पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से उनके आधार-संबद्ध बैंक खातों में दी जाएगी। कला, संस्कृति विभाग के निदेशक आसिफ एकराम ने बताया कि यह योजना उम्र, गंभीर बीमारी या दिव्यांगता के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे कलाकारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल कलाकारों के जीवनभर के योगदान के प्रति राज्य सरकार के सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। योजना का लाभ झारखंड के मूल निवासी वृद्ध, गंभीर रूप से बीमार और स्थायी दिव्यांग कलाकारों को मिलेगा। संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोककला, चित्रकला, मूर्तिकला सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े कलाकार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आयु, आय, निवास, आधार, बैंक खाता, कला क्षेत्र में उपलब्धियों के प्रमाण-पत्र तथा बीमारी या दिव्यांगता की स्थिति में संबंधित प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। विस्तृत दिशा-निर्देश और आवेदन पत्र www.jharkhandculture.com पर उपलब्ध हैं। आवेदन सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, रांची में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

### अस्पताल पहुंच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक पूर्णिमा साहू का जाना हालचाल



**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू का हालचाल जाना। उन्होंने विधायक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जानकारी के अनुसार, विधायक पूर्णिमा साहू की तबीयत सोमवार रात अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया। वर्तमान में उनका इलाज अस्पताल के सीसीयू में चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, विधायक की स्थिति पहले की तुलना में बेहतर है और चिकित्सकों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### पद्म भूषण सम्मान पर झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी



**जोरापोखर।** झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेता एवं दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के धनबाद महानगर और झरिया नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सम्मान के लिए हर्ष व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाबा शिबू सोरेन का यह सम्मान पूरे झारखंड, राज्य आंदोलन से जुड़े लाखों संघर्षशील कार्यकर्ताओं तथा जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हुए जनसंघर्षों का सम्मान है। उन्होंने झारखंड राज्य निर्माण में बाबा शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका संघर्षमय जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। मौके पर झामुमो धनबाद महानगर के उपाध्यक्ष मदन राम, झरिया नगर सचिव दिलीप महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष अवधेश यादव, उपाध्यक्ष जाहिद शेख समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गगनचुंबी निशानों के साथ छड़वा मुहर्रम मेले का आगाज

#### 13 गांवों के जुलूस ने दिखाया अद्भुत करतब



**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** मुहर्रम की आठवीं तारीख को ऐतिहासिक छड़वा मैदान में पारंपरिक उत्साह के साथ भव्य मुहर्रम मेले की शुरुआत हुई। बुधवार को क्षेत्र के 13 गांवों के अखाड़े अपने गगनचुंबी निशानों (झंडों) के साथ छड़वा मैदान पहुंचे, जहाँ सभी अखाड़ों का मिलान हुआ। दोपहर 12 बजे से ही खुटरा, सुलमी, हेदलाग, बलियंद, गदोखर वन व टू, पबरा, लुपूंग, पिचरी, रोमी, डाड़, सारूगाड़ु और नवादा गांव के जुलूस अपने-अपने अखाड़ों के साथ मैदान में दाखिल हुए। इस दौरान अकीदतमंदों ने लाठी, डंडे और पारंपरिक हथियारों के साथ हैरतअंगेज और अद्भुत खेल का प्रदर्शन किया। मेले में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन और छड़वा मुहर्रम कमिटी बेहद सक्रिय दिखी। प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता और पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को, उपाध्यक्ष बाबर अंसारी, सचिव कमालउद्दीन इराकी, अजमल अंसारी, कोषाध्यक्ष शेख इत्तेफाक और प्रवक्ता निसार खान सहित पूरी टीम मुस्तैद रही। इस ऐतिहासिक मिलान के दौरान संरक्षक अनवारूल हक, अंतू साव, विभिन्न अखाड़ाधारी सिराजुद्दीन, कलाम अंसारी, असलम खान आदि समाजसेवी राजा मोहम्मद, फिरोज खान सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग और हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर दारू थाना क्षेत्र में प्रशाशन ने किया फ्लैग मार्च

नई सोच एक्सप्रेस



**दारू (हजारीबाग)।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। मार्च के दौरान सुरक्षा बल टीजी गैस, हेलमेट और अन्य आधुनिक उपकरणों से लैस थे। इन क्षेत्रों का हुआ भ्रमण, समितियों से किया संपर्क प्रशासनिक टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील और प्रमुख इलाकों का दौरा किया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं जबरा, भटविघा और बासौबार हरली, क्वालू और झुमरा बाजार दारू बाजार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने सभी अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों से सीधा जनसंपर्क किया। दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार ने सभी क्षेत्र वासियों से त्योहार को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और अनुशासित माहौल में मनाने की अपील की। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। फिलहाल, क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा बल पूरी तरह अलर्ट पर हैं। किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर दें:

- शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील

कंट्रोल रूमः 8002529348, 8002529349

थाना प्रभारीः 9113130962

## गिद्धौर पुलिस ने 4 लाख की ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर पुलिस ने नशा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क पर गिद्धौर के बघमरी के समीप चलाए गए जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक को अवैध ब्राउन शुगर के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के दुवारी गांव निवासी रिजवान अंसारी , पिता- इरफान अंसारी के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से करीब 20 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और एक मोटोरोला कंपनी का स्मार्टफोन जब्त किया है। बरामद किए गए नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4 लाख आंकी जा रही है। गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि चतरा एसपी के निर्देश पर इलाके में गश्ती दल सक्रिय है। 23 जून की देर शाम पुलिस की टीम बघमरी के समीप नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ा उक्त युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर विपरीत दिशा में भागने का प्रयास करने लगा। जवानों ने फौरन घेराबंदी की और उसे कुछ ही दूरी पर खदेड़कर पकड़ लिया। इसके बाद अंचलाधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा को मौके पर बुलाया गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब युवक की तलाशी ली गई, तो उसकी जेब से सफेद कागज में लिपटा हुआ ब्राउन शुगर बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस (NDPS) एक्ट की धाराओं के तहत कांड संख्या 75/26 दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई विद्यानंद शर्मा और रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल फोन के कॉल डिटेल्स और व्हाट्सएप चैट को खंगाल रही है, ताकि चतरा और हजारीबाग के बड़े नशा माफियाओं के नाम सामने आ सकें।

## हजारीबाग स्वनिधि महोत्सव में 50 फुटपाथ विक्रेताओं को मिला 10 लाख का लोन; बैंक भी सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सफल 6 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर निगम सभागार में 'स्वनिधि महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मेयर अरविंद राणा, नगर उप आयुक्त ज्योति कुमार सिंह और विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।10 लाख रुपये के ऋण का वितरण और सम्मान महोत्सव के दौरान छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और सिलाई-कढ़ाई से जुड़ी महिलाओं सहित 50 से अधिक लाभुकों के बीच करीब 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। लाभुकों का प्रोत्साहनः समय पर लोन चुकाने वाले और बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुराने लाभुकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। योजना में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक , बैंक ऑफ इंडिया इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब नेशनल बैंक को नगर निगम द्वारा प्रशस्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर एक लोक कल्याण मेले का भी आयोजन किया गया, जिसके तहत विभिन्न वार्डों और बैंक शाखाओं में विशेष शिविर लगाकर नए लोगों को योजना से जोड़ने की पहल की गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी और फुटपाथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हुई है। इससे छोटे कारोबारियों को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। नगर निगम आगे भी पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए अभियान जारी रखेगा।" कार्यक्रम में नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता (सीओ), सीआरपी, बैंक प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में फुटपाथ विक्रेता मौजूद थे।

## इटखोरी की अंचलाधिकारी हुई सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**इटखोरी।** इटखोरी संकट मोचन सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने सीओ सविता सिंह को उनके कार्यालय कक्ष में उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रशासनिक दक्षता की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मान प्रदान किया हैं। इस मौके पर संकट मोचन सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य देव कुमार बाबू ने कहा कि सीओ कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रशासनिक दक्षता के साथ कार्य कर लोगों को न्याय दिलवाने के साथ-साथ भरोसे पर भी खरे उतरे हैं इन्होंने कई ऐसे सामाजिक कार्य किए हैं जिससे आम जनों को लाभ मिला है , संकट मोचन सेवा समिति ऐसे बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मान देने में कभी पीछे नहीं नहीं रहती है। सदस्यों ने सीओ से आग्रह किया है कि वे संकट मोचन सेवा समिति के द्वारा करोड़ों की लागत से करवाए जा रहे मंदिर निर्माण का अवलोकन कर अपना सुझाव दे। सीओ ने मंदिर आने की बात कहकर किए गए सम्मान के लिए आभार प्रकट किया । इस मौके पर देवकुमार बाबू , भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह , प्रेम बुक सेंटर के मालिक लखन राम चंद्रवंशी ,प्रतिष्ठित व्यवसाई इंद्रदेव प्रसाद केसरी ,वीरू गोप ,गोपाल सिंह, सूरज सोनी समेत अन्य उपस्थित थे ।

## रांची में अधिकारियों से मिले सांसद मनीष जायसवाल, सड़क एवं पेयजल योजनाओं में तेजी लाने की उठाई मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली के संसद भवन परिसर में आयोजित लोकसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक से लौटने के बाद बुधवार को रांची में झारखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सड़क निर्माण एवं पेयजल आपूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सांसद मनीष जायसवाल ने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से भेंट कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की कई लंबित सड़क परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने एनएच-33 हजारीबाग-चतरा पथ से हजारीबाग-बगोदर पथ (बाईपास फेज-2) निर्माण प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। साथ ही रामगढ़ के पटेल चौक से बोंगाबार तक लगभग 10 किलोमीटर सड़क को फोरलेन बनाने के प्रस्ताव को सीआरआईएफ योजना के तहत केंद्र सरकार को अनुशंसित करने का आग्रह किया । इसके अलावा नया मोड़ चौक से गिद्दी दामोदर पुल (हीरक रोड) तक जर्जर सड़क की मरम्मत तथा रामगढ़ जिले के कोठार चौक से गोला तक सड़क को फोरलेन में विकसित करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने विशेष वार्ता की। सांसद मनीष जायसवाल ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अबू इमरान से मुलाकात कर बरही-चौपारण जलापूर्ति योजना को शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी। उन्होंने हजारीबाग एवं रामगढ़ जिलों में जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कहा कि कई गांवों में अब तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं, जबकि अनेक स्थानों पर नियमित जलापूर्ति भी नहीं हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने विभागीय सचिव से योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत करने, बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने तथा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

## विदेशी नागरिक मतदाता बनने के हकदार नहीं : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

नई सोच एक्सप्रेस



**साहेबगंज/गोड्डा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। झारखंड में कानूनी अथवा अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के हकदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता संबंधी गलत घोषणा करना दंडनीय अपराध है। बुधवार को संथाल परगना दौरे के दूसरे दिन श्री रवि कुमार ने साहेबगंज के सीमावर्ती प्रखंड बरहरवा और गोड्डा के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल सुंदर पहाड़ी प्रखंड में बीएलए-2 प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ, डुप्लीकेट और रिफ्यूज टू साइन श्रेणी के मतदाताओं को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी विदेशी नागरिक ने झूठी घोषणा देकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया है तो यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को पारदर्शी और समावेशी बनाने में बीएलए-2 की भूमिका अहम है तथा बीएलओ और बीएलए-2 के समन्वय से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। एएसडीडी (Absent, Shifted, Duplicate, Death) सूची सभी मतदान केंद्रों, पंचायत भवनों और शहरी निकाय कार्यालयों में प्रकाशित की जाएगी तथा इसकी प्रति मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## खूंटी से रांची की ओर जैन मुनि का मंगल विहार, श्रद्धालुओं ने दी भावभीनी विदाई



नई सोच एक्सप्रेस

**खूंटी।** दिगंबर जैन समाज के पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 कौशल्य सागर जी महाराज का खूंटी से रांची की ओर भव्य मंगल विहार बुधवार को संपन्न हुआ। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के प्रभावक शिष्यों के विहार के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। मुनि संघ का विहार रांची, रामगढ़, हजारीबाग होते हुए कोडरमा तक प्रस्तावित है। विदाई अवसर पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से मुनि द्वय को भावभीनी विदाई दी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी, पांव पखारे और आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर में स्वागत के लिए लगाए गए आकर्षक फ्लैक्स और सजावट श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बने रहे। मंगल विहार कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समाज के उपाध्यक्ष श्रीपाल जैन, सचिव रमेश जैन, सह-सचिव प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष अरविंद जैन और महिला मंडल की अध्यक्ष मीना जैन सहित अनेक समाजसेवियों ने आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। मुनिश्री के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा और कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति तथा धार्मिक उत्साह का अनूठा उदाहरण बन गया।

## चौपारण के चतरा मोड़ पर 'मेडिकेयर दवाखाना' का उद्घाटन



नई सोच एक्सप्रेस

**चौपारण (हजारीबाग)।** स्थानीय चतरा मोड़ पर 'मेडिकेयर दवाखाना' का भव्य उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के पूर्व प्रभारी योगेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। अवसर पर जेएमएम नेता बीरेंद्र राणा, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, मुखिया जानकी यादव और भाजपा नेता विकास यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पूर्व प्रभारी योगेंद्र सिंह ने कहा कि इस दवाखाने के खुलने से स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। दुकान संचालक सत्यम कुमार गुप्ता ने बताया कि यहाँ सभी आवश्यक दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगी, जिससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए एक सराहनीय कदम बताया है।

## टंडवा एनटीपीसी से निकलने वाले फ्लाई ऐश की ढुलाई में भारी लापरवाही, गीली राख गिराते हाईवा

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।** टंडवा स्थित एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना से निकलने वाले फ्लाई ऐश (जहरीला राख) की ढुलाई में गंभीर अनियमितता और लापरवाही का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार राख परिवहन में लगे कई हाईवा वाहन नियमों की अनदेखी करते हुए खुले और असुरक्षित तरीके से गीली राख तथा जहरीले फ्लाई ऐश का परिवहन कर रहे हैं। परिवहन के दौरान टंडवा सिमरिया सड़कों पर राख गिरने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गीली राख सड़क पर फैलने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है, वहीं सूखने के बाद यही राख धूल बनकर हवा में फैलती है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों और पर्यावरण प्रदूषण का खतरा उत्पन्न हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले में सिंघाम सीओ के नाम से चर्चित गौरव कुमार ने कार्रवाई करते हुए पब्लिक सड़क पर गीली राख गिराते पकड़े गए हाईवा वाहन को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फ्लाई ऐश परिवहन में निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ वाहन चालक राख को निर्धारित स्थल तक पहुंचाने के बजाय आबादी वाले क्षेत्रों और जंगलों में भी फेंक रहे हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर लगातार निगरानी रखने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने वाहन मालिकों और परिवहन एजेंसियों को चेतावनी दी है कि फ्लाई ऐश ढुलाई के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा ब्लैकलिस्टिंग के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गऊ सेवा भागवत सेवा



**कुरुक्षेत्र**।आज के समय मे जब इंसान इंसान की तरफ नहीं देखता तब बेजुबान की कौन बात करे! ईस तपती गर्मी मे श्री स्थाणु सेवा मंडल के सदस्य अनिल पोपली जी ने अपने भाई संजीव अरोड़ा के सहयोग से अपनी नेक कमाई मे से कुरुक्षेत्र की सनातन धर्म गऊ शाला मे एक ट्राली हरा चारा 25 किवंटल उपलब्ध कराया! अनिल पोपली जी सदा धर्म के कार्य मे लगे रहते है चाहे गर्मियों मे मीठे पानी पिलाना सनातन गौशाला प्रबंधक रोहताश ने अनिल पोपली को सदा धर्म के कार्य करते रहने का आग्रह किया! ईस अवसर पर अनिल पोपली, रमेश सचदेवा, अजय बजाज, मोहित पोपली, केशव पोपली, सुरेंदर कौशिक, पायल, देवांशी, योगेश गौड़, उपस्थित रहे!

### मेनका गांधी के बयान पर जैन समाज में नाराजगी, सार्वजनिक माफी की उठी मांग

» पिच्छिका पर टिप्पणी को बताया अनुचित, समाजसेवी पंकज जैन ने जताया विरोध



**उत्तरप्रदेश**। आगरा के समाजसेवी पंकज जैन ने मेनका गांधी द्वारा दिगम्बर जैन संतों की पिच्छिका को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से देश-विदेश में रहने वाले जैन अनुयायियों के बीच गहरा रोष व्याप्त है। समाजसेवी पंकज जैन ने कहा कि दिगम्बर जैन मुनियों द्वारा धारण की जाने वाली पिच्छिका केवल एक धार्मिक वस्तु नहीं, बल्कि संयम, अहिंसा और तपस्या का प्रतीक है, जिसे जैन परंपरा में प्राचीन काल से सम्मानपूर्वक धारण किया जाता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त जानकारी के दिया गया ऐसा बयान न केवल अनुचित है, बल्कि इससे समाज की आस्थाओं को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने आगे कहा कि जैन धर्म और उसके संतों के प्रति देश के अनेक नेताओं ने समय-समय पर सम्मान व्यक्त किया है। ऐसे में धार्मिक परंपराओं पर आधारहीन टिप्पणी करना उचित नहीं है। पंकज जैन ने मांग की कि मेनका गांधी अपने बयान पर पुनर्विचार करते हुए जैन समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, ताकि समाज की भावनाओं का सम्मान बना रहे और अनुचित टिप्पणी विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हो सके।

### अभिनय से बनाई अलग पहचान, नई फिल्मों में नजर आएंगी आयुषी तिवारी



**मुंबई**। हिंदी और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती अभिनेत्री आयुषी तिवारी अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। हाल ही में उनकी हिंदी हॉरर फिल्म 'स्मृति' रिलीज़ हुई, जिसे दर्शकों ने सराहा। इससे पहले फिल्म 'हाय ज़िंदगी' में उनके अभिनय को भी खूब पसंद किया गया था। जल्द ही वह एक ऐतिहासिक बायोपिक और दो नए म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। भोजपुरी सिनेमा में आयुषी ने पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, अरविंद अकेला कल्लू सहित कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। उनकी फिल्म 'शेर सिंह' समेत कई फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। हिंदी फिल्मों में उन्होंने 'मर्डर प्लान', 'सस्पेंस', 'मैरिज डॉट कॉम' और 'ऑटो रोमांस इन मुंबई' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वहीं, दूरदर्शन के धारावाहिक 'कहीं देर न हो जाए' के अलावा कई लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में भी अपनी पहचान बनाई है। आयुषी का कहना है कि सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और धैर्य सबसे जरूरी हैं। वह नए कलाकारों को अपने हुनर को लगातार निखारने और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह देती हैं।

### नवका टोला के समीप भीषण सड़क हादसा, चार की मौत, चार घायल



**मोतिहारी**। बेतिया मोतिहारी एनएच-28बी पर फुलवरिया पंचायत के नवका टोला गांव के समीप मंगलवार को पिकअप और टेंपो की आमने-सामने हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो मोतिहारी से बेतिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान बेतिया की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतकों में लगभग 7 वर्षीय एक बालक भी शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. रिजवी द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया गया। हादसे में मृतकों की पहचान आशा खातून (22 वर्ष), पति बच्चा खाव, रुबीना खातून, पति शकील खाव, जायद खान (7 वर्ष), पिता शकील खाव, निवासी नया टोला इंदिरा चौक बेतिया तथा टेंपो चालक भैरव रावत, पिता शंकर रावत, निवासी छगराहा थाना सुगौली के रूप में हुई है। घायलों में बेतिया के तीनलालटेन चौक निवासी शंकर कुमार शर्मा (पिता- मैनेजर शर्मा), नया टोला बेतिया निवासी मनत परवीन (पिता- शकील खान), रेफर परवीन (पिता- अफरीज खान) तथा केसरिया निवासी चांद खान (पिता- बसीर खान) शामिल बताए जा रहे हैं।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जेसीबी की मदद से सड़क किनारे हटवाया, ताकि यातायात बाधित न हो। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### टाटा एआईए ने लॉन्च किया 'मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड'

**पटना**। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने निवेशकों के लिए नया 'टाटा एआईए मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह यूलिप (ULIP) आधारित फंड जीवन बीमा सुरक्षा के साथ शेयर बाजार में निवेश का अवसर प्रदान करता है। कंपनी के अनुसार, यह फंड निफ्टी 500 की कंपनियों में से कम उतार-चढ़ाव, क्वालिटी, वैल्यू और मोमेंटम जैसे चार प्रमुख फैक्टर्स के आधार पर 50 मजबूत कंपनियों का चयन करता है। इसका उद्देश्य बाजार की अस्थिरता के बीच निवेशकों को अपेक्षाकृत स्थिर और दीर्घकालिक रिटर्न उपलब्ध कराना है। फंड में 80 से 100 प्रतिशत तक निवेश इक्विटी में तथा 0 से 20 प्रतिशत तक नकद एवं मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में किया जाएगा। यह पूरी तरह नियम आधारित और डेटा-संचालित निवेश रणनीति पर आधारित है। कंपनी ने बताया कि इस फंड का न्यू फंड ऑफर (NFO) 23 से 30 जून 2026 तक खुला रहेगा। सभी यूनिट 30 जून को 10 प्रति यूनिट की नेट एसेट वैल्यू (NAV) पर जारी की जाएंगी। टाटा एआईए के अनुसार, यह फंड उन ग्राहकों के लिए उपयुक्त है जो दीर्घकालिक निवेश के साथ जीवन बीमा सुरक्षा भी चाहते हैं। हालांकि, कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह उच्च जोखिम श्रेणी का फंड है और निवेश से पहले जोखिम क्षमता का आकलन करना आवश्यक है।

# तप दीक्षा कल्याणक की भव्य धार्मिक क्रियाओं से गुंजायमान हुआ सरूरपुर कलां

नई सोच एक्सप्रेस



**बागपत, उत्तर प्रदेश**।जनपद बागपत के सरूरपुर कलां गांव में 21 जून से चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ के अंतर्गत बुधवार को तप दीक्षा कल्याणक का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आचार्य श्री विनिश्चयसागर जी मुनिराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। महोत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल से लेकर सायंकाल तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, जन्मकल्याणक पूजन, हवन, मंगल प्रवचन, विनायक यंत्र पूजन, महाराज नाभिराय दरबार, आदिकुमार पाणिग्रहण, संस्कार राज्य संचालन, षट्कर्म उपदेश, बाहमी-सुंदरी शिक्षा, नीलांजना नृत्य तथा लौकांतिक देवों द्वारा वैराग्य की अनुमोदना जैसे कार्यक्रम प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त भरत-बाहुबली को राज्य सौंपने की प्रस्तुति, धिक-दण्ड व्यवस्था, दीक्षावन की ओर पालकी प्रस्थान, दिगम्बर जैनेश्वरी दीक्षाएं, महाआरती, शास्त्र सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। मुख्य प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी नमन भैया ने बताया कि प्रतिष्ठित होने वाली प्रतिमाएं देश के विभिन्न राज्यों एवं तीर्थ क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी। इनमें सम्मेद शिखर, कर्नाटक, उड़ीसा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव जैन धर्म की संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। विधिनायक मूर्ति प्रदाता के रूप में असम के दिनहाटा एवं जागी रोड से पहुंचे सूरज देवी जैन, सुनील जैन, रीना देवी जैन, रितेश जैन, कोमल जैन, अभय जैन एवं प्राची जैन ने विशेष योगदान दिया। वहीं राजा सोम एवं राजा श्रेयांश बनने का सौभाग्य रघुवीर सिंह प्रेमचंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान, पंडित सुलभ, पंडित जयकुमार, पंचकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष नवीन जैन, महामंत्री प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, सह कोषाध्यक्ष विपिन जैन, उपमंत्री आशीष जैन सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, आशु जैन कॉस्मेटिक वाले, लकी जैन, तन्मय जैन, अनमोल जैन, गौरव जैन, सचिन जैन, विपिन जैन उर्फ बॉबी, मेघा जैन, पिंकी जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## विधान परिषद अध्यक्ष के पुस्तकालय में 465वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना



नई सोच एक्सप्रेस

**लखनऊ**।गायत्री ज्ञान मंदिर, इंदिरा नगर के विचार क्रांति ज्ञान यज्ञ अभियान के तहत उत्तर प्रदेश विधान परिषद अध्यक्ष कुँवर मानवेन्द्र सिंह के संदर्भ पुस्तकालय में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 79 खंडों वाले 465वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना की गई। यह साहित्य स्व. सुरेन्द्र सिंह की स्मृति में उनकी पुत्रवधू चारू सिंह एवं पुत्र अरुण सिंह द्वारा ज्ञानदान स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और कर्मचारियों को अखंड ज्योति पत्रिका भी वितरित की गई। कार्यक्रम में अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान मनुष्य को सत्कर्म और सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं विधान परिषद अध्यक्ष कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने ऋषि साहित्य को लोककल्याणकारी बताया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश सिंह, पी.के. रघुवंशी, डॉ. कुसुम मानसी द्विवेदी सहित विधान परिषद के अधिकारी एवं गायत्री परिवार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शिक्षाविद्,समाजसेवी, साहित्यकार प्रोफेसर मनोज कुमार कैन को गाडरवारा मध्यप्रदेश में किया गया अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान-2026 से सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**गाडरवारा,मध्यप्रदेश**।सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक,शैक्षणिक एवं पर्यावरण संस्था चेतना मध्यप्रदेश के तत्वाधान में 18वें वार्षिक अधिवेशन एवं अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान 2026 का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम गाडरवारा में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में पूरे भारतवर्ष के 16 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं पूर्व विधायक साधना स्थापक;वरिष्ठ समाजसेवी मिनेंद्र डागा; शिक्षाविद् अभिलाषा शर्मा एवं नवोदयन समिति नरसिंहपुर के संरक्षक हरीश कुमार कोरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ने की। इस भव्य और विराट आयोजन में दिल्ली के शिक्षाविद् समाजसेवी साहित्यकार प्रोफेसर मनोज कुमार कैन को उनकी कृति "संशय के कुछ दिन और अन्य एकांकी" के लिए "अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान 2026" से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर मनोज कुमार कैन पीजीडीएवी कॉलेज,दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है।प्रो. कैन निरंतर 25 साल से साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कर रहे हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा निरंतर सम्मानित होते रहते हैं।आप समाज की विभिन्न संस्थाओं में अनेक दायित्वों का निर्वाहन कर चुके हैं और वर्तमान में भी गुरु रविदास विश्व महापीठ दिल्ली प्रांत में संगठन महामंत्री के पद पर सेवाएं दे रहे हैं।आप शैक्षणिक जगत में एक चर्चित नाम है।

## सफाईकर्मी पर जानलेवा हमले से कर्मचारियों में आक्रोश, गिरफ्तारी तक करबला में कार्य बहिष्कार का ऐलान

नई सोच एक्सप्रेस




**आगरा**।मोहर्रम के मद्देनज़र करबला क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के दौरान एक सफाई कर्मचारी पर हुए जानलेवा हमले से नगर निगम कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि हमले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और मुकदमे में गंभीर धाराएं जोड़ने तक करबला क्षेत्र के सफाई कर्मचारी कार्य से विरत रहेंगे। जानकारी के अनुसार, मुगल रोड सुल्तानगंज पुलिया पर सफाई कार्य के दौरान धूल उड़ने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने सफाई कर्मचारी विनोद पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके दो दांत टूट गए। घटना के बाद घायल कर्मचारी को उपचार एवं शिकायत के लिए थाना न्यू आगरा ले जाया गया। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी ने आरोप लगाया कि यह घटना सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करती है तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को और मजबूत बनाती है। पुलिस ने केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य हमलावर अभी भी फरार हैं। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और गंभीर चोट पहुंचाने की धाराएं भी मुकदमे में जोड़ी जानी चाहिए। कर्मचारी नेताओं सुन्दर बाबू, चंचल, रोहित लवानिया, मनीष चौहान, शनि चौहान, मोहन गुलजार, हरीबाबू वाल्मीकि और रंजीत सिंह

» मोहर्रम विशेष सफाई अभियान के दौरान हुई घटना, कर्मचारियों ने कार्यवाही पर उठाए सवाल

» सफाई कर्मचारियों ने कहा-किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन की होगी

नरवार सहित अन्य ने घोषणा की कि मांगें पूरी न होने तक क्षेत्र में सफाई कार्य बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन की होगी।

# काशी की बेटी प्रीति पटेल ने कजाकिस्तान में कुराश चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक,बढ़ाया देश का मान

नई सोच एक्सप्रेस




**वाराणसी**।वाराणसी (काशी) की होनहार खिलाड़ी प्रीति पटेल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और अपने गृह जनपद का नाम रोशन किया है | कजाकिस्तान के दुशांबे में आयोजित '15वीं अंतरराष्ट्रीय एशियन कुराश चैंपियनशिप' में प्रीति पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-48 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक (Bronze Medal) जीता है | विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार मौर्या के नेतृत्व में काफ़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्यगणो ने प्रीति पटेल का बुके देकर और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया | **अभावों के बीच अखाड़े से अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफर**: वाराणसी के लोहता क्षेत्र के ग्राम मधुरापुर (भरथरा) की रहने वाली प्रीति पटेल की यह सफलता बेहद प्रेरणादायक है | प्रीति के पिता स्वर्गीय संतोष पटेल (पूर्व बीडीसी) का साया सिर से उठ जाने के बाद उनकी माता सरिता देवी ने कठिन परिस्थितियों का सामना किया | मां सरिता देवी स्थानीय बाजार में सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं और अपनी बेटियों के सपनों को उड़ान दे रही हैं | आर्थिक तंगहाली के बावजूद मां के अटूट सहयोग और प्रीति के कड़े संघर्ष ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है | **मिट्टी के अखाड़े से मिली सफलता की ट्रेनिंग**:वाराणसी कुराश संघ के सचिव व संजोई अखाड़ा के मुख्य कोच अजीत पाल ने प्रीति की इस

» विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार मौर्या ने किया सम्मान

ऐतिहासिक सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है | कोच अजीत पाल ने बताया कि प्रीति ने संजोई गांव के मिट्टी के अखाड़े से कुराश खेल की बारीकियां सीखनी शुरू की थीं | अपनी लगन और कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने न केवल भारतीय टीम में जगह बनाई, बल्कि एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है | **खेल प्रेमियों में खुशी की लहर**:प्रीति पटेल की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर वाराणसी के खेल प्रेमियों,स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह है | कोच अजीत पाल और कुराश संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि काशी आगमन पर विजेता खिलाड़ी प्रीति पटेल का भव्य और जोरदार स्वागत किया गया है ||

## पीएम मोदी से मुलाकात पर भावुक हुए टीवीएफ संस्थापक अरुणाभ कुमार



नई सोच एक्सप्रेस

**मुंबई**।टीवीएफ (The Viral Fever) के संस्थापक अरुणाभ कुमार ने रिपब्लिक समिट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात को अपने लिए यादगार और भावुक क्षण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए कहा कि एक क्रिएटर के लिए इससे बड़ी खुशी नहीं हो सकती। अरुणाभ कुमार ने बताया कि समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लोकप्रिय वेब सीरीज 'पंचायत' के कलाकार अशोक पाठक, दुर्गेश कुमार और सुनीता राजवार से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने बातचीत में शो का एक चर्चित संवाद भी दोहराया, जिससे कलाकार आश्चर्यचकित और उत्साहित हो गए। उन्होंने 'पंचायत' की पूरी टीम, निर्देशक दीपक मिश्रा, लेखक चंदन कुमार, कलाकारों और प्राइम वीडियो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शो को देशभर के दर्शकों का अपार प्रेम मिला है। गौरतलब है कि 2020 में शुरू हुई 'पंचायत' ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक लोकप्रिय वेब सीरीज है, जिसने अपने चार सफल सीजन पूरे कर लिए हैं। इसकी सादगी, हास्य और भावनात्मक कहानी ने इसे देश के सबसे पसंदीदा शोज में शामिल कर दिया है। अब दर्शकों को इसके पांचवें सीजन का भी बेसब्री से इंतजार है। टीवीएफ ने हाल ही में अपने कई नए प्रोजेक्ट्स और लोकप्रिय शोज के आगामी सीजन की भी घोषणा की है, जिससे डिजिटल मनोरंजन जगत में उसकी मजबूत मौजूदगी और अधिक बढ़ी है।

# एईई सफ्लाई ने कल्याण बिगहा पीएसएस का किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।प्रखंड स्थित कल्याण बिगहा पावर सब स्टेशन (पीएसएस) का साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के सहायक विद्युत अभियंता (एईई) अमरेश कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। कनीय अभियंता (जेई) दीपक कुमार ने बिहारशरीफ ग्रामीण-1 सप्लाई के एईई निरिक्षण किया।बताया कि यह 33/11 केवी पावर सब स्टेशन पांच विभिन्न फीडरों – सबनहुआडीह, बराह, कल्याण बिगहा, तेलमर और कृषि – को बिजली आपूर्ति करता है। निरीक्षण के दौरान, एईई ने लोड की स्थिति, ब्रेकडाउन रजिस्टर, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और बकायेदारों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने पीक आवर में ट्रांसफार्मरों पर लोड की जांच की और गर्मी के मद्देनजर ओवरलोडिंग रोकने के निर्देश दिए। पिछले एक महीने में हुए फॉल्ट और उनके समाधान में लगे समय की समीक्षा की गई। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया गया। सब स्टेशन में कार्यरत कर्मियों के सेफ्टी शूज, हेलमेट, ग्लव्स और फायर फाइटिंग सिस्टम की उपलब्धता भी जांची गई। बड़े बकायेदारों की सूची तलब कर डिस्कनेक्शन अभियान तेज करने को कहा गया। एईई अमरेश कुमार ने कनीय अभियंता और मानव बल को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लो वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य 24x7 गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान करना है। उपभोक्ता अपनी शिकायतें टॉल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज करा सकते हैं।

# अयोध्या में भगवान मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**अयोध्या**।अयोध्या स्थित श्री ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर, बड़ी मूर्ति, रायगंज परिसर में भगवान मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में भाग लेने पटना के सैकड़ों श्रद्धालु अयोध्या गए। महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण, घटयात्रा एवं मंडप उद्घाटन के साथ हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक की विविध धार्मिक क्रियाएं भव्य रूप से संपन्न कराई गईं। जन्मकल्याणक अवसर पर भव्य शोभायात्रा रामपथ होते हुए तुलसी उद्यान तक निकाली गई तथा भगवान का जन्माभिषेक एवं बाललीला कार्यक्रम आयोजित किया गया। तप कल्याणक दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ ने महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने तीर्थ परिसर में नवनिर्मित द्वार एवं सिद्धपरमेष्ठी मंदिर का उद्घाटन किया तथा भगवान ऋषभदेव एवं अन्य तीर्थंकरों के योगदान को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ऋषभदेव इस धरती के प्रथम राजा थे तथा उनके पुत्र भरत के नाम पर देश का नाम भारत पड़ा। गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माताजी ने अपने प्रवचन में भारतीय संस्कृति, जैन दर्शन एवं तीर्थ विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में मोक्षकल्याणक, मस्तकाभिषेक, निर्वाण लाडू समर्पण एवं कलशारोहण के साथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सानंद सम्पन्न हुआ।

» पटना के सैकड़ों ने लिया धर्म लाभ

# पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला के साथ अन्य कला में बनाएं करियर



**आप पेटिंग या ड्राइंग के साथ अपना स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। पेटिंग डिपार्टमेंट से आप म्यूरल के लिए भी जा सकते हैं।**

बदलते समय के साथ लोगों की सोच भी बदल रही है, खास कर ऐसे माता- पिता की जो अपने बच्चों पर बचपन से ही डॉक्टर-इंजीनियर बनने का दबाव डालते और इसे ही करियर के लिए सबसे बेहतर मानते थे। आज के समय में करियर के कई विकल्प खुल गए हैं। अब सिर्फ कॉमर्स या साइंस जैसे स्ट्रीम ही करियर की संभावना नहीं रह गया है। यही कारण है की मां-बाप अपने बच्चों को पसंद के अनुसार अपना करियर बनाने का मौका दे रहे हैं। इस समय फैशन एक ऐसा क्षेत्र है जो युवाओं को खुलकर जीने का मौका दे रहा है, जिससे आज युवा बैचलर ऑफ फाइन आर्ट की तरफ आकर्षित हो रहे हैं और पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला के साथ अन्य कला में अपनी प्रतिभा निखारने के साथ अपना करियर बना रहे हैं।

## क्या है बैचलर ऑफ फाइन आर्ट

बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स का स्वरूप बहुत बड़ा है। इसमें छात्रों को नृत्य, चित्र, फोटोग्राफी, फिल्म, वास्तुकला, आदि की शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं, ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानों में बीएफए चार सालों का कोर्स होता है। शुरूआती सालों में आपको विजुअल आर्ट के सभी विषयों की जानकारी दी जाती है लेकिन अंतिम साल में आपको स्पेशलाइजेशन के रुप में एक विषय चुनना होता है।

## जरूरी स्किल

अगर आप इस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है तो आपको कला की अच्छी समझ होनीं चाहिए। इसके लिए आपमें कल्पनाशीलता और क्रिएटिविटी जैसी स्किल की बेसिक जानकारी जरूरी है। इसके अलावा थिंकिंग पावर और ड्राइंग, पेंटिंग, स्कैचिंग की अच्छी समझ होना जरूरी है। वहीं इस फील्ड के लिए आप नए- नए एक्सपेरिमेंट करते रहना जरूरी है, जिससे आपकी कला का और विकास हो सके। एक पेंटर के रूप में, एक उम्मीदवार विभिन्न कलाकृतियां बना सकता है जैसे कि वाटर कलर पेंटिंग, ऑइल पेंटिंग, इंक वॉश पेंटिंग, ऐक्रेलिक पेंटिंग, पेस्टल कलर पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग, एनकॉस्टिक पेंटिंग आदि। एक पेंटर आमतौर पर स्वतंत्र रूप से काम करता है या उसका प्रदर्शन करता है।

## करियर

यह एक ऐसा सेक्टर है जहां पर छात्रों को बीएफए कोर्स करने के बाद आसानी से जॉब मिल जाती है। आज कल बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में काफी बच्चों को दिलचस्पी होती है। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स एडवरटाइजिंग कम्पनीज, आर्ट स्टूडियोज, बाउटिकेस आदि जगहों पर जॉब कर सकते हैं। आज के समय में बैचलर ऑफ फाइन आर्टस का क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं अच्छी पेंटिग्स भी लाखों- करोड़ो रुपए में बिक रही हैं, जिससे कलाकारों को उसका पूरा फायदा भी मिल रहा है। अगर आप चाहें तो आप इसमें एमए करके रिसर्च के लिए जा सकते हैं और इसके बाद आप किसी प्राइवेट संस्थान या किसी सरकारी कॉलेज में पढ़ा सकते हैं। वैसे तो कोर्स पूरा होने के पहले ही अगर आपने मेहनत की तो आपको सफलता मिलनी शुरू हो जाती है, ज्यादातर को प्राइवेट संस्थानों में, घरों और ऑफिसों, सरकार की तरफ से दीवारों को सजाने या उनपर पेंट, पोर्ट्रेट बनाने जैसे काम मिलने शुरू हो जाते हैं। फ्रीलांस आर्टिस्ट के तौर पर भी आप कार्य कर सकते हैं।

## क्या होती है जॉब प्रोफाइल

एक पेंटर बनने के लिए आपको बीए इन ड्राइंग एंड पेंटिंग, बीएफए पेंटिंग, बीए इन पेंटिंग, बीए इन विजुअल आर्ट्स, बीएफए एप्लाइड आर्ट्स, एमएफए, एमए इन ड्राइंग एंड पेंटिंग, डिप्लोमा इन पेंटिंग का कोर्स करना पड़ेगा। जिसके बाद आप पेंटर, क्राफ्ट आर्टिस्ट, विजुअलाइजेशन प्रोफेशनल, इलेस्ट्रेटेर, डिजिटल डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, आर्ट प्रोफेशनल, आर्ट डायरेक्टर, आर्ट कंजरवेटरआर्ट, डनेपनउ, आर्ट रेस्टोरेशन स्पेसलिस्ट, मुरलिस्ट पेंटर, कॉमिक आर्टिस्ट, एंटीरियर डिजाइनर से जॉब प्रोफाइल पर कार्य कर सकते हैं।




# ऑपरेशन्स मैनेजमेंट में बनाएं करियर

**कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है।**

ऑपरेशन्स मैनेजमेंट आपके भविष्य के कॅरियर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संसाधनों के निवेश की एक लंबी प्रक्रिया है। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया विभिन्न अवधारणाओं को अपनाती है, जैसे- आत्म-जागरूकता, कॅरियर विकास योजना और करियर अन्वेषण, जीवन भर सीखने की क्षमता और नेटवर्किंग। कॅरियर में अर्ध-कुशल से लेकर कुशल और अर्ध पेशेवर से पेशेवर तक के सभी प्रकार के रोजगार शामिल हैं। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है। हालांकि, पूरी करियर प्रबंधन प्रक्रिया परिभाषित लक्ष्यों और उद्देश्यों की स्थापना पर ही आधारित होती है।

## मुख्य उद्देश्य

सामान्य शब्दों में परिचालन प्रबंधन किसी संगठन के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से एक कुशल तरीके से सामग्रियों और श्रम को वांछित वस्तुओं और सेवाओं में परिवर्तित करने से संबंधित है। यह उपलब्ध संसाधनों की खरीद और उपयोग करके उत्पादन को अधिकतम करता है, जिसमें कच्चे माल, उपकरण, प्रौद्योगिकी, सूचना और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। उत्पादन की प्रक्रिया की योजना, डिजाइनिंग, आयोजन, नियंत्रण और अनुकूलन के साथ इसका अधिक सम्बन्ध होता है। संचालन प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि एक इकाई कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक इनपुट को आउटपुट में कैसे बदल देती है। यह स्पष्ट है कि संचालन प्रबंधन डिलीवरी ओरिएंटेड होता है। हालांकि, संचालन प्रबंधन को लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के समान नहीं माना जाना चाहिए। संचालन प्रबंधन व्यापक है और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन इसका एक हिस्सा है।

## जॉब रोल्स

- सप्लाई चेन मैनेजर
- एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस मैनेजर
- प्लांट मैनेजर
- ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजर
- परचेस मैनेजर
- फैसिलिटी मैनेजर
- इन्वेंटरी कण्ट्रोल मैनेजर

## रोजगार के अवसर

एक ऑपरेशन मैनेजर के रूप में इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वालों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर होते हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में संचालन प्रबंधकों के लिए बहुत स्कोप है। कुछ शीर्ष क्षेत्र इस प्रकार हैं :

- स्वास्थ्य
- कॉर्पोरेट व्यवसाय
- बहुराष्ट्रीय कंपनियां
- हॉस्पिटैलिटी
- विनिर्माण और खुदरा
- बीमा क्षेत्र
- वित्तीय संस्थाए
- सूचना प्रौद्योगिकी
- ई-कॉमर्स
- वेयरहाउसिंग
- निर्माण
- सलाहकारी फर्में





# आज के समय में हाईटेक कार्य के रूप में जाना जाता है लाइब्रेरी साइंस का कोर्स

**स्कूल कॉलेज हों या फिर सरकारी व प्राइवेट संस्थान हर जगह डॉक्यूमेंट्स को संभालने व संरक्षण करने के लिए लाइब्रेरी का उपयोग होता है। इस लाइब्रेरी में किताबों की देखभाल करने वाले को लाइब्रेरियन कहा जाता है।**

अगर आपको भी किताबों से प्यार है और ज्ञान के भंडार के बीच अपना समय बीताना चाहते हैं, तो लाइग्ररियन बन सकते हैं, इसके लिए आपको लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करना पड़ेगा, जिसके बाद आप लाइब्रेरी अटेंडेंट, लाइब्रेरी असिस्टेंट, जूनियर लाइब्रेरियन और लाइब्रेरियन जैसे पदों पर रहकर अच्छा करियर बना सकते हैं।

## क्या है लाइब्रेरी सांइस का कोर्स

लाइब्रेरी साइंस का दायरा काफी बड़ा है, आज के समय यह एक हाईटेक कार्य के रूप में जाना जाता है। इसलिए इसमें करियर के अवसर भी काफी ज्यादा नजर आ रहे हैं। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट, कैटलॉग, बिबलियोग्राफी आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में अगर आप करियर बनाना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी होना जरूरी है। क्योंकि आजकल सारे डेटा और रिकॉर्ड कंप्यूटर पर ही रखे जाते हैं।

## लाइब्रेरी साइंस में कोर्स

अगर आप लाइब्रेरी साइंस में करियर बनाना चाहते हैं तो आप डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास होना चाहिए। वहीं बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आम मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। इसके बाद आप एमफिल या पीएचडी कर रिसर्च या टीचिंग के सेक्टर में भी जा सकते हैं।

## करियर स्कोप क्या है

लाइब्रेरी साइंस में इस समय जॉब्स की कमी नहीं है, लाइब्रेरी साइंस में ग्रेजुएट होने के बाद आप सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर में जॉब कर सकते हैं। जिस तरह से दिन- प्रतिदिन यूनिवर्सिटी और कॉलेज की संख्या बढ़ रहा है, ठीक उसी प्रकार इस सेक्टर में जॉब के अवसर भी बढ़ रहे हैं। आप किसी भी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, प्राइवेट संस्थान, प्राइवेट लाइब्रेरी, म्यूजियम आदि में लाइब्रेरियन के तौर पर काम कर सकते हैं। इसके अलावा न्यूजपेपर और न्यूज चैनल्स में भी लाइब्रेरियन की नियुक्ति की जाती हैं। अब तो कॉरपोरेट कंपनियों में भी लाइब्रेरी को प्रमोट किया जाता है, ऐसे में यहां पर भी अच्छी सैलेरी के साथ जॉब मिल सकती है। अब जमाना डिजिटल हो चुका है, इसलिए अब ऑनलाइन लाइब्रेरी या कंप्यूटर लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी का चलन तेजी से बढ़ा है।

## करियर ऑप्शन क्या है

अब लाइब्रेरी साइंस काफी विकसित सेक्टर के रूप में जाना जाता है। जिसकी जरूरत हर जगह पर पड़ती है। जिसके कारण इस क्षेत्र में करियर के अनेक ऑप्शन हैं। आप कोर्स पूरा कर निम्न पदों पर रहकर करियर बना सकते हैं। जिसमें जूनियर लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन, लाइब्रेरियन, लाइब्रेरी अटेंडेंट, पुस्तकालय सहायक, शोधकर्ता व वैज्ञानिक, सलाहकार, तकनीकी सहायक, अभिलेख प्रबंधक, सूचना केंद्र का प्रमुख, वरिष्ठ सूचना विश्लेषक, कानून लाइब्रेरियन, इंडेक्सर, सूचना वास्तुकार, पुरालेखपाल शामिल है।

## कितनी मिलती है सैलरी

लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के बाद आप प्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रूपए कमा सकते हैं, इसके बाद जिस तरह से आपका अनुभ्व बढ़ेगा, उसी के अनुसार आपका पद और वेतन भी बढ़ेगा। वहीं अगर आपकी जॉब गवर्नमेंट सेक्टर में लग गया तो आप हर माह लाखों रुपए कमा सकते हैं।



# आईआईटी में एडमिशन दिलाएंगी ये टिप्स

देश में इंजीनियर बनने की चाह रखने वाले हर स्टूडेंट की चाहत होती है कि वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) से इंजीनियरिंग करे। आईआईटी में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स को जेईई मेन एवं जेईई एडवांस परीक्षा पास करनी होती है। यहां हम आपको तैयारी के लिए कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं।

## बनाएं स्टडी प्लान

सबसे पहले सिलेबस के अनुसार अपना स्टडी प्लान बनाएं। जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों के सिलेबस लगभग समान होते हैं।

## सेट करें वीकली और डेली टारगेट

स्टडी के लिए न्यूनतम घंटे तय करें। इसके साथ ही डेली या वीकली टारगेट सेट करें।

## एनसीईआरटी की लें मदद

बेसिक तैयारी के लिए एनसीईआरटी बुक्स बहुत अच्छी मानी जाती हैं। इस कारण 11वीं से ही इन बुक्स से तैयारी करें।

## क्लियर करें कॉन्सेप्ट

जेईई परीक्षा में आपके बेसिक्स की जांच होती है। पहले बेसिक कॉन्सेप्ट को समझें और इसके लिए थ्योरी पार्ट को पढ़ें।

## स्मार्ट स्टडी

हार्ड वर्क के साथ ही स्मार्ट वर्क करें। इसके लिए नोट्स बनाएं, इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स, फॉर्मूला, शॉर्टकट, रिएक्शन आदि के साथ स्मार्ट स्टडी करें।

## मॉक टेस्ट पेपर

अपनी स्पीड, लर्निंग एक्यूरेसी और टाइम मैनेजमेंट स्किल को परखने के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट पेपर सॉल्व करें।

## कर सकते हैं कोचिंग

टफ और डाउट वाले प्रश्नों को आसानी से समझने के लिए आप कोचिंग भी ज्वॉइन कर सकते हैं।



# पीसीएम का मतलब सिर्फ इंजीनियर बनना ही नहीं

**छात्रों के बीच एक आम धारणा है कि 12वीं में मैथ्य लेने का मतलब है इंजीनियरिंग करना और साइंस लेने का मतलब है डॉक्टर बनना, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर बच्चा सिर्फ इंजीनियर या डॉक्टर बनना चाहता है। कई बच्चे ऐसे भी हैं जो अलग फील्ड में जाना चाहते हैं।**

## बन सकते हैं पायलेट

अगर आप बचपन से उड़ते हुए प्लेन को देख कर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आप पायलट पाठ्यक्रम भी चुन सकते है। इसका कोर्स प्राइवेट कॉलेज भी करवाते है। हवाई यात्रा सस्ती होने के साथ, विमान उद्योग तेज गति उन्नति कर रहा है और वाणिज्यिक पायलटों की आवश्यकता भी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। यदि आप आकाश में उड़ना चाहते हैं और पायलट बनना कहते है तो यह कोर्स आपके लिए परफेक्ट है।

## मर्चेंट नेवी

यह कोर्स आज के समय में बेहतर ऑप्शंस है। इसमें आप मरीन इंजीनियरिंग, नॉटिकल साइंस, शिप मेंटेनेंस आदि कोर्स कर सकते हैं। यह देश में सबसे अधिक सैलरी देने वाले कोर्सेज में से एक है। इसमें आपको कई देशों का सफर करने का मौका मिलता है तथा देश की सेवा करने का भी मौका मिलता है। काफी युवा छात्र मर्चेंट नेवी को अपना करियर बनाते है यह छात्रों की एक मनपसंद फील्ड है।

## एनीमेशन का फील्ड

अगर आप क्रिएटिव हैं तो एनीमेशन के फील्ड में जा सकते हैं। 12वीं के बाद एनीमेशन की फील्ड में करियर बनाने का सपना काफी छात्रों का होता है। एनीमेशन की फील्ड काफी ज्यादा क्रिएटिव और मनोरंजक फील्ड है। इसमें छात्रों को कुछ नया करने को मिलता है। आज कल के समय में एनिमेटेड मूवीज, कार्टून्स काफी ज्यादा लोकप्रिय है ऐसे में एनीमेशन की फील्ड में बहुत कुछ कर दिखने का मौका है।

## वीडियो गेम

कोरोना के बाद वीडियो गेम उद्योग बूस्ट पर चल रहा है। भारत में आज कई इंटरनेशन व नेशनल कंपनियां इस फील्ड में काम कर रही हैं। इस फील्ड में आपको कंप्यूटर लैंग्वेज पढ़ाई जाएगी और ग्राफिक डिजाइनिंग के बारे सिखाया जाता है। इस फील्ड में भी बहुत ज्यादा क्रिएटिविटी की जरुरत है। इस फील्ड में वेतन भी बहुत अच्छा है तथा भविष्य भी बहुत बढ़िया है।

## एप डेवलपर

इस समय डिजिटल दुनिया में सब कुछ ऑनलाइन होता जा रहा है ऐसे में एप डेवलपर का भविष्य बहुत ही अच्छा है। आप एप डेवलपिंग का कोर्स ज्वाइन कर के अपना करियर इस फील्ड में बना सकते है। इसमें वेतन भी बहुत ज्यादा मिलता है। आजकल सभी लोग अपना व्यवसाय ऑनलाइन करते जा रहे है ऐसे में सभी अपना एप बनवाते है और अपने बिजनेस को या प्रोडक्ट तो प्रमोट करते है इसलिए यह भी एक बहुत अच्छा करियर ऑप्शन है।

## सॉफ्टवेयर डेवलपर

आज के समय में यहां सैकड़ों आईटी फर्म हैं और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। और ये आईटी फर्म एक बढ़िया 7 फिगर सैलरी देती है अपने सॉफ्टवेयर डेवलपर को। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल ये सभी कम्पनीज सॉफ्टवेयर डेवलपर हायर करती है और अच्छा वेतन देती है। आजकल तो सभी बैंक्स भी ऑनलाइन हो गए है और लगभग सभी ऑफिसेस भी अपना सॉफ्टवेयर डेवेलप करवाते है। ऐसे में ये एक ऐसा करियर है जिसमे कभी पीछे नहीं मुड़ना पड़ेगा। सभी आईटी फरम्स सॉफ्टवेयर डेवलपर को रखती है और अच्छा वेतन देती है।

## बीसीए भी है ऑप्शन

अगर आप 12 वीं के बाद करियर ऑप्शन देख रहे हैं तो आपके लिए बीसीए एक बढ़िया करियर ऑप्शन हो सकता है। अगर आपको कंप्यूटर में इंटरेस्ट है तो बीसीए आपके लिए बढ़िया चुनाव रहेगा। बीसीए करने के बाद आप किसी अच्छी आईटी कंपनी में जॉब कर सकते है और अगर आप बीसीए के बाद पोस्ट ग्रेजुएट एमसीए भी कर लेंगे तो कंप्यूटर की फील्ड में एक अच्छा करियर बना सकते है तथा उच्च वेतन की नौकरी भी मिल सकती है।




# मेरे गाने आज भी लोगों को याद, संगीत बना सबसे खूबसूरत पहचान : करिश्मा कपूर





म मनोरंजन की दुनिया में संगीत हमेशा से फिल्मों का अहम हिस्सा माना गया है। चाहे कहानी कितनी भी मजबूत क्यों न हो, अगर उसमें अच्छे गाने और संगीत जुड़ जाए, तो वह दर्शकों के बीच लंबे समय तक बना रहता है। इसको लेकर अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि उनके करियर की सबसे खूबसूरत पहचान वही गाने हैं, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं। करिश्मा कपूर इन दिनों डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 में जज के तौर पर नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया, इस शो में मुझे ऐसे अलग-अलग टैलेंट देखने को मिलते हैं, जो संगीत को अपने तरीके से पेश करते हैं। यह देखकर मुझे बेहद खुशी होती है कि आज के युवा सिर्फ गानों को सुनते ही नहीं बल्कि उन्हें अपनी भावनाओं और डांस के जरिए एक नई कहानी में बदल भी देते हैं। यह बदलाव मुझे काफी प्रेरणादायक लगता है। करिश्मा कपूर ने कहा, मेरे लिए संगीत हमेशा से यादों, भावनाओं और एक खास जादू से जुड़ा रहा है। जब भी मैं इंडियाज बेस्ट डांसर 5 के सेट पर जाती हूं, तो यहां की परफॉर्मेंस देखकर मुझे अपने पुराने दिनों की याद आ जाती है। मुझे लगता है कि संगीत एक ऐसी चीज है जो हर व्यक्ति को किसी न किसी पल, भावना या समय से जोड़ देती है। एक अच्छा गाना सिर्फ सुना नहीं जाता, बल्कि महसूस किया जाता है और वह सीधे दिल तक पहुंचता है। उन्होंने आगे कहा, मेरी फिल्मों की यात्रा में कई ऐसे गाने रहे हैं, जो आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। इन गानों ने न सिर्फ मुझे पहचान दी, बल्कि दर्शकों के दिलों में खास जगह भी दिलाई। एक कलाकार के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि होती है कि उसके काम को लोग सालों बाद भी याद रखें और उससे जुड़ाव महसूस करें। संगीत की ताकत यही है कि वह किसी भी इंसान को तुरंत पुराने समय में ले जा सकता है और बीती हुई यादों को फिर से जीवंत कर देता है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, इंडियाज बेस्ट डांसर 5 में आने वाले प्रतिभागी जिस तरह से पुराने और नए गानों को मिलाकर परफॉर्म करते हैं, वह बेहद खास है। यह देखकर एहसास होता है कि संगीत की कोई सीमा नहीं होती और हर पीढ़ी इसे अपने तरीके से जीती है। करिश्मा कपूर ने दिल तो पागल है फिल्म के शूटिंग के दिनों को याद किया और बताया कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत ज्यादा रिहर्सल करनी पड़ी थी। इस दौरान उन्होंने डांस और परफॉर्मेंस की बारीकियों को और बेहतर तरीके से समझा।

# वेलकम टू द जंगल पर चली सेंसर की कैंची, काटे 18 सीन्स, मॉडिफिकेशन के बाद अक्षय की फिल्म को सीबीएफसी से मिली मंजूरी




अक्षय कुमार की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है. दर्शकों इस फिल्म को देखने के लिए काफी उत्सुक हैं. फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने सेंसरशिप की प्रक्रिया पूरी कर ली है. सेंसर बोर्ड ने फिल्म के 18 सीन्स काटे हैं, जिसमें बिकनी सीन भी शामिल हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, वेलकम टू द जंगल को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है. इसकी रनटाइम की बात करें तो फिल्म का रनटाइम 164.50 मिनट यानी 2 घंटे 44 मिनट है. इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मंजूरी मिलने से पहले 18 कट लगाने पड़े, जिसके कारण कई सीन्स में बदलाव किए गए. रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजनीतिक संवेदनशीलता और भद्दी भाषा को लेकर फिल्म से कई लाइनें बदली और हटाई गई हैं. फिल्म में कश्मीर का पानी का जिक्र करने वाला एक डायलॉग पूरी तरह हटा दिया गया, जबकि देश की टट्टी वाला फ्रेज भी हटा दिया गया. मिलिट्री से जुड़े शब्दों में बदलाव किए गए हैं. जैसे गोरखा रेजिमेंट को बदलकर आर्मी कर दिया गया और पूरी फ़िल्म में जनरल शब्द की जगह ऑफिसर या सर का इस्तेमाल किया गया. अजहरुद्दीन को बदलकर अलाउद्दीन कर दिया गया. सीबीएफसी ने बिकिनी वाले कामुक विजुअल्स और शरीर के हाव-भाव भी हटा दिए हैं. दिशा और जैकलीन वाले कामुक विज़ुअल्स को हटाते समय बोर्ड ने उन्हें खास तौर पर कामुक बताया है. महिलाओं के क्लोज-अप, गाने में मूवमेंट और अश्लील हाथों के इशारों की जगह विंदु दारा सिंह का क्लोज़-अप दिखाया गया. कुल मिलाकर 10 सेकंड का हिस्सा हटाया गया. वेलकम टू द जंगल को डायरेक्ट अहमद खान ने किया है. जबकि नीरज वोरा ने इसे लिखा है और बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप, केप ऑफ गुड फिल्म्स और सीता फिल्म्स के तहत फिरोज नाडियाडवाला, राकेश डांग और वेदांत विकास बाली द्वारा इसे निर्मित किया गया है. फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी, जैकी श्रॉफ और परेश रावल जैसे कलाकार शामिल हैं. यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# मां इंटी बंगारम बॉक्स ऑफिसः पहले वीकेंड छाई सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म, तीसरे दिन की बंपर कमाई





अ अभिनेत्री सामंथा की हालिया रिलीज फिल्म मां इंटी बंगारम ने बॉक्स ऑफिस पर अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तीसरे दिन शानदार शुरुआत की. रविवार को फिल्म ने 2,965 शो में भारत में 10.10 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे इसका ग्रॉस कलेक्शन 26.69 करोड़ रुपये और नेट कलेक्शन 23.10 करोड़ रुपये हो गया. विदेशों में, इसने तीसरे दिन 4.00 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जिससे इसका कुल ओवरसीज कलेक्शन 15.10 करोड़ रुपये और कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 41.79 करोड़ रुपये हो गया. फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में लगातार अच्छी कमाई दर्ज की. शुक्रवार को 2,658 शो में 31.9 फीसदी ऑक्यूपेंसी के साथ फिल्म ने भारत में 5.35 करोड़ रुपये का नेट लाभ कमाया. शनिवार को 2,591 शो में 44.6 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ फिल्म ने 7.63 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. रविवार को फिल्म ने भारत में अब तक का अपना सबसे अधिक दैनिक कलेक्शन 10.10 करोड़ रुपये दर्ज किया, जिसमें ऑक्यूपेंसी बढ़कर 53.4 प्रतिशत हो गई. पहले वीकेंड कुल मिलाकर भारत में नेट कलेक्शन 23.10 करोड़ रुपये और ग्रॉस कलेक्शन 26.69 करोड़ रुपये हो गया. विदेशों में ग्रॉस कलेक्शन 15.10 करोड़ रुपये रहा, जबकि वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 41.79 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. तेलुगु भाषा ने 2,341 शो में 61 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ 9.50 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जबकि तमिल ने 624 शो में 25 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ 0.60 लाख रुपये का योगदान दिया. रविवार को हैदराबाद में तेलुगु फिल्मों के सबसे अधिक 501 शो चले, जिनमें 79.3 प्रतिशत दर्शक मौजूद थे. इसके बाद बेंगलुरु में 326 शो और विशाखापत्तनम में 119 शो चले. इसी प्रकार, चेन्नई में तमिल फिल्मों के सबसे अधिक 121 2ष्ठ शो प्रसारित हुए, जिनमें 33.5 प्रतिशत दर्शक मौजूद थे. इसके बाद कोयंबटूर में 48 और सलेम में 29 शो चले हुए. मां इंटी बंगारम एक पारंपरिक परिवार की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म है और एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसका अतीत रहस्यमय है और जो समाज में ओहदा पाने के लिए संघर्ष करती है. जब उसके अतीत से खतरा फिर से उभरता है, तो उसे सच्चाई बताए बिना उस परिवार की रक्षा करनी पड़ती है, जो उस पर संदेह करता है. इस फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है और यह पटकथा लेखक और उनके पति राज निदिमोरू की रचना पर आधारित है. यह फिल्म 19 जून को रिलीज हुई थी. सहायक कलाकारों में दिगांथ, गुलशन देवैया, गौतमी, मंजुषा और श्रीमुखी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म खुशी के बाद सामंथा की तेलुगु सिनेमा में कमबैक का सबूत देती है.

# क्स ऑफिस पर 18वें दिन फिर बढ़ी 'पेद्दी की कमाई, 'मैं वापस आऊंगा ने उठाया वीकएंड का भरपूर फायदा



कॉ कॉकटेल 2 और मां इंटी बंगारम 19 जून को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। इन फिल्मों से पहले भी कुछ फिल्में हैं, जैसे- 'पेद्दी, 'है जवानी तो इश्क होना है, 'मैं वापस आऊंगा, जो सिनेमाघरों में लगी हुई है। राम चरण की पेद्दी तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसके कलेक्शन में तीसरे संडे को उछाल देखा जा रहा है. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक पेद्दी ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे संडे को 2.82 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ पेद्दी की 18 दिनों की कुल कमाई अब 234.27 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं 12 जून को कई फिल्में रिलीज हुई थीं इनमें इम्तियाज अली की 'मैं वापस आऊंगा ही दर्शकों का दिल जीत पाई. इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 12.25 करोड़ कमाए थे. इसके बाद 8 वें दिन इसका कलेक्शन 1.90 करोड रहा. वहीं 9वें दिन इसने कमाई में तेजी दिखाई और 4.35 करोड़ कमाए. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को 5.75 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 10 दिनों की कुल कमाई अब 24.25 करोड़ रुपये हो गई है. विक्रम भट्ट की हॉन्टेड 3डी ने बॉक्स ऑफिस पर पहले हफ्ते में 15.90 करोड़ कमाकर अपना बजट वसूल लिया था. वहीं दूसरे हफ्ते में एंट्री करने के बाद इसकी कमाई घटी है. इस फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन 50 लाख और 9वें दिन भी 50 लाख ही कमाई.अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक हॉन्टेड 3डी ने रिलीज के 10वें गिन 55 लाख रुपये कमाए हैं.इसी के साथ इस फिल्म की 10 दिनों की कुल कमाई अब 17.45 करोड़ हो गई है. इधर वरुण धवन की है जवानी तो इश्क होना है बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ चुकी है. रिलीज के 16वें दिन इसने 35 लाख रुपये कमाए थे.वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे संडे को 39 लाख रुपये कमाए थे.इसी के साथ इसकी भारत में 17 दिनों की कुल नेट कमाई अब 50.54 करोड़ रुपये हो गई है.

# घर की सफाई को आसान बना सकते हैं ये एसेंशियल ऑयल, ऐसे करें इस्तेमाल

## रोजमेरी का तेल

रोजमेरी का तेल एक आवश्यक तेल है, जो कीटाणुओं को मारने और ताजगी देने में मदद करता है। इसे आप रसोई के कटिंग बोर्ड आदि की सफाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि बैक्टीरिया नष्ट हों और बदबू दूर हो जाए। इन आवश्यक तेलों का उपयोग करके आप अपने घर को न केवल साफ-सुथरा रख सकते हैं बल्कि प्राकृतिक रूप से ताजगी भी दे सकते हैं। इनसे आपका घर खुशबूदार रहेगा और सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा।






घ घर की सफाई के लिए अक्सर हम महंगे और केमिकल युक्त क्लीनर का सहारा लेते हैं, जो न केवल महंगे होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे में कुछ आवश्यक तेलों का उपयोग करके घर की सफाई करना न केवल सस्ता हो सकता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहतर है। आइए जानते हैं कि किन-किन एसेंशियल ऑयल्स का उपयोग घर की सफाई के लिए किया जा सकता है।

**नींबू का तेलः** नींबू का तेल एक बहुत अच्छा आवश्यक तेल है, जो आपके घर को ताजगी भरा बना सकता है। इसे आप फर्श पर पोछा लगाने के लिए या दीवारों और फर्नीचर की सफाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा यह कीटाणुओं को भी नष्ट करता है और एक सुखद खुशबू छोड़ता है। नींबू के तेल को पानी में मिलाकर इस्तेमाल करने से सफाई भी बेहतर होती है और घर की हवा भी ताजगी भरी लगती है।

**लैवेंडर का तेल :** लैवेंडर का तेल न केवल घर को साफ रखता है बल्कि एक आरामदायक खुशबू भी देता है। इसे आप बाथरूम या रसोई में छिड़क सकते हैं ताकि कीटाणु खत्म हों और बदबू दूर हो जाए। इसके अलावा यह तेल आपके मन को शांत करता है और तनाव को दूर करता है। लैवेंडर के तेल का उपयोग करने से आपके घर का माहौल भी ताजगी भरा और आरामदायक बन जाता है, जिससे आप और आपका परिवार खुश रहते हैं।

**टी ट्री का तेलः** टी ट्री का तेल एक असरदार आवश्यक तेल है, जो बैक्टीरिया और फंगस को खत्म करने में मदद करता है। इसे आप अपने कपड़ों के धोने वाले पानी में डाल सकते हैं या फिर पानी में मिलाकर छिड़क सकते हैं। यह न केवल कपड़ों को साफ करता है बल्कि गंदगी और कीटाणुओं को भी नष्ट करता है। इसके अलावा यह आपके कपड़ों को ताजगी भरी खुशबू भी देता है, जिससे आपका धुलाई का अनुभव और भी बेहतर हो जाता है।

**पुदीना का तेल :** पुदीना का तेल एक ताजगी भरा आवश्यक तेल है, जो आपके घर की हवा को ताजगी भरी बना सकता है। इसे आप कचरा पेटी या फ्रिज में छिड़क सकते हैं ताकि बदबू दूर हो जाए। इसके अलावा इसे आप फर्श पर पोछा लगाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। पुदीना का तेल का उपयोग करने से आपके घर का माहौल भी ताजगी भरा और आरामदायक बन जाता है, जिससे आप और आपका परिवार खुश रहता है।

# 2027 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए राहुल हैं मोहम्मद कैफ की पहली पसंद

**एजेंसी, मुम्बई**



पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है 2027 एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए उनकी पहली पसंद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर केएल राहुल है। कैफ ने कहा कि युवा ईशान किशन भी अच्छे खिलाड़ी हैं और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी उन्हें पसंद करते हैं पर मेरा मानना है कि राहुल अनुभवी और परिपक्व हैं और एकदिवसीय प्रारुप में उनका रिकार्ड भी काफी अच्छा है। ऐसे में उन्हें टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जगह मिलना तय है। कैफ ने राहुल के पिछले कुछ साल के अच्छे प्रदर्शन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, एकदिवसय क्रिकेट में उनका 50 का औसत है। नंबर 5-6 पर आकर जिस तरह से उन्होंने कई मैचों में फिनिशर के तौर पर काम किया है और शानदार औसत के साथ बल्लेबाजी की है, वह सराहनीय है। कैफ ने कहा कि राहुल ने अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं, आलोचना झेली है, टीम से बाहर हुए हैं, ट्रोल हुए हैं, लेकिन इन सबसे उबरकर उन्होंने खुद को एक परिपक्व खिलाड़ी के रूप में साबित किया है। उनकी बहुमुखी प्रतिभा को बताते हुए कैफ ने कहा कि राहुल कई भूमिका एकसाथ निभा सकते हैं। किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, कप्तानी भी कर सकते हैं और बेहतरीन स्लिप फील्डर भी हैं, जो उन्हें टीम के लिए एक अमूल्य संपत्ति बनाता है। हालांकि, मोहम्मद कैफ ने यह भी माना कि भविष्य को देखते हुए ईशान की विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अहम दावेदारी है। उन्होंने कहा कि ईशान को फिलहाल जो मौके मिल रहे हैं, वे प्रयोगों का ही हिस्सा हैं। कैफ ने कहा , गंभीर ईशान किशन को बहुत पसंद करते हैं। जिससे उन्हें लाभ हो सकता है। कैफ ने कहा कि एक गंभीर ने कई मौकों पर ईशान का नाम लिया है और उनकी बल्लेबाजी शैली की प्रशंसा की है।

हालांकि अभी कैफ के अनुसार, नंबर 6 पर राहुल का स्थान सुरक्षित है और वही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे क्योंकि उन्होंने खुद को लगातार प्रदर्शन से साबित किया है। लेकिन कैफ ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जैसे ही राहुल की फॉर्म में गिरावट आएगी या उनके लिए बुरे दिन आएंगे, तो गौतम गंभीर के पसंदीदा होने के नाते ईशान किशन को टीम में जगह मिल सकती है।

## मेसी सहित तीन दिग्गजों के बीच 'गोल्डन बूट के लिए कड़ा मुकाबला

**एजेंसी, फिलाडेल्फिया** । अमेरिका, कनाडा और मैक्सको में जारी फीफा विश्वकप में जारी फीफा विश्वकप फुटबॉल में तीन स्टार खिलाड़ियों अर्जेंटीना के लियोनल मेसी, फ्रांस के किलियन एम्बापे और नार्वे के एर्लिंग हालैंड के बीच 'गोल्डन बूट अवार्ड के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है। हाल ही में हुए मैचों में इन तीनों दिग्गजों ने दो-दो गोल किये थे, जिससे मुकाबला और कड़ा हो गया है। डलास स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 2-0 की जीत में मेसी ने दोनों गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। इससे विश्वकप में उनके गोलों की संख्या रिकॉर्ड 18 तक पहुंच गयी है। ऐसे में मेसी अब तक टूर्नामेंट में पांच गोल के साथ सबसे आगे चल रहे हैं, जिससे गोल्डन बूट की रेस में उनकी दावेदारी और भी मजबूत हो गई है। वहीं फ्रांस के एम्बापे ने फिलाडेल्फिया में इराक के खिलाफ दो गोल कर अपनी टीम की 3-0 की



जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रकार अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे एम्बापे ने अब तीन विश्व कप टूर्नामेंटों में कुल 16 गोल कर गोल्डन बूट की दौड़ में अपने को बनाये हुए हैं। वहीं न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में हालैंड ने भी दो गोल दागकर नॉर्वे को सेनेगल पर 3-2 से जीत दिलाई, जिससे उनकी टीम ने राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। अपने पहले ही विश्वकप कप में खेल रहे 25 वर्षीय हालैंड ने अब तक दो मैचों में चार गोल किए हैं। वह गोल्डन बूट की दौड़ में 16 गोल कर एम्बापे के बराबर और मेसी से दो गोल पीछे हैं। नॉर्वे ने आखिरी बार 1998 में विश्व कप में हिस्सा लिया था, जो हालैंड के जन्म से दो साल पहले की बात है, ऐसे में इस युवा स्ट्राइकर का यह पहला विश्व कप अभियान है, जिसमें उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है और एक असली दावेदार के तौर पर उभरे हैं।जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है, गोल्डन बूट की यह व्यक्तिगत कड़ी होती जा रही है। मेसी अपनी अनुभव और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ, एम्बापे अपनी युवा ऊर्जा और रिकॉर्ड-बराबरी के साथ, और हालैंड अपने पहले विश्व कप में एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं।

## पांड्या के मुम्बई छोड़कर केकेआर या रॉयल्स जाने की संभावना

**एजेंसी, मुम्बई**



ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अब इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में मुमबई इंडियंस में नजर नहीं आयेंगे। हार्दिक के अगले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) या राजस्थान रॉयल्स से खेलने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर और रॉयल्स ट्रेड डील के जरिये पांड्या को अपने साथ जोड़ना चाहती हैं। मुम्बई को उनके संभावित ट्रेड के लिए कम से कम दो टीमों से प्रस्ताव मिले हैं। माना जा रहा है कि केकेआर प्रबंधन और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को को लेकर कई दौर की बातचीत भी हुई है। आईपीएल के 19 वें सत्र में पांड्या का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिस कारण मुम्बई भी अब उन्हें टीम में बनाये नहीं रखना चाहती। वहीं पिछले दो सत्र से खराब प्रदर्शन से परेशान केकेआर हार्दिक को अपनी टीम में लाने को लेकर सभी प्रयास कर रही है। वह उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी देना चाहती है। , इसका कारण है कि अभी टीम उपकप्तान रिंकू सिंह को कप्तानी के लिए सही नहीं मानती। अभी टीम की कप्तानी अजिंक्य रहाणे के पास है पर उनके रहते टीम का प्रदर्शन अच्छ नहीं रहा है। केकेआर रहाणे को टीम से रिलीज करना चाहती है। केकेआर के अधिकारियों ने पिछले सत्र में भी मुम्बई से संपर्क किया था, पर उस समय रिलायंस की वार्षिक आम बैठक के कारण फ्रैंचाइजी बात नहीं कर पायी थी।

## एशियाई खेलों में भारतीय गोल्फर कई पदक जीतेंगे : जीव मिल्खा सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**। अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह को उम्मीद है कि आगामी 19 सितंबर से शुरु हो रहे एशियाई खेलों में भारतीय गोल्फर बेहतर प्रदर्शन कर कई पदक जीतेंगे। जीव के अनुसार जापान में होने वाले इन खेलों में भारतीय गोल्फर अधिक से अधिक पदक जीतने में सफल रहेंगे। विशेष रूप से महिला टीम से उन्हें स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि सभी गोल्फर अपना अभ्यास जारी रखें। एशियाई खेलों में गोल्फ स्पर्धाएं 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएंगी। इसमें छह सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम भाग लेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय दल के पास पदक जीतने का बहुत अच्छा मौका है। महिला टीम बहुत मजबूत है। मुझे उम्मीद है कि वे स्वर्ण पदक जीतेंगी। लड़कों की टीम भी बहुत मजबूत है। उन्हें भ्री पदक मिलना चाहिए। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए यह भी जोड़ा कि अगर उनसे लड़कों और लड़कियों की टीमों की तुलना करने को कहा जाए, तो उन्हें लड़कियों की टीम अधिक बेहतर लगती है। भारतीय पुरुष गोल्फ टीम में युवराज संधू, वीर अहलावत और सप्तक तलवार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि महिला टीम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं अदिति अशोक, दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स जैसी बेहतरीन गोल्फर हैं।

## जिस मैदान पर रोहित ने अपना पहला मैच खेला, उसी से डेब्यू कर सकते हैं वैभव

**एजेंसी, बेलफास्ट**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने साल 2007 में 20 साल की उम्र में बेलफास्ट के जिस मैदान पर अपना पहला मैच खेला था संयोग से अब उभी मैदान पर 15 साल के वैभव सूर्यवंधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। उस डेब्यू मैच में हालांकि रोहित को बल्लेबाजी करने का मौका ही नहीं मिला और वह बिना कोई रन बनाए नाबाद लौटे। तब किसी को नहीं पता था कि रोहित भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान बनेंगे। अब उसी मैदान पर आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी उतरेंगे! जिस तरह रोहित ने छोटी उम्र में कदम रखा था, वैसे ही वैभव अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के बल पर टीम इंडिया की ओर से धमाकेदार शुरुआत चाहेंगे। भारतीय टीम आयरलैंड से अपना पहला टी20 26 जून को खेलेगी। सबसे दिलचस्प बात यह है कि उनका पदार्पण भी संभवतः उसी आयरलैंड की धरती, उसी बेलफास्ट के मैदान पर हो सकता है, जहाँ से रोहित ने अपने करियर की शुरुआत की थी। ऐसे में ये चर्चा जोरों पर है कि क्या वैभव भी रोहित की तरह आयरलैंड के खिलाफ उसी इतिहास को दोहराएंगे? प्रशंसक इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि यह सिर्फ एक डेब्यू नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य की एक नई झलक होगी। जिस मैदान पर कभी रोहित ने एक भी गेंद खेले बिना ही अपने कैरियर की शुरुआत करते हुए कई रिकार्ड बनाये।

# बिजनेस

## लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग की स्टॉक मार्केट में डिस्काउंट एंट्री, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंटीग्रेटेड इंजीनियरिंग सर्विस देने वाली कंपनी लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने कमजोर एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को झटका दे दिया। हालांकि लिस्टिंग के बाद हुई खरीदारी से शेयर की स्थिति में सुधार हुआ, जिससे कंपनी के आईपीओ निवेशक घाटे से उबर गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 23 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 4.35 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 22 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर कुछ देर में ही 23.10 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में अपर सर्किट लगने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशक 0.43 प्रतिशत के फायदे में आ गए। लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज का 88.51 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2.70 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 20.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 5.10 गुना सब्सक्रिप्शन आया था, जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 0.84 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 11.22 लाख शेयर जारी किए गए हैं। इनमें 27 करोड़ रुपये के 8.42 लाख नए शेयर और 7 करोड़ रुपये के 2.22 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी असेंबलिंग यूनिट लगाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 28 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 16.39 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में फिसल कर 16.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 14.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 105.38 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 162.88 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में घट कर 137.37 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 14.18 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 13.05 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 13.78 करोड़ रुपये और 2024-25 में 20.11 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़ कर 32.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया था।

## कच्चा तेल 2 मार्च के बाद पहली बार 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली** । स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान के अधिकारियों के बीच पहले दौर की बातचीत खत्म होने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 2 मार्च के बाद पहली बार 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को कारोबार के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव 1.33 डॉलर यानी 1.73 फीसदी की गिरावट के साथ 75.75 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। शुरुआती कारोबार में यह 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब था। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड अभी 1.23 डॉलर यानी 1.68 फीसदी की गिरावट के साथ 71.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई यह गिरावट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से यातायात सामान्य होने का असर है। यह गिरावट भू-राजनीतिक तनाव में कमी और अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक कोशिशों को लेकर उम्मीद को दिखाती है, जो भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए राहत की बात है।

## क्ले क्राफ्ट ने आईपीओ निवेशकों को किया खुश, लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बोन चाइना क्रॉकरी का उत्पादन करने वाली कंपनी क्ले क्राफ्ट इंडिया के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। हालांकि, लिस्टिंग के बाद हुई खरीदारी से कंपनी के आईपीओ निवेशक खुश हो गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 203 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 3.94 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 211 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयरों के भाव में तेजी का रुख बन गया। थोड़ी देर में ही ये शेयर 221.55 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों प्रति शेयर 18.55 रुपये यानी 9.14 प्रतिशत का फायदा हो गया। क्ले क्राफ्ट इंडिया का 110.11 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 103.06 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 119.19 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 153.95 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 71.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 54.24 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी एक नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। क्ले क्राफ्ट इंडिया की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को 20.76 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 27.01 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2024-25 में इसे 154.44 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 184.57 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी लगातार वृद्धि हुई।

## स्टॉक मार्केट में दीक्षा पॉलिमर्स की प्रीमियम एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पेट बॉटल और कंटेनर का उत्पादन करने वाली कंपनी दीक्षा पॉलिमर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। हालांकि लिस्टिंग के बाद हुई खरीदारी से कंपनी के आईपीओ निवेशक खुश हो गए। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 112 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 2.23 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 114.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयरों के भाव में तेजी का रुख बन गया। दोपहर 1:45 बजे तक कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 120.20 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 8.20 रुपये यानी 7.32 प्रतिशत के फायदे में रहे। दीक्षा पॉलिमर्स लिमिटेड का 17.90 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2.88 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.63 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.14 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

## सर्राफा बाजार में फीकी पड़ी सोने की चमक, चांदी के भाव में भी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 1,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं, चेन्नई में सोने के भाव में 400 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आई है। चांदी के भाव में भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## लियोटेक इंडस्ट्रीज ने निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हार्डवेयर स्ट्रक्चर और एसेसरीज का निर्माण करने वाली कंपनी लियोटेक इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 321 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 19.94 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 257 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर टूट 244.15 रुपये के लोअर सर्किटल लेवल तक गिर गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 76.85 रुपये यानी 23.94 प्रतिशत का नुकसान हो गया। लियोटेक इंडस्ट्रीज का 36.02 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.91 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 0.85 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.97 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।